ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● चैत्र शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 05 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-169 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

अभिनेत्री सिमरन कौर ने शेयर किया पटाया में ... पेज 10 पर



NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक छह अप्रैल को होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बैठक प्रोजेक्ट भवन (झारखंड मंत्रालय) स्थित कैबिनेट कक्ष में होगी। इसमें कई अहम फैसले लिए जायेंगे।

### वसुंधरा-गहलोत कोरोना पॉजिटिव

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। गहलोत और वसुंधरा ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। अशोक गहलोत ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में देशभर में कोविड के मामले बढ़े हैं। मैं स्वयं भी हल्के लक्षणों के साथ कोविड से संक्रमित हो गया हूं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अगले कुछ दिन निवास से ही कार्य जारी रखूंगा। आप सब सावधानी बरतें एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। पूर्व मुख्यंत्री वसुंधरा राजे भी संक्रमित हो गई हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि कोविड की जांच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। चिकित्सकों की सलाह पर मैं पूर्ण रूप से आइसोलेशन में हूं। जो लोग मेरे संपर्क में रहे, वे अपनी जांच करवाएं और सावधानी बरतें।

### झारखंड के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस अप्रैल के अंतिम सप्ताह से होगी शुरू

रांची। झारखंड के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अप्रैल के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आने से रांची से पटना की दूरी में करीब छह घंटे की कटौती होगी। साथ ही वंदे भारत ट्रेन टाटीसिलवे, बीआईटी मेसरा, बरकाकाना और हजारीबाग शहरों से होते हुए पटना और रांची को कवर करेगी और अन्य वंदे भारत ट्रेनों की तरह सप्ताह में छह दिन चलेगी। उम्मीद है कि पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रांची जंक्शन से सुबह 7:30 बजे छूटने और दोपहर दो बजे पटना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जो 350 किमी की दूरी को छह घंटे से कम समय में तय करती है। वापसी में सेमी-हाई स्पीड ट्रेन पटना से दोपहर साढ़े तीन बजे रवाना होगी और छह घंटे में दूरी तय कर रात साढ़े दस बजे रांची पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि यह राज्य की पहली वंदे भारत ट्रेन होगी। इसके लिए लोको पायलटों और चालक दल के सदस्यों को वंदे भारत ट्रेनें चलाने का प्रशिक्षण देना शुरू हो चुका है।

### सिक्किम के नाथू ला बॉर्डर इलाके में भारी हिमस्खलन, 6 की मौत

**एजेंसी। नाथू ला**

सिक्किम के नाथू ला में बॉर्डर इलाके में मंगलवार को भारी हिमस्खलन हुआ है। इस घटना में 6 पर्यटकों की मौत हो गई है और 11 घायल हुए हैं। करीब 80 पर्यटकों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। हिमस्खलन के बाद गंगटोक को नाथू ला से जोड़ने वाले 15वें मील जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर बचाव अभियान जारी है। बर्फ में फंसे 22 पर्यटकों को रेस्क्यू किया गया। उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 05 अप्रैल को संध्या 6:14 और सेहरी का समय 06 अप्रैल को सुबह 4:22 मिनट में

## झारखंड की तीन हॉकी खिलाड़ी भारतीय राष्ट्रीय कैंप के लिए आमंत्रित





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप साईं सेंटर, बेंगलुरु में 10 अप्रैल से 27 मई तक लगेगा। इसके लिए झारखंड की तीन महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। हॉकी इंडिया के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को पत्र लिखकर बताया है कि दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और काजल बाड़ा को राष्ट्रीय कैंप के लिए बुलाया गया है। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिले की हैं। महिमा टेटे सिमडेगा जिला सदर प्रखंड के बरकीछापर गांव की रहने वाली हैं। वह ओलंपियन सह एशिया महादेश की एथलीट एंबेसडर सलीमा टेटे की छोटी बहन हैं। दीपिका सोरेंग और काजल बाड़ा सिमडेगा की ही केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुडी की रहने वाली हैं। दीपिका और महिमा टेटे पूर्व में भी जूनियर भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। तीनों खिलाड़ियों के इंडिया कैंप में आमंत्रण पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्यार्णी मजूमदार, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## चीन कुछ भी करे अरुणाचल भारत का हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश पर अपने 'दावे' पर फिर से जोर देने के प्रयासों के तहत चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों का नाम बदलने के एक दिन बाद भारत सरकार ने मंगलवार को राज्य को देश का अविभाज्य हिस्सा बताते हुए चीन के इस कदम को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा: हमने ऐसी खबरें देखी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने इस तरह का प्रयास किया है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल भारत का अटूट भाग है। नाम बदलने का प्रयास इस वास्तविकता को नहीं बदलेगा। यह तीसरी बार है जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का 'नाम बदला' है, जिसे वह तिब्बत का दक्षिणी भाग जंगनान कहता है। चीन द्वारा जारी नामों की सूची में पांच पर्वत शिखर, दो भूमि क्षेत्र, दो आवासीय क्षेत्र और दो नदियां शामिल हैं। चीन ने इससे पहले 2018 और 2021 में इसी तरह की सूचियां जारी की थीं।

## कार्टूनिस्ट और कैरिकेचर कलाकार मनोज सिन्हा ने सीएम को उनकी तथा दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर भेंट की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कार्टूनिस्ट और कैरिकेचर कलाकार मनोज सिन्हा ने औपचारिक मुलाकात की । इस अवसर पर उन्होंने खुद से उकेरी गई दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री की तस्वीर उन्हें सप्रेम भेंट की।

# ग्रीन कार्डधारकों को मिलेगा चावल

### 4.62 लाख ग्रीन कार्डधारकों को मिलेगा 2.88 क्विंटल चावल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के 4.62 लाख ग्रीन कार्डधारकों को अप्रैल में एकमुश्त चार महीने का 2.88 क्विंटल चावल मिलेगा। राज्य सरकार ने सितंबर से दिसबंर 2022 के अनाज का आवंटन कर दिया है। राज्य के 25,462 डीलर चावल का वितरण करेंगे। झारखंड में सितंबर से ही ग्रीन कार्ड धारकों को खाद्यान्न नहीं मिल रहा था।





कालाबाजारी की शिकायत के बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कार्डधारकों की जांच करा रहा था। जांच में सैकड़ों फर्जी कार्डधारक पकड़े गए। अब राज्य में 4.62 लाख ग्रीन कार्डधारक बचे हैं। विभाग का कहना है कि अब कालाबाजारी रुकेगी। राज्य में सबसे अधिक 41,468 ग्रीन कार्ड धारक धनबाद और सबसे कम 5245 सिमडेगा में हैं। लातेहार के जिला आपूर्ति पदाधिकारी शेखर कुमार ने कहा कि जिस कंपनी को टेंडर मिला है, वह एक सप्ताह के भीतर सभी गोदाम में चावल उपलब्ध करा देगी। अप्रैल में सभी ग्रीन कार्ड धारकों को राशन मिल जाएगा। राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने पहली बार पांच-पांच किलो के पैकेट बनाए है। पैकेट हरे रंग का होगा। इसमें पांच किलो अनाज होगा। यह कार्डधारक परिवार के प्रत्येक सदस्य को दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू पुलिस व टीएसपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के हुलास गांव में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और गोली बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और इलाके में बड़ा सर्च अभियान शुरू किया गया है। पुलिस ने मौके से गोली के साथ-साथ नक्सल पर्चा भी बरामद किया है। मुठभेड़ का नेतृत्व पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस पूरे इलाके को घेरकर सर्च अभियान चला रही थी। दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी के टॉप कमांडर शशिकांत और रंजन इलाके में किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए कैंप कर रहा है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस ने एंटी नक्सल अभियान की शुरूआत की थी। अभियान के क्रम में पुलिस जैसे ही हुलसुम के इलाके में पंहुची, तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से करीब एक घंटे तक मुठभेड़ की सूचना है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान में पुलिस ने मौके से एके-47 समेत के गोली समेत कई सामग्री को बरामद किया है। मौके से टीएसपीसी का पर्चा और भारी मात्रा में राशन भी बरामद किया गया है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि इलाके में नक्सलियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गिरिडीह में सनकी बेटे ने टांगी से कर दी मां की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पालगंज गांव के बरही टोला में शराबी बेटे ने मां को टांगी से वारकर हत्या कर दी। हत्या के दूसरे दिन मंगलवार को जांच के लिए पहुंची पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर समर्पण कर दिया। इस दौरान पुलिस ने उस टांगी को भी बरामद कर लिया है, जिसे आरोपित बेटा प्रदीप साहू ने अपनी मां मीना देवी की सोमवार देर रात हत्या की। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर जांच के लिए पहुंचे पुलिस ने मीना देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर थाना ले गई। जानकारी के अनुसार आरोपित का पिता गिरिडीह सीसीएल का कर्मी है। सोमवार की रात भी वो ड्यूटी के लिए गिरिडीह कोलियरी चला गया था। जबकि मृतका का दूसरा बेटा संदीप साहू भी घर से बाहर था। आरोपित प्रदीप की पत्नी अपने बच्चों को लेकर पिछले तीन दिनों से मायके में थी।




इसी क्रम में सोमवार की देर रात प्रदीप शराब के नशे में घर लौटा और मां से पैसे की मांग करने लगा। जब मीना देवी ने पैसे देने से इंकार कर दिया तो बेटा ने टांगी से वारकर मां की हत्या कर दी। देर रात हुए घटना के बाद जब स्थानीय ग्रामीणों ने देखा कि मीना देवी का शव घर के बाहर सड़क पर पड़ा है तो ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। देर रात ही पीरतांड थाना पुलिस जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई। मंगलवार की सुबह जब डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार और पीरटांड़ थाना प्रभारी दिलकश पालगंज पहुंचे तो आरोपी प्रदीप पुलिस के सामने आया और अपना जुर्म कबूलते हुए पुलिस के सामने सरेंडर किया।

### फिनलैंड को नाटो में मिली एंट्री, रूस की बढ़ी चिंता

**एजेंसी। हेल्सिंकी**

फिनलैंड मंगलवार को नाटो का 31 वां सदस्य बन गया है। इसे रूस के खिलाफ अमेरिका की तरफ से किए गए ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव की तरह देखा जा रहा है। फिनलैंड, रूस का पड़ोसी मुल्क है। फिनलैंड रूस के साथ 1300 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। फिनलैंड के नाटो से जुड़ जाने के बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन की ताकत दोगुनी हो जाएगी। पिछले हफ्ते नाटो के सहयोगी देश तुर्किए और हंगरी ने फिनलैंड को नाटो में शामिल होने के लिए मतदान किया था। ये प्रक्रिया एक साल के अंदर पूरी हो गई, जो हाल के इतिहास में सबसे कम समय में सबसे तेज सदस्यता प्रक्रिया मानी जा रही है। नाटो के सेक्रेटरी जनरल जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने फिनलैंड के नाटो से जुड़ने पर कहा कि यह वास्तव में एक ऐतिहासिक दिन है। यह गठबंधन के लिए एक महान दिन है। वहीं फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्टो आज ब्रसेल्स जाएंगे और नाटो की मेंबरशिप से जुड़ी बाकी की औपचारिकताएं पूरी करेंगे। इसी दौरान फिनलैंड के विदेश मंत्री नाटो की संस्थापक संधि के रक्षक, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन को औपचारिक परिग्रहण पत्र सौंपेंगे। वहीं ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय के सामने अपने नए सहयोगियों के बगल में देश का नीला और सफेद झंडा फहराएंगे। रूस के तरफ से यूक्रेन पर किए गए हमले के वजह से फिनलैंड डर गया था। दरअसल, यूक्रेन नाटो देश का सदस्य नहीं है। इस वजह से नाटो ने यूक्रेन की मदद नहीं कर पाई।

## कोरोना : देश में 21 हजार से ज्यादा एक्टिव केस



**इन दस राज्यों में सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज**

| राज्य | कुल केस | सक्रिय मामले |
|---|---|---|
| केरल | 68,39,529 | 6,229 |
| महाराष्ट्र | 81,45,590 | 3,532 |
| गुजरात | 12,83,106 | 2,214 |
| दिल्ली | 20,11,034 | 1,406 |
| हिमाचल प्रदेश | 3,15,025 | 1,379 |
| कर्नाटक | 40,78,095 | 1,372 |
| तमिलनाडु | 35,97,304 | 993 |
| हरियाणा | 10,58,159 | 785 |
| गोवा | 2,60,234 | 713 |
| उत्तर प्रदेश | 21,29,217 | 543 |

आंकड़े केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय

### दस राज्यों में सबसे तेज संक्रमण

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। ये आंकड़े डराने वाले हैं। लगातार तीसरे दिन 24 घंटे के अंदर तीन हजार से ज्यादा संक्रमित मिले हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो सोमवार को कुल एक लाख 64 हजार 740 लोगों की जांच हुई। इनमें 3,038 लोग संक्रमित पाए गए हैं। इसी के साथ देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 21 हजार से अधिक हो गई। मतलब अब देश में 21,179 मरीज ऐसे हैं, जिनका इलाज चल रहा है। ये या तो अस्पताल में भर्ती हैं या फिर घर पर रहकर अपना इलाज करा रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये आंकड़े मंगलवार को जारी किए हैं।

**24 घंटे में सात लोगों ने गंवाई जान**

पिछले 24 घंटे के अंदर कोरोना संक्रमण के चलते नौ लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इनमें पंजाब, दिल्ली और केरल में दो-दो लोगों की मौत हुई। इसके अलावा जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में एक-एक संक्रमित की जान चली गई। इसी के साथ संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच लाख 30 हजार 901 हो गई है।

गौरतलब है कि देश में अब तक चार करोड़ 47 लाख 29 हजार 284 लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। अब तक संक्रमित हुए लोगों में 0.05 प्रतिशत मरीज ऐसे हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इसे सक्रिय मरीज कहते हैं। 98.76 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं। संक्रमण से 1.19 प्रतिशत मरीजों की मौत हुई। अब तक 220.66 करोड़ कोविड डोज लगाए जा चुके हैं।

**टाइम ओवर** नक्सलियों का अब वक्त हुआ खत्म

# डीजीपी बोले: सरेंडर करो या मरो

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने दो टूक कहा है कि नक्सली या तो सरेंडर करें या फिर मरने को तैयार रहें। उन्होंने यह भी कहा कि अब नक्सलियों का टाइम ओवर हो चुका है। नक्सली चाहें तो सरकार की सरेंडर पॉलिसी को मानते हुए सरेंडर कर दें या फिर पुलिस की गोलियों का निशाना बनने को तैयार रहें। पांच-पांच ईनामी नक्सलियों के मारे जाने से प्रसन्न डीजीपी ने लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ की 190वीं बटालियन के कैंप में पहुंचे थे और यहां उन्होंने मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाया। उनके बीच इनाम की राशि का वितरण भी किया। डीजीपी ने कहा कि चतरा-पलामू सीमांत इलाके पर मिली बड़ी सफलता से नक्सलियों की कमर टूट गई है। निश्चित तौर पर हमारे जवान प्रोत्साहन के योग्य हैं और उन्हें आगे की रणनीति के लिए भी कई निर्देश दिए गए हैं।



माओवादियों के एक सशक्त दस्ते के रूप में गौतम पासवान की टीम को जाना जाता था। वह लगातार कई वर्षों से पुलिस बल एवं आम लोगों को क्षति पहुंचा रहा था। उग्रवाद उन्मूलन में झारखंड पुलिस की चौतरफा कार्रवाई जारी है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के कुशल नेतृत्व, रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ नक्सलियों के खात्मे के लिए हम लोग कटिबद्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि अन्य नक्सली भी पुलिस के गोली से घायल हुए हैं। उनकी खोज की जा रही है। जवानों के हौसले बुलंद हैं। हम लोग आगे भी नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाते रहेंगे। सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार ने कहा कि पिछले दो वर्षों में हमें नक्सलियों के विरुद्ध बेहतर सफलता मिली है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में झारखंड राज्य में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के विरूद्ध रणनीति युक्त लगातार करारा प्रहार किया जा रहा है।

## टोरी स्टेट की रानी दुर्गावती देवी नहीं रहीं

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



चंदवा के टोरी स्टेट की रानी दुर्गावती देवी का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। निधन की खबर उनके बड़े बेटे स्वर्गीय लाल प्रताप नाथ शाहदेव के बड़े पुत्र लाल प्रेरित नाथ शाहदेव ने दी। उन्होंने बताया कि उनकी दादी बहुत दिनों से बीमार चल रही थीं। रांची के मोरहाबादी स्थित फ्लैट में गत रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार बुधवार की सुबह 9:30 बजे टोरी चंदवा के देवनद नदी के तट पर किया जायेगा। दुर्गावती देवी टोरी स्टेट के राजा स्व. जगत मोहन जगधात्री नाथ शाहदेव की धर्मपत्नी थीं। स्व. राजा जगधात्री नाथ शाहदेव की मृत्यु सन 1987 में हुई थी। रानी दुर्गावती कि दो पुत्र थे। बड़े पुत्र लाल प्रताप नाथ शाहदेव का निधन 1997 में हो गया था। छोटे पुत्र लाल प्रदीप नाथ शाहदेव उर्फ चुन्नू बाबू लातेहार व्यवहार न्यायालय में एडवोकेट हैं। रानी दुर्गावती देवी भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई। रानी दुर्गावती देवी अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला के रुप में याद की जाती हैं। पति के गुजरने के बाद बच्चों व पोते-पोतियों को उन्होंने अकेले संभाला। जब माओवादियों ने उनकी खेती योग्य भूमि पर कब्जा कर लिया था तब भी उन्होंने बहादुरी से उनका मुकाबला किया था। उनके निधन से समाज को गहरा आघात पहुंचा है। निधन की खबर मिलते ही चंदवा के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### अनियंत्रित ट्रक पलटा

**नावा बजार ।** भंडार में एनएच 39 पड़वा मोड़ की तरफ से आने वाली कंटेनर ट्रक मुख्य मार्ग एनएच 39 भंडार ग्राम में संतुलन खो कर खेत के नीचे उतर कर पलट गई। ट्रक पलटने से उस पर सवार ड्राइवर को काफी गंभीर चोट आई है। भंडार ग्राम के ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर डाल्टेनगंज भेजा गया । ट्रक ड्राइवर का नाम उमेश विश्वकर्मा है जो छतरपुर थाना स्थित तेनू डीह ग्राम का रहने वाला है।

### बाइक ने खड़ी ट्रैक्टर में मारी टक्कर

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के खादी भंडार के समीप सोमवार की देर शाम को खड़ी ट्रैक्टर के ट्राली में बाइक सवार ने मारी टक्कर। जिससे चचेरिया गांव निवासी सन्नी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार बाइक ने सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर का ट्राली उछल गया। लोगों ने घायल को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल शनि कुमार को एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

### फूस घर में लगी आग सामान जलकर राख

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बभंडी पंचायत के महुगाई गांव निवासी सत्येंद्र यादव के टाट फूस की घर में अचानक आग लगने से घर जलकर राख हो गया। घर में रखें गेहूं, चावल, चना सहित घर की सारी सामग्री जलकर राख हो गयी। समाजसेवी पिंटू कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि सत्येंद्र यादव निर्धन व्यक्ति हैं, घर में आग लग जाने से खाने-पीने सहित रहने का ठिकाने नहीं रहा। उन्होंने सरकार से सत्येंद्र यादव के जले घर को जांच कर मुआवजा देने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर सहदेव यादव, मिथिलेश यादव, मुन्नी यादव, सुनील यादव सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे।

### भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत 5 अप्रैल बुधवार को 3 बजे दिन में हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द, मेन रोड़ शनि मंदिर के समीप स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पलामू अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह तथा पलामू सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार होंगे। इस आशय की जानकारी प्रोपराइटर गीता सिंह के पति सह संचालक समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कई विशिष्ठ और गणमान्य लोग शामिल होंगे। मौके पर राकेश कुमार, शैलेंद्र प्रसाद, किशोर कुमार, राम दुलारे विश्वकर्मा, निखिल सिंह, मुन्ना सिंह आदि उपस्थित थे।

### लड़की भगाने का आरोपी गिरफ़्तार

**सतबरवा।** 19 मार्च से नाबालिक लड़की लेकर फरार युवक को भगाने के आरोपी सतबरवा निवासी पिंकू को सतबरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। आरोपी युवक ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर लेकर भाग निकला था। जिसकी एफआईआर सतबरवा थाना में नाबालिग लड़की के परिजनों ने दर्ज करायी थी। थानाप्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। युवक पर पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। किशोरी का 164 के तहत कलमबद बयान दर्ज होगा। नाबालिक लड़की को माता-पिता की देख - रेख में रखा जायेगा। सतबरवा थानाप्रभारी अमित कुमार सोनी, एएसआई जेएच कोंगाडी तथा महिला एएसआई टेरेसा मिंज के नेतृत्व में युवक को पकड़ने के लिए जांच टीम गठित की गयी थी।

# मुख्य पथ पर ट्रक व कार में हुई भिड़ंत, कोई हताहत नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पांडू मुख्य पथ पर बाजार के समीप एक कार व ट्रक में भिड़ंत हो गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पांडू की ओर से आ रही ट्रक सीजी 15 सीजेड 4421 व सेलेरियो कार जेएच0 1उे 3985 साइड लेने के क्रम में आपस में टकरा गई। जिससे घंटो सड़क जाम रहा। मौके पर पुलिस पहुंच कर दोनों दुर्घटना ग्रस्त वाहन को थाना ले आई । हलांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दोनों वाहन में बैठे लोग सुरक्षित हैं। वहीं मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# पूर्व मुखिया से मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के संड़ेया पंचायत के पूर्व मुखिया शंकर रजवार के खिलाफ जाति सूचक शब्दों को प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई । विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट भी की है। साथ ही कई सामान लूट लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। भुक्तभोगी ने हैदरनगर थाने में आवेदन देकर



कहा कि सोमवार को वह अपनी बेटी को मैट्रिक की परीक्षा दिलाने हैदरनगर स्थित परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। बेटी को परीक्षा केंद्र पहुंचाने के बाद वह हैदरनगर मोड़ पर खड़े थे। इसी दौरान पतरिया गांव निवासी उपेन्द्र सिंह उनके पास पहुंचे और एक दूसरे व्यक्ति से बात करते हुए भुक्तगोली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। मारपीट होता देख उनकी बेटी बचाव के लिए परीक्षा केंद्र से बाहर आ गई। आरोपी उसके साथ भी मारपीट करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने कहा कि इस मामले में एससी-एसटी एक्ट के अलावा अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी कर आरोपी उपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। अनुसंधान पदाधिकारी सह हुसैनाबाद के एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने कहा कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# चार वर्षों से बंद स्वास्थ्य केंद्र में लौटी रौनक

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में लगाया जायेगा ऐंटीरैबिज वैक्सीन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के मोहम्मदगंज प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र अधौरा आरोग्य समिति के युवा प्रतिनिधि नितिश सिंह ने कहा है कि पिछले चार वर्षों से बंद स्वास्थ्य केंद्र अब प्रगति के पथ पर अग्रसर हो गया है। उन्होंने बताया कि माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात के बाद एवं अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, सरकार के संयुक्त सचिव सह अपर निदेशक एनएचएम विघानंद शर्मा पंकज के वार्ता के बाद एवं सिविल सर्जन पलामू अशोक कुमार के प्रयास एवं




देखरेख में अधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन ओपीडी का संचालन, लेबर रूम का संचालन प्रतिदिन क्षेत्रवासियो के सुविधा हेतु संचालन किया गया है। साथ ही मंगलवार से कुते काटने के बाद लगने वाले ऐंटीरैबिज वैक्सीन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में लगाया जायेगा । नितिश सिंह ने कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में कोई कोताही नहीं होगी एवं अधौरा में सभी व्यवस्था जल्द ही पूर्ण की जायेगी एवं जल्द ही अधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोलर पैनल से संचालन किया जाएगा। इसके अलावा लैब व एक्स-रे की व्यवस्था जल्द पूर्ण कर ली जायेगी। सिविल सर्जन पलामू का विशेष रूप से इस केन्द्र के लिए योगदान मिल रहा है। नितिश सिंह ने बताया कि हमारे पूर्वजो ने 76 डिसमिल जमिन दान दिया था। अपने पूर्वजो के सपने को साकार करने के लिए मैं पूरा प्रयासरत हूं। आज हमारे पूर्वज स्व. सरयू सिंह, रामवृक्ष सिंह, परिखा सिंह, बुद्धि नारायण सिंह का सपना साकार हो रहा है। सार्थक प्रयास के लिए नितिश सिंह ने माननीय केन्द्रीय मंत्री, अपर मुख्य सचिव, सिविल सर्जन एव प्रभारी अनुमंडल उपाधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया है। एवं आगे भी अपने गांव एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही है।

# पंचायत में आवास योजना का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत गुरी पंचायत के मुरमा कला, मुरमा खुर्द व गुरहा कला सहित कई गावों में मंगलवार को अर्ध निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी व बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने आवास निर्माण का कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को कड़ी फटकार लगाते हुए अविलंब आवास निर्माण का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा निर्धारित समय के अनुसार आवास का निर्माण नहीं करने वाले लाभुकों पर सर्टिफिकेट केश दर्ज करते हुए उनसे राशि कि रिकवरी भी कि जायेगी। वहीं प्रमुख रंभा कुमारी ने बताया कि लाभुक आखिर किस परेशानी के कारण आवास बनाने में देरी कर रहे हैं इस पर भी हमलोग विचार कर रहे हैं।

# रंजीत पासवान बने कांग्रेस के नगर अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कुर्मी टोला निवासी रंजीत पासवान को हुसैनाबाद कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के द्वारा रंजीत पासवान को नगर अध्यक्ष बनाने का पत्र जारी किया है। कांग्रेस के वरीय युवा नेता सह जिला सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने रंजीत पासवान को नगर का कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इससे मजबूती मिलेगी। नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान ने कहा कि हुसैनाबाद नगर क्षेत्र मे कांग्रेस पार्टी के नीति व सिद्धान्तों से आम अवाम को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना हमारी प्राथमिकता होगी। साथ ही कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, मशरुर अहमद, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, शम्भू सिंह, गुप्तेश्वर तिवारी, रघुराई यादव, भरत भूषण पाल, प्रवीण तिवारी, उमेश तिवारी आदि ने भी उन्हें कांग्रेस का नगर अध्यक्ष बनाएं जाने पर बधाई दी है।

# धूमधाम से मना विद्यालय का 19 वां वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेन्टर हरिहरगंज/ महाराजगंज का 19वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय में 90 प्रतिशत उपस्थिती 80 प्रतिशल से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह, युवा समाजसेवी राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, कोचिंग संघ के अध्यक्ष मो. मनान, उपाध्यक्ष मोहनलाल मिश्रा,



कुमुद रंजन सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश सिंह, वरुण सिंह ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कर किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य संपूर्ण विकास है। दुनिया का सबसे उत्तम दान विद्या दान है। वहीं विद्यालय के उन शिक्षकों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनका स्कूल में शिक्षण कार्य के दौरान उपस्थिति बेहतर था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह, अनिल शौडिक, मनोज मेहता, कृष्ण कुमार साव, टंटू मिश्र, शिक्षक सरोज चौधरी, महताब आलम, मुकेश शर्मा, रामजी सिंह, मनोज कुमार, शिक्षिका मुनी गुप्ता, दिव्या मिश्रा, दीक्षा मिश्रा, रूबाना प्रवीण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक व लोग मौजूद थे।

# अवैध ईंट भट्ठा को प्रशासन ने किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम व हुसैनाबाद थाना के एस आई सुचित कुमार ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के साबानो गांव में अभियान चलाया गया। इस अभियान में गांव से कुछ दूरी पर अवैध रूप से चल रहे चलंत चिमनी ईट भट्टा को धवस्त किया गया।



अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि सूचना मिली थी की सबानो गांव निवासी श्री राम सिंह द्वारा एमकेएस नामक अवैध ईट भट्टा का संचालन किया जा रहा है। सूचना पर उक्त स्थल पर छापेमारी किया गया, जहां उक्त स्थल पर अवैध रूप से ईट का पथाई, व अवैध रूप से टीना का चिमना भट्ठा का बुझाई पकाई कार्य हो रहा था। इस कार्य को कर रहे ईंट भट्टा संचालक श्रीराम सिंह फरार हो गया। सीओ ने बताया कि करीब एक लाख पक्का ईट को सीज कर भट्टा पर काम कर रहे मुंशी कमलेश सिंह के ज़िम्मेनामा पर सौंप दी गई है। वहीं ईंट भट्ठा संचालक श्रीराम सिंह के खिलाफ सीओ ने हुसैनाबाद थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# पीएचइडी विभाग के लापरवाही से पेयजल की समस्या से जूझ रहा है पलामू

**मेदिनीनगर।** छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पलामू पेयजल समस्या से जूझ रहा है। बीते खरीफ मौसम में अपर्याप्त वर्षा के कारण जलस्तर लगभग 50-70 फीट नीचे चला गया है। अधिकांश निजी और सरकारी नलकूप सूख गए हैं। पहाड़ी और सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग दूर दराज से प्रदूषित पानी लाकर पीने को विवश हैं। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि पलामू जिले में राइजर पाईप के सड़ जाने तथा विशेष मरम्मत के अभाव में लगभग 3000 चापाकल बेकार पड़े हैं। खराब पड़े इन चापाकलों के रख रखाव के लिए वर्ष 2022-23 में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जिले को राशि उपलब्ध नहीं कराई गई। विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं के लिए 3863 करोड़ रूपए ही व्यय किये गए थे, जो कुल कर्णांकित राशि को मात्र 41.35 प्रतिशत थी। एक तरफ तो संपूर्ण झारखंड में लगभग 51.000 नलकूप बंद पड़े हुए हैं इन बंद पड़े ।नलकूपों को पेयजल विभाग चालू नहीं करा सका। दूसरी ओर कर्णांकित राशि को फरवरी 2023 तक खर्च कर पाने में असमर्थ रहने के कारण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के योजना आकार में कटौती करते हुए 3863 करोड़ रूपए से घटाकर 1993 करोड़ रूपए कर दिया गया है। यह विभाग के नीति निर्धारकों के अदूरदर्शिता का परिचायक है।अप्रैल - मई और जून महीना पेयजल के संदर्भ में पलामू जिले के लिए अति महत्वपूर्ण समय है। जिले के खराब पड़े चापाकलों के रख रखाव तथा नये उच्च प्रवाही नलकूप (एचवाईडीटी) लगाने के लिए अप्रैल मई माह तक सरकार द्वारा राशि उपलब्ध करा पाना संभव प्रतीत नहीं होता है। यदि राशि उपलब्ध करा भी दी जाए तो निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी करते बरसात का मौसम आ जायेगा इस प्रकार गर्मी में पेयजल की समस्या को दूर कर पाना कठिन कार्य होगा।उपरोक्त परिस्थित को देखते हुए उपायुक्त पलामू से आग्रह होगा कि अति संवेदनशील क्षेत्र को चिन्हित कर न्यूनतम लगभग 200 उच्च प्रवाही नए नलकूप लगाने तथा खराब पड़े 3000 नलकूपों की वृहद मरम्मत के लिए जिला खनिज फाउंडेशन न्यास से राशि उपलब्ध कराया जाए।

# सोनरे नदी में धोबी घाट का शिलान्यास

**मेदनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के ग्राम बसडीहा के सूर्य मंदिर स्थित सोनरे नदी घाट पर मंगलवार को मध्य जिप सदस्य खुशबू कुमारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि यह ग्रामीणों की बहुत पुरानी मांग थी। यह मांग आज पूरी हो रही है। उन्होंने कहा ग्रामीणों को नहाने एवं कपड़े धोने में काफी दिक्कत होती हैं। उनकी समस्या को समझ कर यहां स्नान - धुलाई घाट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेकों काम जनता का करना है। नाली, रोड, शेड, जैसी मूलभूत जरूरी सुविधाएं जिला से लड़कर व काम लाकर पांकी क्षेत्र में विकास कराने का काम करेंगे। साथ ही 'गांव चलो यात्रा' के तहत ग्रामीण क्षेत्र में आ रही समस्याओं को देखकर निदान करने का काम कर रहे हैं।मौके अमित कुमार, गुड्डू भुइयां, सोनू कुमार, रोशन कुमार, विजय राम, अरविंद भुइयां, अखिलेश कुमार, जितेंद्र राम सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी रांची से गिरफ्तार

**मेदनीनगर।** सतबरवा थाना पुलिस ने सतबरवा निवासी स्वर्गीय मुन्ना बैठा के पुत्र पिंकू कुमार को रांची से गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि पिंकू कुमार नाबालिक लड़की भगाकर ले गया था। बीते 19 मार्च से नाबालिक लड़की को लेकर फरार था। गिरफ्तार युवक पर पोक्सो एक्ट चलाया जाएगा। किशोरी का 164 के तहत बयान कलमबद कराया जाएगा।गिरफ्तारी में सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एएसआई जेएच कोंगाडी तथा महिला एएसआई टेरेसा मिंज शामिल थीं। युवक को पकड़ने के लिए जांच टीम का गठन किया गया था। सूचना के बाद रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की के साथ युवक को पकड़ा गया। पूछताछ के बाद युवक को जेल भेजा गया।

# पलामू सेंट्रल जेल में छापामारी अभियान चला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन के नेतृत्व में टीम गठित कर मंगलवार को दिन के करीब दो बजे से सवा तीन बजे तक पलामू सेंट्रल जेल में औचक तलाशी अभियान चलाया गया। करीब सवा घंटे चले औचक तलाशी अभियान के क्रम में सभी वार्डों की बारी-बारी से जांच की गई परंतु कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया। जिला प्रशासन की ओर से सदर एसडीओ राजेश कुमार साह एवं पुलिस की ओर से एसडीपीओ ऋषभ गर्ग औचक जांच का नेतृत्व कर रहे थे। जेल सुपरिटेंडेंट जितेंद्र कुमार ने बताया कि औचक तलाशी अभियान के क्रम में सभी बैरक की बारी-बारी से जांच की गई। कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किए गए हैं। औचक तलाशी में पांच मजिस्ट्रेट यथा कपिल देव ठाकुर, विक्रांत कुमार, अमिताभ भगत, परितोष प्रियदर्शी व सेवा राम साहू को लगाया गया था।

**मनोरंजन** | **जादूगर ने किया बच्चों का मनोरंजन**

# छात्रों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझा

**मैजिक शो का आयोजन छात्र-छात्राओं के ज्ञान वर्धन व मनोरंजन के लिए किया गया : डायरेक्टर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** नेशनल पब्लिक स्कूल कौआखोह में महावीर जयंती के मौके पर मंगलवार को जादूगर केके सरकार के द्वारा मैजिक शो किया गया। मैजिक शो में जादूगर केके सरकार ने एक ज्ञानवर्धक और जादुई करतब दिखाकर छात्र-छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी समझने का प्रयास किया।




संस्थान के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता तथा मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि मैजिक शो का आयोजन छात्र-छात्राओं के ज्ञान वर्धन व मनोरंजन के लिए किया गया। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं जादूगर केके सरकार को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। स्कूल में बेहतर अंक लाने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रथम टॉपर उज्जवल, द्वितीय टॉपर धनीष तथा तृतीय टॉपर रीमा को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रवि रंजन वर्मा, शिक्षक सुरेश कुमार, विनोद यादव, कुंदन कुमार, प्रशांत कुमार, अरविंद सिंह, उज्जवल, राहुल, शिक्षिका रमी सिंह, संध्या, सपना, सुनीता, सोनी, शिल्पी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद थें।

# वार्षिक परीक्षा फल पुरस्कार का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत बंजारी मजार सतगावां रोड़ स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल में बेहतर अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के टॉपर सीनियर सेक्शन के सना सुमैरा तथा जूनियर सेक्शन के जोया आफरीन को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले सना परवीन, मुस्कान परवीन, मनसा प्रवीण, सदफ प्रवीण, अदनान और रेहान को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रिंसिपल राशिद फैजी ने कहा कि इस स्कूल के छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी हिंदी कथा उर्दू के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। इस दौरान कक्षा प्ले से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक लाने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक फरहा नाज, मैनेजमेंट डायरेक्टर इसरार आलम, प्रिंसिपल इंजीनियत मो. राशिद फैजी, शिक्षक सत्येंद्र सिंह, उदय सिंह, मो. अकरम, मो. मौलाना अख्तर, फिरोज आलम, शिक्षिका सुमैन पलक, गौसिया परवीन, डॉली कुमारी, प्रिया कुमारी, आफरीन नाज, नाजिया परवीन, नाजनीन परवीन, अजमेरीन खातून, चांदनी परवीन, प्रिया कुमारी सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं शामिल थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### नावा बाजार में सेवानिवृत्त प्राध्यापक को दी गई विदाई

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संकुल संसाधन केंद्र परिसर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह निकासी व्ययन पदाधिकारी हरिद्वार मेहता का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला , विशिष्ट अतिथि पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार, सम्मानित अतिथि नावा बाजार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानंदन सिन्हा ,अमरेश कुमार सत्येंद्र तिवारी, बीपीओ पंकज कुमार बच्चन मुख्य रूप से मौजूद थे ।

### नगर निगम के सभी वार्डों में पानी नहीं : रूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्रों में बोरिंग कराने को लेकर नए रूप से चार्ज लगाने की प्रक्रिया को गलत बताया। उन्होंने कहा कि और नगर आयुक्त इसमें संशोधन करें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी निगम में शामिल किये गये नये क्षेत्रों में पहले ही घर-घर जनसंपर्क अभियान किया था और उसमें यह नारा दिया था कि सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं लेकिन 4 साल से ऊपर गुजर जाने के बाद भी अभी तक नगर नगर निगम में पीने का शुद्ध पानी भी जलापूर्ति योजना से नहीं मिल पा रहा है।

### इंटर स्तरीय परीक्षा की अंतिम मेधा सूची जारी

**मेदिनीनगर।** पलामू के कई अभ्यर्थियों ने इंटर स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता पाई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सोमवार की देर शाम को इंटरमीडिएट स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें कंप्यूटर ज्ञान व हिंदी टंकण अर्हताधारक 968 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। सफल होने वालों में नियमित पदों पर 935 अभ्यर्थी, बैकलॉग के 31 और लंबित रिक्ति के दो पदों पर अभ्यर्थी सफल हुए हैं।वही, नियमित भर्ती में कोषागार संवर्ग-राज्य स्तरीय संवर्ग में 165 निम्नवर्गीय लिपिक का चयन किया गया है। वहीं, खाद्य आपूर्ति विभाग के 44 निम्नवर्गीय लिपिक, वाणिज्य कर विभाग संवर्ग के 51 निम्नवर्गीय लिपिक और विभिन्न समाहरणालय संवर्ग के 675 निम्नवर्गीय लिपिक का चयन हुआ है। अंतिम मेधा सूची जारी करने के साथ ही जेएसएससी ने कट ऑफ भी जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों को अंक पत्र व कौशल जांच परीक्षण अंतर्गत हिंदी टंकन में टंकित अनुच्छेद डाउनलोड करने के लिए लिंक आयोग के वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा।ज्ञात हो कि पंचायत सचिव का अंतिम मेधा सूची अभी जारी किया जाना बाकी है।सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पांच साल के बाद लिपिक के अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी किया गया है।वही, आयोग द्वारा हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में जनजातीय भाषा और वाणिज्य विषय के अभ्यर्थियों को छोड़कर बाकी अन्य विषय के अनुपस्थित अभ्यर्थियों को एक बार फिर मौका देते हुए 12 अप्रैल को प्रमाण पत्रों के जांच के लिए बुलाया गया है।अनुपस्थित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच सुबह 11 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा।

### शहादत दिवस मनाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**सतबरवा।** खाम्डीह, लहलहे व पोलपोल के कई गणमान्य लोगों से संपर्क कर 26 मई को स्वतंत्रता सेनानी सत्यानंद स्वामी उर्फ की प्रतिमा लगाने की योजना बनी। कार्यक्रम केअध्यक्ष धनवंत चौधरी ने बताया कि जब देश को आजाद कराने को लेकर पूरे देश में आंदोलन हो रहा था। तब वे बहुत सारा धन घर से लेकर वाराणसी चले गये और नाम बदल कर रामदेनी चौधरी ने सत्यानंद स्वामी का नाम रखा। देश के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिल कर अंग्रेजों से लोहा लिया।

# वार्ड पार्षद ने जेसीबी मशीन से कराया सड़क का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शाहपुर वार्ड नंबर 33 में वार्ड पार्षद चंचला देवी एवं समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने अपने निजी खर्च से वार्ड नंबर 33 के महादेव नगर में जेसीबी मशीन लगाकर सड़क बनवाने का काम किया। सड़क के बन जाने के बाद स्थानीय लोग काफी राहत महसूस कर रहे हैं। बताते चलें कि महादेव नगर का सड़क ऐसा था कि दिन के उजाले में भी चलना लोगों के लिए मुश्किल हो चुका था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कराने के लिए वार्ड पार्षद चंचला देवी को कहा। लोगों की समस्याओं को देखते हुए वार्ड पार्षद चंचला देवी और




उनके पति समाजसेवी विजय चंद्रवंशी मंगलवार को जेसीबी मशीन मंगा कर महादेव नगर के सड़क को बनवाने का काम किया। मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद चंचला देवी ने कहा कि मैं अपने वार्ड में किसी भी व्यक्ति को असुविधा महसूस नहीं होने दूंगी। हमारे क्षेत्र में जहां भी सड़क खराब है उसे मैं हर संभव बनवाने और उसे मरम्मत करवाने का काम करूंगी। मौके पर उपस्थित समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने कहा कि वह हमेशा से अपने क्षेत्र में लोगों की सेवा करते आ रहे हैं किसी को भी कोई परेशानी होती है तो वह अपने निजी खर्च से उस परेशानी को दूर करते हैं।

# जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव श्रीमती शर्मिला वर्मा के पुत्र सौभाग्य सृजन के जन्मदिन पर स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। अपनी माँ को लगातार सेवा कार्य करते हुए जरूरतमंदों के भोजन की व्यवस्था करते बचपन से देखते हुए यह भाव उसके मन में आया कि जन्मदिन मनाने का इससे बढ़िया तरीका और कोई नहीं हो सकता। उसने अपनी माँ से यह इच्छा जाहिर की और शाम को




जरूरतमंदों के बीच पूरी, सब्जी एवं बुंदिया का वितरण किया गया। टीम के सदस्यों ने भी इस कार्य में अपनी भागीदारी दी, शर्मिला वर्मा के अलावा मन्नत सिंह बग्गा, संध्या अग्रवाल, अर्पणा और अंजलि ने मिलकर भोजन वितरण किया।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना के पदाधिकारियों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारियों की टीम भगवान परशुराम के जनमोत्सव की तैयारी के लिए गांव का रुख कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में युवा वाहिनी रविवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र में पहुँचा। सर्वप्रथम युवा वाहिनी ग्राम बलियारी में आयोजित श्री राम चरित मानस नवाह परायण यज्ञ में पहुँच कर मत्था टेका। इस दौरान इस पंचायत के मुखिया पायनियर पांडेय ने युवा वाहिनी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। मुखिया ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव समारोह में अपनी पूर्ण भागेदारी के लिए युवा वाहिनी को आश्वसत किया। युवा वाहिनी की टीम इसके बाद जामुनडीह पंचायत पहुँच कर मुखिया कृष्णकांत चौबे के नेतृत्व जामुनडीह के परशुराम वंशजों के साथ बैठक की। मौके पर युवा वाहिनी के द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। बैठक में जामुनडीह केनिर्मल तिवारी, दिलीप तिवारी, बालकेश तिवारी, जितेंद्र तिवारी, बसंत तिवारी, वशिष्ठ तिवारी, नरेंद्र तिवारी, सहित युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिला संगठन मंत्री राजा पांडेय, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी व जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### अरण्य वाणी पत्रिका अप्रैल अंक का विमोचन



**मेदिनीनगर।** स्थानीय बाइपास रोड के जेएमपी कॉम्प्लेक्स के दृश्यम शैक्षणिक संस्थान में मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के अप्रैल अंक का विमोचन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव, पत्रिका के संपादक के अलावे कई लोग मौजद थे। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि पत्रिका समाज का दर्पण होती हैं। यह सच्चाई अरण्य वाणी में साफ तौर पर झलकती है। मौके पर कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अजीम सर ने किया। इस मौके पर अंशु प्रिया, श्रेया कुमारी, मीमांशा मिस्ट्री, रुपा कुमारी, प्रिया पांडेय, मुस्कान कुमारी, शृंखला, रिजवान कुरैशी, अभिषेक कुमार मेहता, कलश अखौरी आदि ने सराहनीय भूमिका अदा की।

# अवैध लकड़ी तस्करी के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## पाटन व पांकी में 78 पीस अवैध काष्ठों को किया जब्त

### वन विभाग की टीम को अपनी ओर आता देख अपराधी काष्ठों को छोड़कर भाग निकले

### छिले हुए अवैध खैर के कई लॉट को किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पाटन व पांकी में मंगलवार देर रात को वन विभाग द्वारा लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल ने बताया कि उन्हें पाटन व पांकी में अवैध खैर की लकड़ी के परिवहन के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके पश्चात कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में दो अलग-अलग दल का गठन कर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। बकौल,डीएफओ पाटन



थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़वा-नावाडीह में 3 अप्रैल की रात्रि 11 बजे लकड़ी तस्करों द्वारा 35 टन अवैध खैर की लकड़ी छुपाकर परिवहन की तैयारी की जा रही थी इस दौरान वन विभाग की टीम को अपनी ओर आता देख अपराधी काष्ठों को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर अपने वाहन से फरार हो गये। वहीं मौके से छिले हुए अवैध खैर के कई लॉट को बरामद किया गया। जांच के क्रम में अभियुक्त संजय पासवान के घर से छिला हुआ खैर का छिलका भी बरामद किया गया। सभी काष्ठों को जप्त कर पाटन वन क्षेत्र कार्यालय में लाया गया। इस दौरान पूरी कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं वन विभाग के वनपाल तथा वनरक्षी मौजूद रहे। वहीं दूसरी कार्रवाई पांकी के हरलौंग में की गया । यहां 4 अप्रैल की सुबह 3 बजे कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में 78 पीस अवैध काष्ठों के जब्ती की कार्रवाई की गयी। मौके पर पांकी थाना प्रभारी रंजीत समेत वन विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पिछड़ा जाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पलामू में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी जिला के प्रभारी विनय जयसवाल पिछड़ा जाति मोर्चा के जिला प्रभारी सुनील चौरसिया जिला के अध्यक्ष विजयानंद पाठक पिछड़ा जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता प्रदेश की मंत्री पूर्णिमा चंद्रवंशी महिला मोर्चा की प्रवक्ता लवली गुप्ता जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने संयुक्त रूप से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी ने कहा मोर्चा के लोग इससे जो कार्य अनुमंडल के हर गांव पर जाकर सरकार के कार्यों को बताना




है। उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के जिला प्रभारी सुनील चौरसिया ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे देश के प्रधानमंत्री ओबीसी मोर्चा से हैं।ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जिला प्रभारी विनय जायसवाल ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता सरकार के उपलब्धियों को गांव तक पहुंचाने का कार्य करें। पार्टी उद्देश्य अंत्योदय अर्थात अंतिम व्यक्ति का विकास कैसे हो। इसके लिए पार्टी के कार्यकताओं को सोचना होगा एवं उसके प्रति कार्य करके दिखाना होगा तब जाकर पार्टी हमारा मजबूत बनेगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा के प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा पार्टी की विचारधारा हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य करना होगा तब जाकर हम पार्टी के एक सच्चे सिपाही के रूप में गिने जाएंगे ।सरकार के उपलक्ष्य में गांव के हर एक व्यक्ति को बताना होगा तब जाकर मोदी के हाथों को मजबूत बना सकते हैं और एक अच्छा राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर प्रसाद ने किया । उन्होंने कहा अध्यक्ष प्रदेश द्वारा जो कार्य मिला है । गांव-गांव चलो घर घर चलो 20 तारीख को प्रत्येक मंडल के हर गांव तक मोर्चा को पहुंचाना है और मोदी के सपनों को साकार करना है ।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनोज विश्वकर्मा एवं संतु चौरसिया ने किया। जबकि पूर्णिमा चंद्रवंशी अरविंद गुप्ता राम लखन यादव किरण देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। बैठक में पिछडा जाति मोर्चा पलामू जिला के सभी जिला पदाधिकारी, सभी कार्यसमिति के सदस्य सभी मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित हुए।

# पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा जून में संभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के हजारों पारा शिक्षकों के दस फीसदी मानदेय वृद्धि को लेकर झारखंड अधिविद्य परिषद के द्वारा आकलन परीक्षा झारखंड सरकार ले रही है। परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी थी। आकलन परीक्षा के लिए भरे गए आवेदन का एप्रूव्ड सूची को जैक के द्वारा जारी कर दी गई है।राज्य की पहली आकलन परीक्षा में लगभग 43 हजार सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) शामिल होने वाले थे। उनमें से भी लगभग तीन हजार पारा शिक्षकों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन जमा नहीं किया। वहीं एक हजार ऐसे शिक्षक हैं जिनका सर्टिफिकेट का सत्यापन होना बाकी है। इस कारण से भी ये शिक्षक आवेदन नहीं भर पाए। त्रुटी सुधार का नहीं मिला मौकाः-आकलन परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि समाप्त हो चुकी है । पर जैक के द्वारा फॉर्म में त्रुटि के



सुधार का मौका नहीं मिल सका। इससे भी कई पारा शिक्षक फॉर्म तो भरा पर ड्राफ्ट जमा नहीं कर सके। कई पारा शिक्षकों ने गलती से दिव्यांग तो कई ने कैटेगरी तो किसी ने अन्य त्रुटि की है। जो आज भी त्रुटि में सुधार करने को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं। संघ ने भी जैक अध्यक्ष को त्रुटी सुधार का मौका देने की अपील की है। जून में हो सकते है आकलन परीक्षाः-आकलन परीक्षा झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा जून यानि कि गर्मी छुट्टी में लेने की तैयारी की जा रही है। परीक्षा की तिथि जल्द ही जारी की जाएगी। बहुविकल्पीय होंगे प्रश्नः- परीक्षा में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय पूछे जाएंगे 70 फीसदी प्रश्न पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न होंगे । 20 प्रतिशत प्रश्न शिक्षक, कौशल एवं दक्षता पर आधारित व दस फीसदी प्रश्न मानसिक एवं तार्किक क्षमता पर आधारित पूछे जाएंगे। कक्षा एक से पांच तक के शिक्षकों के प्रश्न की कठिनाई का स्तर मैट्रिक व कक्षा छह से आठ के लिए स्नातक स्तरीय पूछे जाएंगे। परीक्षा के पासिंग मार्क्स का निर्धारण भी कर दिया गया है।

**मजबूरी** | मिड-डे मील से ही होता है उनका दिन का भोजन

# सरकारी स्कूलों में भूखे पेट पढ़ाई करने को मजबूर छात्र



### खाली पेट बच्चों की तबीयत खराब होने की बढ़ सकती है संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के सरकारी स्कूलों में एक अप्रैल से स्कूलों का संचालन मॉर्निंग हो गया है। इसमें स्कूल सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक चल रहे है। स्कूल में विभाग के द्वारा मध्याह्न भोजन का समय 11 बजे से 11:30 बजे तक तय किया गया है। ज्ञात हो कि प्रारंभिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मिड- डे मील दिया जाता है। ऐसे में अधिकांश बच्चों मिड-डे मील नहीं मिलने तक भूखे पेट पढ़ाई करने को मजबूर है। पिछले साल स्कूलों में मध्यान भोजन का टाइम 10 बजे था। जिले के प्रारंभिक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे गरीब तबके हैं। कई जगहों पर स्थिति यह है कि मिड-डे मील से ही उनका दिन का भोजन होता है। मॉर्निंग स्कूल में सुबह सात बजे चलेंगे तो बच्चों को साढ़े छह बजे तक अपने घरों से चलना होगा। ऐसे में बच्चों को घरों में नास्ता मिल सकेगा या नहीं यह शोचनीय है। बच्चों को सीधे 11 बजे मिड-डे मील मिलेगा। इससे बच्चे रात में अपने घरों में जो भोजन किये होंगे ।इसके बाद सीधे दिन 11 बजे मिड-डे मील मिलेगा। एक तो गर्मी और उपर से खाली पेट बच्चों की तबीयत खराब होने के संभावना बढ़ सकती है। पिछले वर्ष कई जगहों पर स्कूल शुरू होने के बाद बच्चों को चना-गुड़ देने की व्यवस्था की गई थी और करीब 10 बजे उन्हें मिड-डे मील दिया जाता था। इससे बच्चों का पेट खाली नहीं रहता था और उन्हें पढ़ाई में भी मन लगता था। सरकारी स्कूलों में टिफिन से पहले पांच घंटी निर्धारित है। जबकि टिफिन के बाद सिर्फ दो घंटी होगी। ऐसे में बच्चे खाली पेट पांच घंटी कैसे सहजता से पढ़ सकेंगे यह देखने वाली बात होगी। विभाग ने गर्मी में स्कूल की कक्षाएं खत्म होने के बाद इनडोर व आउटडोर गेम का निर्धारण किया है। ऐसे में जो बच्चे और शिक्षक सात बजे स्कूल आएंगे उन्हें दो बजे तक स्कूलों में रहना होगा। साथ ही, कड़ी धूप स्कूल से घर लौटना होगा।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया समय बदलने की मांग



अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने पुराने समय पर मॉर्निंग क्लास आयोजित करने और स्कूलों का संचालन करने की शिक्षा विभाग से मांग की है। पूर्व में मॉर्निंग में स्कूलों का संचालन सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े 11 बजे था। इसमें साढ़े नौ बजे मिड-डे मील बच्चों को मिलता था। संघ का कहना है कि यह व्यवस्था लागू रहने से जो बच्चे खाली पेट भी घर से आएंगे। उन्हें जल्द ही मिड-डे मील दे दिया जाएगा। वर्तमान में विभाग की ओर से जारी निर्देश से बच्चों को मिड-डे मील देने में देरी होगी और उससे उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बिजली करंट की चपेट में आने से युवक घायल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के खरौंधी सिसरी निवासी जसमुदिन अंसारी का पुत्र रखीम अंसारी बीती रात्रि अपने घर के छत पर लगे बिजली के 11 हजार तार के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के बारे में स्वजनों ने बताया कि रात्रि में अपने घर के छत पर रखीम गया था। अंधेरे में 11 हजार बिजली तार के चपेट में आ गया। जिससे उसके हांथ व गर्दन बुरी तरह झुलस गए है।

### मुखिया ने पुत्र की खोजबीन के लिए प्रशासन से लगायी गुहार

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखण्ड के कैलान पंचायत के मुखिया सुकनी देवी ने अपने 32 वर्षीय पुत्र विनोद कोरवा को खोज बिन के लिए प्रशासन एवं समाजसेवीयों से गुहार लगाई है। मुखिया सुकनी देवी ने बताया कि मेरा पुत्र विनोद कोरवा को बरडीहा थाना क्षेत्र के लालगड़ा के ठेकेदार बबलू यादव एक माह पूर्व मजदूरी करने के लिए सिकन्दराबाद ले गया था। अभी तक पहुचने की सूचना घर पर नहीं मिला है। विनोद कोरवा घर से निकलने के दूसरे दिन फोन कर कहा था कि रामगढ़ स्टेशन पर हैं पैसा मेरे पास नहीं है। ठेकेदार कही भाग गया है मैं राहगीर के मोबाइल से फोन कर रहा हूं। जिसके बाद से अभी तक विनोद कोरवा का कोई खबर नहीं है। वहीं ठेकेदार द्वारा कोई सूचना दिया गया है। मुखिया सुकनी देवी के द्वारा अभी तक गुमसुदगी का आवेदन थाना में नहीं दिया गया है।

### महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के एक महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने व विरोध करने पर मारपीट करने को लेकर भवनाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही महिला को मंगलवार को मेडिकल व बयान को ले गढ़वा भेजा गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि महिला का रिश्ते में लगने वाला पड़ोसी देवर राकेश कुमार दास पिता पंचम दास चपरी गांव निवासी अपने भाभी का अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर वायरल कर दिया। जब महिला के स्वजनों को इस बारे में पता चला तो पूछताछ करने के बाद मारपीट करने लगा। महिला ने भी इसका पूरा विरोध किया तो महिला को भी जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। चूंकि महिला के पति बाहर काम करता है। उसको सूचना मिलने पर घर पहुंचा व इसकी लिखित शिकायत भवनाथपुर थाना में किया। जिसके बाद भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने त्वरित कर्रवाई करते हुए महिला को मेडिकल व बयान के लिए गढ़वा भेज दिया है। वहीं आरोपी घर से फरार बताया जा रहा है।

# बालू की किल्लत, विकास योजनाओं पर असर



नवीन मेल संवाददाता

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं के लिए बालू का मिलना इन दिनों बंद हो गया है। उक्त कारण पूर्व से स्वीकृत मनरेगा की योजना सिंचाई कूप के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना जहां पेंडिंग में पड़ा है। वहीं मनरेगा से लेकर 15 वे वित्त की नई योजना का स्वीकृति आदेश पर भी अब संकट मंडराने लगा है। सरकार के निर्देश के बाद भी विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि अपने-अपने पंचायतों में मामले को लेकर नई योजनाओं की स्वीकृति देने को लेकर सकते में पड़ गए हैं। जबकि उन्हें मनरेगा से लेकर 15 में वित्त के नई योजना की स्वीकृति के लिए सरकार की ओर से कई बार निर्देश दिया जा चुका है। बताते चलें कि डंडई के यूरिया नदी बालू घाट व पिपराहवा बैलझखरा यूरिया नदी बालू घाट श्रेणी 1 से बालू उठाव करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्ब्रम के गलत निर्णय के कारण वहां से बालू का उठाव नहीं हो पा रहा है। वहीं अंचलाधिकारी का उक्त निर्देश डंडई पंचायत के जनप्रतिनिधि को नागवार लगा और मामले की शिकायत उनके द्वारा जिला खनन कार्यालय गढ़वा में कर दिया गया। उनके हस्तक्षेप के बाद बालू उठाव कराने का करके पंचायत के जनप्रतिनिधि को दिया गया। अधिकार वापस लेकर पुनः डंडाई पंचायत के जनप्रतिनिधियों को दे दिया गया। उसके बाद डंडाई पंचायत के राजस्व स्लिप पर दोनों घाटों से बालू का उठाव शुरू हो गया। इस बीच प्रखंड के कई पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं के कार्य स्थल पर बालू पहुंचना भी शुरू हो गया। लेकिन यह प्रक्रिया कुछ ही दिनों तक चल पाया। करके पंचायत के जनप्रतिनिधि के वाद विवाद के बाद दोनों बालू घाट से बालू का उठा होना बंद हो गया जो आज तक पूरी तरह बंद है। मामले में प्रखंड से लेकर जिला तक के पदाधिकारियों के द्वारा अगर ठोस पहल नहीं किया गया तो उसका सीधा असर प्रखंड क्षेत्र के विकास योजनाओं पर पड़ना लाजमी है।

# कमांडर जीप पेड़ से टकरायी, चार घायल



**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया मदगड़ी रोड स्थित धमधमवा पत्थर के समीप कमांडर जीप के पेंड़ में टकराने से कमांडर में सवार चार लोग बुरी तरह घायल हो गये। वहीं आधा दर्जन लोग को हल्का चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार कमांडर सवार सभी लोग अपने-अपने बच्चों के भंडरिया कस्तुरबा अवासीय विद्यालय से छुट्टी करा कर कमांडर से अपने घर ले कर लौट रहे थे। वहीं धमधमवा पत्थर तीखे मोड़ पर कमांडर जीप पेड़ से टकरा गयी। घायल भंडरिया थाना क्षेत्र के सन्या गांव निवासी शिवनाथ सिंह के 15 वर्षीय लड़की चिंता कुमारी, कैलाश सिंह के 14 वर्षीय लड़की अंजनी कुमारी, गुडु किसान 35वर्ष, वहीं दशु सिंह 50वर्ष के नाम शामिल है। सभी घायल सन्या गांव के हीं है। घटना की सूचना पर भंडरिया थाना में पदस्थापित एस आई प्रसिद्ध पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त कमांडर जीप पंजीयन संख्या जे एच 01ई0701 को जब्त करते हुए थाने लाया गया। भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिंता कुमारी का हालत खराब होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेजा गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में पूजा हवन के साथ कक्षा सत्र शुरू

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में 3 अप्रैल दिन सोमवार से नवीन सत्र 2023-24 का शुभारंभ हो गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय में नव नामांकित एलकेजी की लिटिल चैंपियन हर्षिका ने मां शारदे, भारत माता, ओम, वीर हनुमान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पा अर्पित कर किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने प्रातः 6:00 बजे से संपूर्ण दुर्गा सप्तशती पाठ संगीतमय सुंदरकांड एवं 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। जहां आचार्य कौशलेंद्र झा के वैदिक मंत्रोचार के बीच प्रधानाचार्य ने आवाहित देवी-देवताओं का पंचोपचार पूजन विधिवत किया। इस दौरान सभी भैया बहनों आचार्य एवं दीदी और अभिभावकों ने भक्ति पूर्वक हवन यज्ञ में अपनी सहभागिता दर्ज की। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भैया बानो को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन सत्र आप सभी भैया बहनों के लिए नवीन ऊर्जा और उमंग से परिपूर्ण हो आप लोग मनोयोग से स्वविषय का अध्ययन करें। वहीं विद्यालय के सभी गतिविधियों में भाग लें। जिससे आप पर सर्वांगीन विकास हो और आप विद्यालय के साथ-साथ परिवार समाज और देश का नाम रोशन करें। नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मैदान में रंगोली द्वारा स्वास्तिक संघ सत्र आरंभ आदि मनमोहक ढंग से बनाए गए थे। सस्वर सामूहिक आरती आकर्षण का केंद्र रहा। पूजन के बाद भैया-बहनों और अभिभावकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, पिंटू कुमार सिंह, सत्येंद्र प्रजापति, सुजीत कुमार दुबे, दीपक कुमार, सुरेश सिंह, ललिता देवी, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व भैया बहन मौजूद थे।

# झारखंड किसी एक पार्टी की नहीं : रघुवर




नवीन मेल संवाददाता

**मेराल (गढ़वा)।** गढ़वा के प्रसिद्ध देवस्थल ब्रह्म स्थान लगमा के प्रांगण में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सहित कार्यकर्ता तथा आम आदमी शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास ने जन चौपाल में आए लोगों की समस्या सुनने के बाद अपनी पार्टी के कार्यक्रम सिद्धांत तथा भविष्य के कार्य योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता को जन सेवा का माध्यम मानकर काम करती है। जबकि वर्तमान सरकार सत्ता को मेवा का साधन मानकर काम कर रही है तथा मुख्यमंत्री से लेकर संत्री तक राज्य को लूटने में लगे हुए है। वर्तमान सरकार में बालू, पत्थर तथा कोयला का अवैध कारोबार के साथ-साथ ट्रांसफर पोस्टिंग को उद्योग बना लिया गया है। जिस पार्टी का मुखिया ही अवैध कारोबार में संलिप्त हो, वहां अन्य लोगों से ईमानदारी की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रहार करते हुए कहा कि वे बालू तथा पत्थर के अवैध धंधा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चे पर विफल वर्तमान सरकार से जनता की भरोसा उठ चुकी है। श्री दास ने कहा कि झारखंड किसी पार्टी या परिवार का नहीं है बल्कि यहां के सवा तीन करोड़ आबादी का राज्य है। वर्तमान सरकार में निष्पक्ष तथा ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया जाता है। वहीं भाषण के दौरान उन्होंने कहा की पदाधिकारियों को निष्पक्ष भाव से काम करना चाहिए क्योंकि सत्ता एवं सरकार आती-जाती रहती है। सरकार के कार्यकर्ता की तरह काम करने वाले अधिकारियों पर भारतीय जनता पार्टी पैनी निगाह रखी हुई है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ब्रह्मा बाबा की विधिवत पूजा अर्चना की तथा अपनी पार्टी एवं राज्य की खुशहाली के लिए कामना किया। जन चौपाल के अंत में झामुमो महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जन चौपाल में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी गढ़वा जिला प्रभारी अमित सिंह पूर्व विधायक सह मंत्री गिरिनाथ सिंह, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, पूर्व सांसद बृज मोहन राम, जवाहर पासवान, अलखनाथ पांडे, प्रभात भुईआं, उमेश कश्यप कार्यक्रम के संचालन कर रहे संतोष दुबे, रघुराज पांडे गिरेन्द्र पांडे शिवधारी राम अनिल पांडे, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिता गुप्ता आद्या शंकर पांडे, चंदन जायसवाल राजकुमार गुप्ता, प्रदीप पासवान, विनोद तिवारी, वीना पाठक, सूरज गुप्ता, कंचन जयसवाल, कैलाश कश्यप डॉ विश्वनाथ ठाकुर, रूपा सिंह, भोला चंद्रवंशी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा का जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

# गढ़वा व पलामू का बालू उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा है

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** भाजपा द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बिलासपुर (बगीचा) में सोमवार जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि इस सरकार में जल, जंगल बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा है लेकिन गढ़वा व पलामू का बालू उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा है। अबुआराज के नाम पर बबुआ मुख्यमंत्री अपने चुनावी वादे के ठीक विपरीत काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2 साल के अंदर 50 हजार युवाओं को नौकरी देने की बात कही गई थी लेकिन सभी बातें खोखला साबित हुई। सरकार कभी 1932 खतियान, कभी भाषा के विवाद तो कभी स्थानीय नीति के नाम पर युवाओं को छल रही है। उन्होंने कहा कि एक भी काम धरातल पर नहीं उतर रहा है। किसान किसी भी देश किसी भी राज्य के अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। लेकिन कृषि लोन माफी के नाम पर किसानों को भी सरकार ने छलने का काम किया है। ढाई लाख की जगह सिर्फ 50 हजार तक के लोन माफ किये गए। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पास विजन नहीं है। बिना विजन के काम नहीं किया जा सकता है। ये सरकार सिर्फ मेरे द्वारा चलाई गई योजनाओं का नाम बदलने में लगी रही है। वहीं 11 अप्रैल को रांची में इस सरकार के खिलाफ भाजपा आंदोलन करेगी, जिसमें आपसभी को आमंत्रित कर रहा हूं। पूर्व मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह सरकार कटरपंथी सोच वालो का संरक्षण करती है। पांकी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस एकतरफा कार्यवाई की है। उन्होंने कहा कि भगोडीह ग्रिड का निर्माण करवाया जिसके कारण आज 20 घन्टे बिजली मिल पा रहा है।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर, नियोजन नीति को किया समाप्त

मझिआंव (गढ़वा)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने निर्धारित समय से काफी विलंब नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंचे। जहां नगर पंचायत क्षेत्र के नगर मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा महामंत्री भाजपा के अध्यक्ष एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने बुके देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उपस्थित सभी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान की सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह लचर है। अधिकारी लोग सरकार के निर्देश पर मनमानी ढंग से कार्य को कर रहे हैं। जहां पर गरीब लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाभ मिलनी चाहिए उसे ना मिलकर बिजोलिया गिरी पूरी तरह हावी है। दास ने कहा कि मौजूदा सरकार में दंगा फसाद, माफियागिरी, बालू उत्खनन बड़े पैमाने पर हो रही है जहां प्रशासन प्रशासन एवं मौजूदा सरकार पूरी तरह कुंभकरण की नींद सोई हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि यह सरकार युवाओं को नौकरी देने के नाम पर आई थी परंतु पूरी तरह विफल साबित हुई। झारखंड में जो भाजपा की सरकार थी तो मेरे द्वारा लाखों युवाओं को कई विभागों में युक्तियां कराई गई थी। तथा हर विभाग में पड़े रिक्त स्थानों को पूर्ति हेतु वैकेंसी भी निकाली हुई थी। रघुवर दास ने कहा कि मेरी सरकार गरीबों की सरकार दंगा फसाद, माफिया गिरी, बालू उत्खनन जैसे अनेक अवैध रूप से कार्य करने वाले लोगों पर अंकुश लगाई गई थी। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष, संजय कमलापुरी प्रेमानंद त्रिपाठी,सबेन्द्र पांडे, दीपक कुमार, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने धुरकी थाना का किया औचक निरीक्षण

**धुरकी (गढ़वा)।** जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने मंगलवार को धुरकी थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना में विभिन्न कांड से संबंधित मामलो का गहनता से निरीक्षण किया। वहीं एसटीएससी के अलावा पुराने मामलो का भी गहनता से पड़ताल किया। वहीं एसपी ने कई मामलो का निष्पादन करते हुए बताया कि मामलो के सुपरविजन कर्ता पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया है। लंबित मामलो को ससमय कांड का अनुसंधान कर ससमय केस को निष्पादन करें। वहीं एसपी ने एसटीएससी कांड से संबंधित मामलो मे भुक्तभोगियों से पूछताछ की। इस दौरान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी सदानंद कुमार, एसआइ कृष्ण रजवार सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### ससुराल में युवक की पिटाई, घायल

**गढ़वा।** ससुराल में पत्नी को लेने आए युवक को उसके चचेरे ससुर व रिश्तेदारों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना डंडा थाना क्षेत्र के मोतीहारा गांव में मंगलवार को घटित हुई है। मामला पैसे के लेनदेन का बताया जा रहा है। घायल उपेंद्र चौधरी पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गांगी गांव निवासी प्रमोद चौधरी का पुत्र है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में मोतीहारा गांव निवासी अशोक चौधरी की पत्नी बसंती देवी ने बताया कि उपेंद्र चौधरी उसका दामाद है। विगत वर्ष ही उपेंद्र के साथ उसकी बेटी का विवाह हुआ है। विवाह में अशोक चौधरी ने चैनपुर थाना के केवालपर गांव के अपने भगीना अरुण चौधरी से पैसे उधार लिए थे। बसंती देवी ने बताया कि सोमवार को अरुण चौधरी, उसकी मां सुनीता देवी, बहन मनती देवी, बहनोई अरविंद चौधरी, मोतीहारा गांव के विनय चौधरी, उसका पुत्र मनोज चौधरी व मां मुसनी कुंवर आदि ने अशोक चौधरी के घर पर आकर पैसे देने के लिए दबाव बनाने लगे। इस दौरान अशोक चौधरी के दामाद उपेंद्र के साथ भी गाली गलौज करने लगे। जब उपेंद्र ने इसका विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। इस घटना को लेकर घायल उपेंद्र चौधरी ने डंडा थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### भगवान महावीर की जयंती मनी

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में भगवान महावीर जयंती समारोह कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, आचार्य विवेक कुमार एवं अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे एवं भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस कार्यक्रम के बौद्धिककर्ता विवेक कुमार ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र का विशद वर्णन करते हुए कहा कि जो युद्ध के मैदान में लड़े वह वीर हो जाए, जो अपने मन से लड़े वह महावीर हो जाए। भगवान महावीर के उपदेश, अहिंसा, सत्य अस्तेय, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य का वर्णन करते हुए अपने जीवन में आत्मसात करने की आह्वान किया। हिंसा का अर्थ केवल दूसरों की हत्या करना ही नहीं वरन दूसरों के बारे में गलत विचार मन में लाना भी हिंसा का ही रूप है। मौके पर कौशलेंद्र झा नीरज कुमार सिंह पिंटू कुमार सिंह अविनाश कुमार नंदलाल पांडे सुधीर श्रीवास्तव, सुजीत कुमार, विवेक पाठक, दीपक कुमार, रेनू कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**भ्रष्टाचार** | पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा गढ़वा सहित पूरे झारखंड में गरीबों का हक मारा जा रहा है

# विकास में नहीं, राज्य को लूटने में लगी है सरकार



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में गरीबों का हक मारा जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों को दोहन किया जा रहा है। बीडीओ से लेकर डीसी, एसपी तक भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। भाजपा की ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों व अधिकारियों पर पैनी निगाह है। सत्ता में आते ही भ्रष्ट पदाधिकारी व अधिकारी होटवार में नजर आएंगे। लोकतंत्र में सत्ता आती-जाती रहती है। अधिकारियों को नियम के अनुसार कार्य करना चाहिए न कि किसी राजनीति पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में। कांग्रेस, झामुमो, राजद सभी परिवार की पार्टी है मगर भाजपा एक-एक कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं को शिखर तक पहुंचने का मौका दिया जाता है। पूर्व सीएम मंगलवार को सदर प्रखंड के खजूरी गांव स्थित ब्रह्म स्थान परिसर में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों से एक-एक कर गढ़वा की समस्याओं अवगत हुए। उन्होंने कहा कि मंत्री से लेकर संतरी तक राज्य की संपदा को लूटने में लगे हुए हैं। बालू, कोयला व पत्थर का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। ईमानदार अधिकारी प्रताड़ित किए जा रहे हैं। गरीब परिवार से ताल्लुकात रखकर आईएएस बने गढ़वा के पूर्व डीसी रमेश घोलप को हटा दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद व अपनी पत्नी के नाम पर पत्थर लीज लेकर व्यापार करने में लगे हुए हैं तो उनके मंत्री से भी जनता कोई उम्मीद नहीं कर सकती है। हेमंत सोरेन की सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिध के संरक्षण में नियम कानून को ताख पर रखकर कार्य किया जा रहा है। अंचल कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। योजनाओं में 60 प्रतिशत तक कमीशनखोरी हो गया है। गरीबों के जमीन को लूटा जा रहा है। अच्छे अधिकारियों का तबादला कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता त्रस्त हो चुकी है। मौके पर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, प्रभात भुइंया, शिवधारी राम, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, रघुराज पांडेय, विवेकानंद तिवारी, सूरज गुप्ता, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, वीणा पाठक, रूपा सिंह, पार्वती सिंह, अनीता गुप्ता, उमेश कश्यप, नीरज पाठक, अंकित तिवारी, उज्जवल चौबे आदि मौजूद थे।

### पूर्व सीएम से की कई समस्याओं की शिकायत

**गढ़वा।** भाजपा के जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान दयावंद प्रसाद ने कहा कि धड़ल्ले से जंगल काटे जा रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। नंदलाल दुबे ने एनएच-75 सड़क निर्माण में मुआवजा की राशि भुगतान कराने की मांग की। विद्यार्थी पिंटू गुप्ता ने कहा कि शिक्षित युवा नौकरी की आस में बैठे हैं, सात वर्षों से कोई बहाली हो रही है। जितेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि दैनिक मजदूरी पर वन विभाग में कार्य कर रहे हैं समय पर भुगतान नहीं होता, बिना धरना प्रदर्शन किए मानदेय नहीं मिलता। गृह रक्षकों ने कहा कि गढ़वा में डयूटी लगाने की समस्या है, होमगार्ड के जवान डयूटी नहीं मिलने पर पलायन को विवश हैं। अखिलेश चौधरी ने कहा कि पूर्वजों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। नान्हु यादव ने मेराल के कुंभी रेलवे लाईन के पास गेट लगवाने की मांग की। लालमोहन ने कहा कि मेराल में अच्छे सड़क पर सड़क निर्माण कराकर पैसों की बंदरबांट किया जा रहा है। अरविंद धर दुबे ने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कागजात के पेंच में किसानों को दौड़ाया जा रहा है। मालती कुजूर ने कहा कि आदिवासियों के जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। गरीबों को बेघर करने की साजिश की जा रही है। गायत्री देवी ने कहा कि पीएम आवास के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

# दो सौ लोगों ने झामुमो छोड़ थामा भाजपा का दामन

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के खजुरी गांव में आयोजित भाजपा के जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान करीब दो सौ लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थामा। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से झामुमो महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष अंजली गुप्ता, सोनू केशरी, टिंकू गुप्ता का नाम शामिल हैं। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि अंजली गुप्ता एक तेज-तर्रार महिला हैं। इनके भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी। वहीं सोनू केशरी के नेतृत्व में भी कई युवाओं ने पार्टी में शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को उचित सम्मान मिलेगा। भाजपा में ही महिलाओं को सम्मान दिया जाता हैं। जिसका उदाहरण पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव हैं। पार्टी ने उन्हें जिला परिषद से विधायक और मंत्री जैसे पद को सुशोभित कराने का काम किया हैं। अंजली गुप्ता ने कहा कि उन्होंने झामुमो के लिए काफी मेहनत किया। अब भाजपा के लिए काम करूंगी। झामुमो महिलाओं का सम्मान नहीं है। अब वह भाजपा की सदस्यता लेकर काफी खुश हैं। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में अर्जुन पाल, शोभा देवी, ममता देवी, फुलकुमारी देवी, उषा देवी, फूला देवी, तसमिना बीबी, बिंदा देवी, ललिता देवी, सुखलाल साव, प्रतिमा देवी, शीला देवी, रीमा देवी, देवंति देवी, प्रमोद चौधरी सहित अन्य का नाम शामिल हैं। मौके पद महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सह जिला प्रभारी अमित सिंह, भाजपा नेता जवाहर पासवान, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, भाजपा नेत्री कंचन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र दुबे सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एक भवन में दो स्कूल, चार शिक्षक होने के बाद भी बंद रहता है स्कूल




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
झारखंड सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों को शिक्षा दिलाने की तमाम कोशिशों के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही पूर्ण रवैया नजारा आ रहा है. प्रखंड महुआडांड़ का अति पिछड़ा पाठ क्षेत्र ओरसा पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामडीह और राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोगाडीह का है, दोनो स्कूल एक ही भवन के दो-दो कमरे में संचालित है। ज्ञात हो कि डोगाडीह स्कूल भवन छतिग्रस्त होने के बाद 36 नामंकित बच्चों को जामडीह स्कूल के भवन में लाकर पढ़ाया जा रहा है. डोगाडीह से जामडीह की दूरी 1 किमी है, जामडीह ग्राम झारखंड का राजस्व गांव है, जो छत्तीसगढ की सीमा क्षेत्र से लगा हुआ है, और अपने प्रखंड मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर है। दो स्कूल के तहत चार शिक्षक एवं लगभग 95 बच्चे नामंकित है, एक शिक्षक स्कूल आता है, रोज स्कूल नही खुलते, सोमवार को स्कूल रूम के बाहर शिक्षकों का इंतजार करते एवं रसोइया के 11 बजे तक नही आने के बाद लगभग 20 बच्चे मध्यान भोजन किये बिना, घर लौट गये. छात्र मंगनी नगेसिया, राजेश नगेसिया, जयपाल नगेसिया, राजेंद्र,नगेसिया, शिव गोविंद, देवमुनि नगेसिया, बीफनी नगेसिया बच्चो ने कहा कि सप्ताह में तीन-चार दिन मास्टर आते है, अंडा कभी -कभी मिलता है, बच्चो ने यह भी बताया कि करोना के कारण बंद रहे मध्याह्न भोजन का पैसा केवल तीन-तीन सौ एक बच्चे को मास्टर द्वारा दिया गया है। जामडीह ग्राम प्रधान भरत नगेसिया ने कहा कि विद्यालय में सुधार होने के बजाय,साल दर साल स्तिथि और खराब हो गई है, ज्यादातर बच्चे पढ़ने वाले आदिवासी हैं, शिक्षक भी आदिवासी है, लेकिन इनकी चिंता नहीं करते, शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होती है,अति पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण कोई अधिकारी भी क्षेत्र में नहीं आता है, केवल नोटिस के नाम खानापूर्ति कर ली जाती है।

### जांच की जायेगी, भवन नहीं है, विभाग को है पता : बीओ

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने कहा कि कहां कि जांच कर, दोषी पाए जाने पर, कारवाई हेतु विभाग के आधिकारीयों को पत्र लिखा जायेगा साथ कहा कि डोगाडीह स्कूल के भवन के लिए मांग कि गई है।

## जय भारत सत्याग्रह में चंदवा के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता लेंगे भाग : असगर खान

**चंदवा।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने एवं लोकतंत्र को बचाने को लेकर लातेहार जिला मुख्यालय में 5 अप्रैल 2023 दिन बुधवार को जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। इसमें चंदवा प्रखंड से सैंकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ता संम्पर्क कर रहे हैं तैयारी की जा रही है।उन्होंने आगे कहा कि अडाणी की संसद में पोल खोलने के कारण एक साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से देश की जनता उब चुकी है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और देश को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। चंदवा आगमन पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडे, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, सांसद गीता कोड़ा, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विजय चौबे, पुणीर्मा पांडे, रमेश कुमार चीनी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## डॉ अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीरेंद्र पासवान के अध्यक्षता मे अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई । बैठक मे मुख्य रूप से भारत रत्न आधुनिक भारत सह भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की पुरे विश्व स्तर पर जयंती समारोह मनाया जाता है ।जयंती को धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाने हेतु सहमति के लिए सात अप्रैल को बारिखाप स्थित बैठक की जाएगी. उक्त बैठक मे अधिक से अधिक बहुजन समुदाय के लोगों को आने का आग्रह किया है ताकि कमिटी का भी निर्माण किया जायेगा. साथ ही जयंती स्थल का भी चयन करने साथ सहयोग राशि के लिए भी विचार विमर्श किया जायेगा।

## शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती मनाई

**बारियातू।** बाजारटांड स्थित बीरेंद्र पासवान के आवास मे मंगलवार को सम्भु पासवान के नेतृत्व मे पासवान समाज द्वारा दुसाध शिरोमणि महाबली बाबा चौहरमल जी की 710 वी जयंती मनाया गया ।जयंती के अवसर पर पासवान समाज द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए उनको याद किया । वहीं वीर बाबा चौहरमल अमर रहे अमर रहे का भी उदघोष लगाया गया। चौहरमल बाबा की जन्म भूमि एवम उनके वीरता के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई । शंभु पासवान ने वीर बाबा की पूरी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी समाज कल्याण के बारे में कहा की वीर बाबा एक युग पुरुष थे। मौके पर बीरेंद्र पासवान बीरु, देवनंदन राम, दुलारचंद पासवान, शंकर पासवान, संतोष पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बारियातू।** बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी का निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया । भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह व युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केशरी के नेतृत्व मे जनसम्पर्क अभियान चलाया । जहाँ निर्धारित तिथि के अनुसार पांच अप्रैल को कार्यक्रम बालू पंचायत में ग्यारह बजे से शुरू किया जायेगा। जिसको लेकर बालूभाँग, फूलसु, डाढा, बारियातू, गोनिया, साल्वे, शिबला अमरवाडीह, टोटी सभी पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं को आग्रह करते हुए 10 बजे बारियातू के हाई स्कूल मेन रोड के फील्ड में पहुंचने की अपील की है। मौके पर देवनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, निरंजन राम, रिंकू यादव, धनु यादव, दुलारचंद पासवान सहित अन्य कार्यकताओं ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

## आवेदन देकर पुत्री को वापस दिलाने की मांग की

**लातेहार।** हिरनमोय लकड़ा ने पुत्री को वापस दिलाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा। हरनमोय लकड़ा पिता विध्याधर मेहरा ग्राम मननचोटाग पंचायत धनकारा लातेहार निवासी ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि मेरी पुत्री निधी राज उम्र 12 वर्ष को मेरी दीदी एमलेन लकड़ा तथा छोटी दीदी उजियालेन लकड़ा ले गई है। उसके वापस के लिए हम लातेहार थाना प्रभारी को 26 मार्च 2023 को आवेदन दिया था लेकिन थाना प्रभारी ने बच्ची को थाना बुलवाया लेकिन फिर हमको न सौंपकर मेरी उजियालेन दीदी को ही वापस दिया। वहीं पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पुत्री को वापस दिलाने की मांग की है।

## स्थापना दिवस पर सद्भावना दौड़ का आयोजन

**लातेहार ।** चार अप्रैल को लातेहार जिले का 22 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम का शुरूआत प्रभात फेरी और सदभावना दौड़ से किया गया। आईटीडीए निदेशक बिंदेश्वरी ततमा ने इसका शुभारंभ किया। सदभावना दौड़ कारगिल पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य पथ होते हुए समाहरणालय पहुंची। सदभावना दौड़ में बीपीओ सुबोध चंदेल, शिक्षक अमेरिका प्रसाद के अलावा एनसीसी, स्काउट व गाइड सहित अन्य कई विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया।

## हादसे में अधेड़ की दोनों पैर क्षतिग्रस्त

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार दोपहर को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-रांची फोरलेन बायपास सड़क किनारे नवनिर्मित सीआरपीएफ कैंप के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से आनंदी भुईया गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि इस हादसे में घायल व्यक्ति के दोनों पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया जा रहा है। वहीं आक्रोशित परिजन व ग्रामीण घटनास्थल पर सड़क जाम करते हुए समुचित मुआवजा की मांग करने लगे। साथ हीं, जानमाल की सुरक्षा को लेकर चौबीसों घंटे होने वाले कोल वाहनों के परिचालन पर भी रोक लगाने पर अड़ गए।

## विवादित स्थल जांच में पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी

**मयूरहंड(चतरा)।** थाना क्षेत्र के हुसिया गांव में वर्षों से तज्या उठाने वाला स्थल पर विवाद शुरू हो गया।विवादित स्थल जांच के लिए मंगलवार को मयूरहंड प्रभारी अंचल अधिकारी साकेत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी रामवृक्ष राम पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने भूमि पर मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज की मांग दोनों समुदाय के लोगों से किया।इस दौरान दोनो पक्ष के लोगों से अंचल कार्यालय में कागजात लेकर प्रस्तुत होने का निर्देश दिया।जानकारी अनुसार दोनो पक्ष के लोग वर्षों से अपना अपना हक जताते आ रहे हैं।कुछ वर्षों से उक्त स्थल पर मुस्लिम समुदाय के लोग अनुसूचित जाति के लोग के रजामंदी से तज्या उठाते आ रहे है।

### जन चौपाल कार्यक्रम में पूर्व सीएम रघुवर दास शिरकत करने पहुंचे बरवाडीह

# गठबंधन सरकार को हटाने के लिए 11 को रांची पहुंचें : रघुवर



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर के गांधी मैदान में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। कार्यक्रम में शिरकत करने के पूर्व पार्टी के जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों के द्वारा प्रखंड के कुटमु चौक के पास सैकड़ों की संख्या में बाइक और अन्य वाहनों के साथ उनका स्वागत किया गया। जहाँ रघुवर दास ने कुटमु चौक पर उतर कर राजा मेदनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का काम किया ज्ञात है कि वर्ष 2018 में रघुवर दास के द्वारा ही राजा मेदनी राय की प्रतिमा का अनावरण करने का काम किया गया था। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद रघुवर दास सड़क मार्ग से बेतला केड होते हुए छिपादोहर के गांधी मैदान पहुंचे जहां कार्यक्रम स्थल पर पार्टी के प्रदेश महिला और जनजाति मोर्चा के सदस्य मंजू देवी के नेत्तित्व महिलाओं कार्यकर्ता और समर्थकों के द्वारा फूलों की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने जमकर वर्तमान सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि राज्य को महागठबंधन की नही चोरों के गठजोड़ की सरकार है, जो अपने सभी किये वादों को पूरा करने के बजाय युवाओं महिलाओं को ठगने का काम कर रही है और राज्य के खनिज संपदा को दूसरे राज्य को बेच के अपना झोली भर रही है। जिसे राज्य की जनता जान चुकी है उन्होंने यह भी कहा की डबल इंजन की सरकार की सभी योजनाओं को या तो बन्द कर दिया जा रहा है या उन योजनाओं का नाम बदल कर उसका लाभ कम कर दिया जा रहा है इस लिए इन चोरों के खिलाफ 11 अप्रैल को राँची पहुँच कर आंदोलन में शामिल हो। उन्होंने प्रदेश सरकार में हो रही लूट खसोट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिम्मेदार ठहराते हुए ऐसी भ्रष्ट सरकार को हटाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने पर जोर दिया।

### ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

रघुवर दास ने जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को जाने का काम किया छिपादोहर के ग्रामीणों के द्वारा छिपादोहर को प्रखण्ड बनाने की मांग को लेकर रघुवर दास को माँग पत्र सौपने का काम किया गया। वही पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को कोरोना काल से छिपादोहर रेलवे स्टेशन में बंद किये गए पलामू एक्सप्रेस, शक्तिपुंज एक्सप्रेस, बीडीएम पेसेंजर ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर मांग पत्र सौपा गया इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा डीलर के द्वारा कम राशन देने, हरा कार्ड धारकों को कम राशन मिलने, उज्ज्वला गैस कनेक्शन के दाम अधिक होने समेत कई मागों पर धायन आकर्षित कराया।

### तलवार देकर जिला अध्यक्ष ने किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान रघुवर दास का पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने तलवार और अंग वस्त्र भेंट कर के समान्नित किया जहाँ रघुवर दास ने तलवार से सभी चोरों की सोच और भ्रटाचार को समाप्त करने और एक बार फिर से मोदी सरकार को लाने का आह्वान किया। वही इस दौरान जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने भी रघुवर दास को पहाड़ी मंदिर के दुरजागिन मां की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया जहाँ रघुवर दास ने आगामी दौरे में मंदिर आने की बात कही। वही मौके पर मौजूद पार्टी की अन्य नेताओं ने भी रघुवर दास को सम्मानित किया।

## 24 कुंडली नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूर्ण

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप चन्दनडीह गायत्री प्रज्ञा कुंज में 24 कुंडली नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। कल दिनांक 5 अप्रैल को सुबह6.30 से कलश यात्रा शोभा यात्रा निकाली जाएगी।संध्या में योग संगीत युग संदेश अध्यात्म गायत्री युग शक्ति का कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। वही दूसरे दिन सुबह में यज्ञ ज्ञान विज्ञान देव पूजन दोपहर में कार्यकर्ता गोष्टी संगठनात्मक स्वरूप रात में प्रवचन संगीत का कार्यक्रम 8 अप्रैल तक चलेगी जिसमें मनुष्य के जीवन मे जिस प्रकार से संस्कार जरूरी है।इस कार्यक्रम के माध्यम से मुंडन संस्कार विद्या ग्रहण संस्कार मुजुट्ठी संस्कार सहित जो 16 संस्कार है जो मनुष्य जीवन के लिए जरूरी है उस पर विशेष आध्यात्मिक ज्ञान दिया जाएगा .और संस्कारित किया जाएगा इस आयोजन में देवेंद्र प्रसाद दिलेश्वर यादव.लव तिवारी संदीप कुमार भोला प्रसाद जवाहर प्रसाद उर्मिला देवी सुशीला साहू अशोक प्रसाद संजय कुमार सहित सैकड़ों गायत्री परिवार के परिजन लगे हुए हैं आप इसमें शामिल होकर के पुण्य के भागी बने अपने जीवन को सफल करें।

## लेवी मांगने के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थानें में दर्ज लेवी मांगने के अरोपी के हंटरगंज थाना क्षेत्र के पचमो पांडेयपुरा गांव स्थित घर में मंगलवार को पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। ग्रामीणों की उपस्थिति में डुगडुगी बजवाकर घर के दरवाजे पर मयूरहंड से गए पुलिस पदाधिकारियों ने इस्तेहार चिपकाया। पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा के आदेशानुसार लंबित कांडों की समीक्षा में मयूरहंड थाना कांड संख्या 90/2018 के नामजद अभियुक्त बलवंत उर्फ छोटू के घर पहुंच कर इस्तेहार चिपकाया गया। आरोपी जल्द से जल्द न्यायालय में आत्म समर्पण करे नहीं तो कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी पर मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा से आरा भुसाही सड़क निर्माण करवा रहे ठिकेदार से लेवी का मांग किया था। लेवी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दिया था। इस्तेहार चिपकाने में अवर निरीक्षक श्री राम पंडित, शस्त्रबल में सुमन झा, बिपिन राव, दिनकर दास, दिनेश कुमार सिंह, हंटरगंज थाना सहायक अवर निरीक्षक राजेंद्र नाथ मुंडा शामिल थे।

## बिजली तार के चपेट में युवक की मौत, एक गंभीर

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनी पंचायत के बेलगड़ा गांव के कुछ लोगों के लापरवाही से चोपारण (हजारीबाग) थाना क्षेत्र के देहर पंचायत अंतर्गत मुड़िया गांव निवासी 25 वर्षीय ईश्वर भुईयां पिता भुनेश्वर भुईयां की करंट लगने से दर्दनाक मौत हों गई। जबकी क अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटखोरी में युवक को भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई गौतम कुमार दास दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ग्रामीणों का आरोप है की जंगली जानवर को मारने के लिए कुछ लोगो द्वारा बिजली प्रवाहीत तार लगाया गया था, जिसके चपेट में युवक अचान आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि संबंधितों को चिन्हत कर कार्वाई की जाएगी।

## तीन घरों में लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के खुट्टी केवाल खुर्द गांव में रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों में चोरी की घटना का अंजाम दिया है। पीड़िता लोगों में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव राजद के नेता,देव लाल यादव तथा सुरेश सिंह सहायक शिक्षक शामिल है। घटना के समय घर के परिजन राम नवमी पूजा को लेकर अपने पैतृक गांव गए हुए थे। इस संबंध में स्थानीय थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार चंद्रदेव यादव ने 6000 नगद एवं आवश्यक कागजात तथा देव लाल यादव ने 7000 नगद एवं एक लैपटॉप चोरी होने की घटना दर्ज कराया है।तथा सुरेश सिंह बिहार के अपने पैतृक गांव गए हुए थे।जानकारी के अनुसार सुरेश सिंह का पैतृक गांव बिहार गए थे। उनकी पत्नी अनिता राय बिहार के सरकारी स्कूल में शिक्षक के पद पर है। खुद अपने खुट्टी केवाल खुर्द उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर हैं। रामनवमी का झंडा बदलने को लेकर अपना पैतृक गांव गए हुए थे। सुनसान घर को देखकर चोरों के द्वारा घर में रखें सामान साफ कर दी । इसकी जानकारी आसपास के लोगों के द्वारा थाने में दी। पीड़ित के अनुसार करीब 17 लाख की चोरी हुई एक लैपटॉप, नगदी 22 हजार, कीमती जेवर,कपड़ा चोरों ने चोरी की पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## प्रेम प्रसंग में कर दी गई युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतरा।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केंडीनगर गांव में 3 दिन पूर्व विष्णु नामक एक युवक की हत्या कांड का पुलिस ने उदभेदन करते हुए कांड में शामिल तीन को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है। इस मामले में पुलिस ने संजीत सोनी, रोहित कुमार, बीरेंद्र भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा चाकू, खून से सना टीशर्ट व दो मोबाइल बरामद किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर टीम का गठन कर मामले की तहकीकात शुरू की गई। टीम में राजपुर थाना प्रभारी विकास कुमार, एसआई नंदन कुमार सहित व टेक्निकल सेल के कर्मी शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि विष्णु का प्रेम प्रसंग गांव के ही एक युवती से चल रहा था। इसी मामले को लेकर आक्रोशित उपरोक्त तीनों लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया था।

### फर्जी एनकाउंटर का आरोप

## आरोप में कोई दम नहीं, सबूत है तो सामने लाएं : डीजीपी



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के परिजन ने फर्जी एनकाउंटर का बड़ा आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने पकड़कर गोली मारी है। वहीं, झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि परिजन के आरोप में कोई दम नहीं है। अदि ऐसे कोई सबूत है तो सामने लाएं। मारे गए नक्सलियों के परिजन ने कहा है कि वे सरेंडर करना चाहते थे और लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। पुलिस भी हमारे घर आती थी। सभी सरेंडर करने के इरादे से चतरा क्षेत्र में पहुंचे थे की पुलिस ने उन्हें धोखे में रखकर मार दिया। सैक मेंबर सुरेश पासवान उर्फ गौतम पासवान उर्फ बड़का दा के बेटे चंदन पासवान ने आरोप है कि पुलिस ने मेरे पिता को फर्जी एनकाउंटर में मारा है। इस मामले को लेकर मानवाधिकार आयोग जाएंगे। पुलिस नहीं चाहती है कि हम अच्छे से रहें। मेरे पिता आत्मसमर्पण करने वाले थे। सब जोनल कमांडर अजय यादव उर्फ नंदू के दामाद संतोष यादव ने आरोप है कि मुठभेड़ होता तो दोनों ओर से गोलियां चलती। लेकिन सरेंडर करने के बाद गोली मारी गई। वह 2000 के बाद से घर पर थे, लेकिन पुलिस से परेशान होकर दोबारा नक्सली बने थे। इस बाबत डीजीपी अजय कुमार सिंह का कहना है कि जो हुआ सामने है। मुठभेड़ का प्रमाण भी सबके सामने है। परिजन के आरोप में दम नहीं है। अदि सबूत है तो सामने लाएं।

**पूजा-अर्चना**

### चमरेंगा और एकचटिया ग्राम में धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल

# मांदर की थाप पर झूमे मुख्य अतिथि व ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के चमरेंगा एवं एक चटिया ग्राम में प्राकृतिक पूजा सरहुल धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि चमरेंगा ग्राम में पाहन द्वारा भूमि एवं पेड़ पौधा का विधिवत पूजा किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आरजेडी जिला कोषाध्यक्ष सह भावी प्रत्याशी सुरेश राम एवं प्रीतलाल यादव, दीपक यादव,मनोज यादव, राजन यादव सहित कई गणमान्य लोगों का आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने पूजा स्थल पर पुष्प अर्पित करते हुए क्षेत्र के सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। मौके पर श्री राम ने कहा कि आदिवासी समुदाय प्रकृति का मुख्य संरक्षक होते हैं। जिन्होंने खुद को जंगलों में रखकर पेड़-पौधे ,पहाड़, नदी प्रकृति को बचाने का काम करते रहे । मौके पर उपस्थित लोगों के साथ मुख्य अतिथियों ने मांदर के थाप पर झूमते नजर आएं। वही एक चटिया ग्राम में हुई सरहुल पूजा पर उपरोक्त लोगों के अलावे मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, उप प्रमुख कामेश्वर राम, भाजपा एस सी जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार सहित कई गणमान्य लोग पूजा में भाग लिया एवं प्रकृति भगवान से क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर अतिथि मांदर बजाकर झूमते नजर आए। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे विजय यादव, राम कुमार गुप्ता, सुधु उरांव, सरजू उरांव, विजय उरांव, भुनेश्वर उरांव, लक्ष्मण उरांव सुकर उरांव, बिंदेश्वर उरांव, राजेश उरांव, जय प्रकाश उरांव सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# लातेहार सरस्वती विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर , लातेहार में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ व हवन - पूजन के साथ नए सत्र 2023 - 24 की शुरूआत की गई। सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन मुख्य पुजारी संदीप शास्त्री के द्वारा कराया गया उनके साथ जयराम यादव , उमेश यादव ,रविशंकर यादव भी उपस्थित थे। हवन पूजन विद्यालय के पुरोहित राधेश्याम मिश्रा के द्वारा कराया गया मौके पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित समस्त अभिभावक , आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया / बहनों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि विद्या भारती के निदेर्शानुसार नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया जाता है । इसी के निमित्त आज हवन यज्ञ व सुंदरकांड पाठ बड़ी श्रद्धा व भक्ति के साथ किया गया । उन्होंने हवन यज्ञ के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। देवी देवता प्रसन्न होते हैं। अंत में उपस्थित अभिभावक, आचार्य बंधु भगिनी ,भैया /बहनों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ।इस हवन में भारी संख्या में अभिभावक एवं भैया /बहन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य/ दीदीजी की गरिमामई उपस्थिति रही। इसमें लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, विजेंद्र शर्मा, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी , गोपाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## छठ घाट के पास सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंख नदी छठ घाट के पास शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक को हल्की चोट लगी ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सामटोली निवासी विवेक खाखा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह अपने साथी के साथ शंख नदी छठ घाट की ओर जा रहा था इसी दौरान सामने से एक बकरी मोटरसाइकिल के अंदर घुस गया और नियंत्रण खोकर गिर पड़े हेलमेट नहीं होने की वजह से विवेक के चेहरे से हिस्से में गंभीर चोट लगी और बेहोश हो गया।

## लोहरदगा सरस्वती विद्या मंदिर में महावीर जयंती मनाई गई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि महावीर जी के जीवन से हमें शिक्षा लेनी चाहिए। एकाग्रता, आत्म- संयम के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में भैया बहनों को महावीर जयंती के अवसर पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया,कविता कुमारी,रेणु कुमारी यशोदा कुमारी, आरती भगत , नीतू कुमारी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कुडू में अखंड हरिकीर्तन का किया गया आयोजन

**कुडू/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के जीमा पंचायत केरवाड़ी मोड के समीप शिव मंदिर प्रांगन में मंगलवार को अखंड हरिकीर्तन सह भंडारा का आयोजन किया गया। जीमा तथा ननतिलो के कीर्तन मंडली द्वारा आकर्षक कीर्तन की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीरू साहू , ब्रह्मदेव पासवान, अरुण साहू, संतोष साहू, बबलू पासवान, लाल बादल नाथ शाहदेव, अवधेश उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह आदि ने सराहनीय भूमिका निभाया।

## गांव में शुरू हुई अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम

**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया में पांच दिवसीय अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुईं। इस दौरान गांव के काफी संख्या में लोगों की सहभागिता रही जहां पर हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना दिया गया ।इधर बताया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नवयुवक संघ की अहम भूमिका है। इधर अखंड हरी कीर्तन में विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी लेने के लिए कोलेबिरा थाना के एएसआई जितेंद्र सिंह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

# विज्ञान में रिया और कला में रोशनी ने वार्षिक परीक्षा में मारी बाजी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में सत्रारंभ और वार्षिक परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सत्रारंभ की शुरूआत हवन पूजन के साथ हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समिति की सदस्या शोभा देवी, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और अभिभावकों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया उसके पश्चात परीक्षाफल वितरण किया गया` कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि अवसरों का लाभ उठाएं, नियमित और अनुशासन में रहे तथा लक्ष्य बनाकर मेहनत करें` अभिभावकों में दीपा शेखर ने कहा कि बच्चे नियमित और अनुशासित रहकर ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। वार्षिक परीक्षा में विज्ञान ( 11वीं )में प्रथम स्थान रिया कुमारी, द्वितीय स्थान रोहित कुमार साहू और तृतीय स्थान अवंतिका कुमारी पुजारी तथा पूर्णिमा कुमारी ने प्राप्त किया` वही कला ( 11वीं ) में रोशनी उरांव, चंदन महतो और रीना कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया` कला 11वीं में अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में साबिर अंसारी ने अधिकतम अंक प्राप्त किया, हिंदी और अंग्रेजी में रोशनी उरांव, वही इतिहास में रीना कुमारी ने अधिकतम अंक प्राप्त किया। विज्ञान 11वीं में रसायन,जीव विज्ञान,अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी में रिया कुमारी, गणित में अवंतिका कुमारी पुजारी, भौतिकी, अर्थशास्त्र में रोहित कुमार साहू, वही अंग्रेजी में पूर्णिमा कुमारी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र - छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गयो अभिभावकों में दीपा शिखर, सुषमा बागे, लक्ष्मी देवी, सावित्री देवी, नरेश कुमार, शनिचरवा उरांव, मंजश कुजुर, अजीत टोप्पो, रामकेश्वर उरांव, रोशन उरांव, कला पुजारी, बुद्धदेव उरांव, सुशीला उरांव, मुकुंद उरांव, एतवरिया देवी, अमित भगत, बुद्धमान भगत, लक्की टोप्पो, सुमित भगत, अरुण कुमार साहू आदि उपस्थित थे कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, नीतू कुमारी, चेतना प्रिया, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा सहित शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र- छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्रद्धालुओं का महाकाल क्लब ने किया स्वागत

**लोहरदगा।** रांची के हटिया से चलकर आंजन धाम जाने वाले श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिथलेश्वर मिश्रा की अगुवाई में करीब सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु बेड़ो रोड से होते हुए जा रहे थे। सीठीयो नदी के समीप महाकाल क्लब चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर के अध्यक्ष रितेश वर्मा( कुणाल ) की अगुवाई में भव्य स्वागत किया ।रामनवमी श्रृंगार समिति के सदस्यों को साफा पहनाकर स्वागत किया साथ ही जलपान की भी व्यवस्था की गई थीं ।मनोकामना मंदिर बरवा टोली में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिथलेश्वर मिश्रा ने बताया कि रजत जयंती के अवसर पर आज आंजनधाम तीर्थ क्षेत्र दर्शन के लिए निकले हैं ।यहां पर महाकाल क्लब के द्वारा किया गया स्वागत से मन विभोर हो गया,सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश वर्मा ने कहा कि हटिया से चलकर आए लोगों का हृदय से स्वागत करते हैं।

# जल सहियाओं ने मांगी अपनी भागीदारी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कार्यरत जल सहिया महिलाओं ने विभागीय उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालक अभियंता को मांग पत्र सौंपा है। किस्को प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत दर्जनों जल सहिया महिलाओं ने कहा कि, पीएचइडी विभाग की योजनाओं में जलसहिया महिलाओं की भूमिका गायब कर दिया गया है। जबकि जन सरोकार से जुड़े विभागीय योजनाओं के चयन के लिए घर घर जाकर सर्वे करना,पंचायत के जनप्रतिनिधियों से विभाग का समन्वय बनाने में सीधी भागीदारी होती है। इस काम के लिए जल सहिया महिलाओं पर दवाव दिया जाता है। चापाकल के निकट सोख्ता गड्ढा खोदना, ग्रामीणों की बस्ती में कचरा फेंकने का नाद निर्माण समेत कई छोटी-छोटी योजनाओं को ठेकेदारों को दे दिया जाता है ।जबकि, छोटी योजनाओं का क्रियान्वयन करने मैं जलसहिया सक्षम है। इस संदर्भ में जलसहिया संघ के जिलाध्यक्ष सबरीना खातून ने कहा कि जल सहिया को मिलने वाला एक हजार प्रति माह का मानदेय भी बंद कर दिया गया है। विभाग का एसबीएम खाता भी बंद है। अब पीएचईडी के अधिकारी मुखिया और ठेकेदार के खाते में सीधा पैसा भेज रहे हैं। विभाग के इस कार्यशैली से जलसहिया महिला मर्माहत है। कहा कि, विभाग की छोटी-छोटी योजनाओं में जल सहिया को नजरअंदाज करना अन्याय है। हस्ताक्षर, मोहर दस्तावेज पर जलसहिया लगाती है। छोटी योजना को बिचौलियों ठेकेदारों को दे दिया जाता है।

# कांग्रेस पार्टी ने चलाया जय भारत सत्याग्रह आंदोलन



**नवीन मेल संवाददाता। बांसजोर**
प्रखण्ड के सिहरजोर में राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर कांग्रेस पार्टी की ओर से जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाया।।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष बर्थलोमी तिर्की के अध्यक्षता मे कार्यक्रम हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद समी आलम,रावेल लकड़ा उपस्थित थे ।सभा को सम्बोधित करते हुए श्री आलम ने कहा कि आज भारत देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है ।अब डर है कि चोर को भी चोर नहीं कह सकते हैं। क्यों कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश का पैसा लेकर चले जाने वाले पर जब आवाज बुलंद किया तो भारतीय जनता पार्टी के नेता द्वारा गुजरात में केस दर्ज करा दिया जाता है ।भाषण हुआ कर्नाटक में , जिसके ऊपर बात आई वो केस नहीं करता है, परन्तु दुसरे राज्य गुजरात में दुसरे व्यक्ति के द्वारा मानहानि केस किया गया ।वही व्यक्ति केस पर रोक लगवा देता है ।राहुल गांधी जी संसद में सरकार से सवाल उठाते हैं कि बताया जाए कि बीस हजार करोड़ रुपए जो अडानी के सेल कम्पनी में लगाया गया है तो जवाब तो नहीं मिलता है ।साथ ही साथ संसदीय कार्य से उक्त वक्तव्य को हटा दिया जाता है। फिर जो केस पर दुर्गेश मोदी रोक लगवा दिए थे उसे पुनः चालू करवा दिया जाता है ।आनन फानन में सीजीएम कोर्ट में मानहानि पर दो साल का सजा सुनाई जाती है। ठीक अगले दिन आदरणीय राहुल गांधी का सांसदी को समाप्त कर दिया जाता है, इतना ही नहीं आनन फानन में उनके आवास को भी खाली करने का पत्र थमा दिया गया। सिर्फ एक बात पर कि अडानी के सेल कम्पनी में बीस हजार करोड़ रुपए किसका है। इससे साफ जाहिर होता है कि भारत में लोकतंत्र को समाप्त कर तानाशाही तंत्र चलाने की प्रक्रिया हो रही है। हमें आपको सजग रहने की आवश्यकता है।

# डायवर्जन में टैंकर पलटने से चालक घायल, उपचालक लापता



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप डायभरसन में राउरकेला से आ रही टैंकर ओ डी 14 वाई 9108 पलटने से चालक को आई हल्की चोट वहीं उपचालक का पता नही चल रहा है। बताया जाता है कि चालक सत्येंद्र राम घटना के पूर्व उपचालक को गाड़ी से कूदने की बात बोलते ही गाड़ी अनियंत्रित हो पलट गया जिससे चालक को हल्की चोटें आई है। उपचालक का पता नही चल रहा है। जिसको लेकर संदेहात्मक चर्चा भी किया जा रहा है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए घायल चालक को इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चालक सत्येंद्र राम ने कहा कि ट्रैंकर में राउरकेला से कल्टर तेल लोड कर यूपी सोनभद्र जा रहे थे कि डायभरसन के समीप पहुंते ही स्टेरिंग फेल हो गया। गाड़ी अनियंत्रित हो डायभरसन के किनारे पेड़ को टक्कर मारते हुए गढे में उतरने के कारण पलटी कर गया। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बता दें कि वाहन तेज रफ्तार से आ रहा था। अचानक एन एच 143 ए पथ ब्लॉक देख चालक डायभरसन की ओर मोड़ा जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो पथ से नीचे उतरने के कारण पलटी होने की बात बताई जा रही है। वहीं उपचालक का घटना स्थल पर नही होने की बात पर पुलिस द्वारा भी छानबीन किया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि गाड़ी पलटने से पहले उपचालक कूद कर भाग गया होगा। घटना के पश्चात पुलिस द्वारा टैंकर उठाने के दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# आंजन धाम जाने वालों का क्लब ने किया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोहरदगा। रांची के हटिया से चलकर आंजन धाम जाने वाले श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिथलेश्वर मिश्रा की अगुवाई में करीब सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु बेड़ो रोड से होते हुए जा रहे थे। सीठीयो नदी के समीप महाकाल क्लब चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर के अध्यक्ष रितेश वर्मा (कुणाल) की अगुवाई में भव्य स्वागत किया ।रामनवमी श्रृंगार समिति के सदस्यों को साफा पहनाकर स्वागत किया साथ ही जलपान की भी व्यवस्था की गई थीं ।मनोकामना मंदिर बरवा टोली में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिथलेश्वर मिश्रा ने बताया कि रजत जयंती के अवसर पर आज आंजनधाम तीर्थ क्षेत्र दर्शन के लिए निकले हैं। यहां पर महाकाल क्लब के द्वारा किया गया स्वागत से मन विभोर हो गया,सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश वर्मा ने कहा कि हटिया से चलकर आए लोगों का हृदय से स्वागत करते हैं. जिस प्रकार प्रत्येक दिन आंजन धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं हमारी हार्दिक इच्छा है कि आंजन धाम जल्द से जल्द आंजन धाम तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित हो। स्वागत समारोह में केंद्रीय महाबीर मंडल के चंदन गोयल, निश्चय वर्मा, दिवेश साहू, पप्पू सिंह, मनीष राजगढ़िया,शंकर शर्मा, शुभम जायसवाल, विवेक वर्मा,अमर साहू, सूरज वर्मा,अमित महतो, सचिन सिन्हा, आर्यन आदि महाकाल क्लब के सदस्य मौजूद थे।

# पेशरार की टीम ने कैरो की टीम को 6 विकेट से हराया



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
युवा सद्भावना मंच के द्वारा सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन मंगलवार को बीएस कॉलेज स्टेडियम मैदान में कैरो और पेशरार के बीच किया गया। इस मैच में पेशरार की टीम ने कैरो की टीम को 6 विकेट से हरा दिया। पुरस्कार वितरण के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला प्रशासन हमेशा खिलाड़ियों की मदद के लिए खड़ा है। आप खेल को अच्छी खेल खेल भावना से खेलिए तथा अपना और अपने जिले का नाम रौशन कीजिए। उपायुक्त ने दोनों टीमों को खेल भावना के तहत क्रिकेट मैच खेलने के लिए सराहना की। पुलिस अधीक्षक आर० रामकुमार ने कहा कि हर दिन आप अपनी गलती और अपनी अच्छी चीजें हमेशा एक नोटबुक में लिखिए और हमेशा उसको सुधारने के लिए मेहनत करते रहिए। अच्छा खेलिए और अपना और जिला का नाम रोशन कीजिए। साथ ही साथ भाईचारा हमेशा बनाए रखें। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि जिला प्रशासन हर खेल के खिलाड़ियों के लिए प्रयासरत है। बस आप सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि अच्छा खेल खेलिए और मेहनत लगातार करते रहिए।

### पेशरार की टीम ने उम्दा खेल दिखाया

इससे पूर्व मैच की शुरूआत के कैरो की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कैरो की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 134 रन ही बनाया। टीम की ओर से अनिकेत ने 32, मनीष और शिवा ने 25-25 रन बनाये ।गेंदबाजी में पेशरार की टीम की ओर से सुमित ने 3 आकाश ने 2 विकेट तथा पुलिस अधीक्षक आर० रामकुमार सर ने भी दो विकेट लिये।

# समस्या को लेकर जिप सदस्य ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई**
केरसई बजारटांड में बिजली बिल एवं बिजली से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जनसभा किया। घर में मुख्य रूप से जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, सदस्य अजय एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ शिकायत करते हुए कहा कि विभाग किस हिसाब से एक परिवार में 10000 रुपया से लेकर 25000 तक बिजली बिल भेज रही है ।समंझ से परे है। कई एक परिवार में पति-पत्नी दोनों के नाम से बिल भेजा गया है, कुछ परिवार में तीन बिल आया है। कई लोगों के उपर केस भी किया है। केरसई जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपलोगों ने मुझे चुना है तो मैं आपकी हर समस्या में आपके साथ हूं ।उन्होंने यह भी कहा कि बिजली विभाग सबसे पहले बिजली का मीटर दुरुस्त करे फिर नियमित बिल भेजे। वहीं ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित हुए कहा कि अत्यधिक बिल भेजकर ग्रामीणों की समस्या बढ़ा दी है विभाग, ग्रामीणों के उपर केस होने के कारण लोग ।भयभीत है, बिजली विभाग स्पष्ट करे कि किस हिसाब से इतना ज्यादा रकम का बिल भेजी गई है। मोके पर आदिवासी छात्रसंघ के जिला संयोजक प्रदीप टोप्पो, किनकेल मुखिया बसंती लकड़ा, टैंसेर पूर्वी मुखिया अगुस्ता, असरानी एक्का, नोवेल मिंज, जेफरेन केरकेट्टा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**आस्था** राम नवमी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# यह गंगा-जमुनी तहजीब है



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा/कोलेबिरा**
राम नवमी पूजा के अवसर पर मंगलवार को कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत अघरमा में राम रहीम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी मुखिया अंजु रीना मिंज के द्वारा रिबन काट कर किया गया। इधर लोगों को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा बहुत खुशी की बात है कि यहां पर सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा एकता और सौहार्दपूर्ण तरीके से राम नवमी का पर्व को मनाया यहां पर राम रहीम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अपनी भूमिका दिखाई जिससे पता चलता है कि भारत की सभ्यता और संस्कृति में हमें गंगा जमुना की तहजीब सिखाती है। हमें सभी समुदाय के साथ मिलकर रहने की आवश्यकता है ताकि समाज का भला हो सके। वर्तमान परिस्थिति में सभी समुदाय में युवा पीढ़ी गलत राह पर चल रहे हैं ।जिसे सुधारने की आवश्यकता है ।इसलिए सभी लोग आपसी मेलजोल के साथ रहते हुए समाज को एक नई दिशा दें ताकि समाज आगे बढ़ सके और इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से विलुप्त होती संस्कृति का संरक्षण होता है। कार्यक्रम में लिटिल स्टार म्यूजिकल ग्रुप की टीम द्वारा अपनी सुर में शादी है जबकि झारखंड के मशहूर कलाकार कयूम अब्बास बिंदेश्वरी देवी सुहाना देवी पंचम राम बाबूलाल नायक जबकि डांसर में मिस काव्या एवं मिस दीपिका उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष अयूब खान, उपाध्यक्ष बलदेव राम ,सचिव अफरोज खान, उप सचिव संतोष बड़ाईक ,कोषाध्यक्ष अशोक साहू ,उप कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, जबकि संरक्षक कार्तिक सिंह असलम खान ,सुरेंद्र लोहरा ,अकबर खान ,देवेंद्र साहू को बनाया गया ।इधर कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

## शहादत दिवस पर याद किए गए शहीद बख्तर साय एवं मुंडल सिंह



**बानो ।** बानो प्रखंड के केबेटांग स्थित शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह चौक में स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह का शहादत दिवस मनाया गया ! मौके पर वीर शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह के जीवनी के बारे में बताया गया और साथ ही उनकी जीवनी के बारे में बताया और उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही गई !दोनो स्वतंत्रा सेनानी अंग्रेजों के खिलाफ जम के मुकाबला किए और शाहिद हो गए। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रंधांजली दिया गया।

# महुआ चुनने के दौरान जंगली हाथी ने महिला को कुचला, मौत



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
थाना क्षेत्र के दरीडीह में मंगलवार सुबह लगभग 6:00 बजे महुआ चुनने गई महिला की जंगली हाथी द्वारा कुचल दिये जाने से मौके पर ही मौत हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकरी के अनुसार तपोवासी देवी पति किसुन साय निवासी दरीडीह महुआटोली मंगलवार सुबह अपने घर से कुछ दूर पर महुआ चुनने गई थी इसी क्रम में जंगली हाथी ने महिला को कुचल कर मार डाला बताया जा रहा है हाथीनी अपने बच्चे के साथ थी ।घटना की जानकारी मिलते ही कार्यवाहक थाना प्रभारी नरेश मरांडी , जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा , रेंजर नथुनी सिंह राजस्व कर्मचारी शैलेश डुंगडुंग , एसआई रमेश कुमार ने घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए मृतका के पुत्र संजय साय को अंतिम क्रिया कर्म के लिए 10000 रू की आर्थिक सहायता की। साथ ही रेंजर ने बताया कि सरकारी प्रक्रिया के तहत ?390000 की बाकी मुआवजा की राशि उन्हें चेक के रूप में दी जाएगी। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलने वाली राशी जल्द से जल्द मृतका के आश्रीत को दिलाया जाएगा ।वहीं कार्यवाहक थाना प्रभारी ने शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गये । गौरतलब हो इससे पूर्व बोलबा में 3 महिलाओं को जंगली हाथी ने महुआ चुनने के दौरान कुचल कर मार डाला था।

# विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड बैंक ने फाइनेंशियल ईयर 2024 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटा दिया है। मंगलवार को अपनी लेटेस्ट रिपोर्ट में वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि स्लोअर इनकम के चलते कंज्मप्शन में कमी आई है, जिसके कारण भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.3% रहने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक ने रिपोर्ट में कहा कि पिछले फाइनेंशियल ईयर की दूसरी छमाही में कुछ नरमी के बावजूद भारत की जीडीपी ग्रोथ के फ्लेक्सिबल रहने की उम्मीद है। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में भारत की रिटेल इन्फ्लेशन 6.6% से घटकर 5.2% हो जाएगी। वहीं करेंट अकाउंट डेफिसिट के भी फाइनेंशियल ईयर-24 में 5.2% रहने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक ने अपने एफवाई 2023-24 के जीडीपी ग्रोथ फोरकास्ट को रिवाइज कर 6.6% (दिसंबर 2022) से 6.3% कर दिया है। स्लोअर कंज्मप्शन ग्रोथ और चैलेंजिंग एक्सटर्नल कंडीशन के चलते जीडीपी ग्रोथ के कम होने की उम्मीद है। बढ़ती बॉरोइंग कॉस्ट और स्लोअर इनकम ग्रोथ, प्राइवेट कंजम्पशन ग्रोथ पर असर डालेगी। वहीं महामारी से जुड़े फिस्कल सपोर्ट मेजर्स को वापस लेने के कारण सरकारी कंजम्पशन के भी धीमी गति से बढ़ने का अनुमान है। एनालिस्ट और इकोनॉमिक्ट्स के अनुसार, भारत के सर्विसेस एक्सपोर्ट्स में ग्रोथ, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गई थी। इससे इकोनॉमी को बाहरी जोखिमों से बचाने की उम्मीद है, क्योंकि स्लो ग्लोबल इकोनॉमी देश के मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स पर असर डाल सकती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, सर्विस एक्सपोर्ट अब सिर्फ आइटी सर्विसेज के जरिए ऑपरेट नहीं किया जा रहा है। बल्कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट और कंसल्टिंग जैसे ज्यादा अट्रैक्टिव ऑफरिंग्स के द्वारा भी ऑपरेट किया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर-दिसंबर 2022 तिमाही में भारत का सर्विसेस एक्सपोर्ट्स 24.5% बढ़कर रिकॉर्ड 83.4 बिलियन डॉलर रहा था।

## मोदी ने रेलवे के माल ढुलाई के रिकॉर्ड बनाने की सराहना की



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रेलवे द्वारा समाप्त वित्त वर्ष में डेढ़ अरब टन से अधिक माल ढुलाई का कीर्तिमान रचने के लिए रेलवे की सराहना की है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट करके जानकारी दी कि रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 1512 मिलियन टन यानी एक अरब 51 करोड़ 20 लाख टन से अधिक माल ढुलाई करके किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक की सबसे अधिक माल ढुलाई दर्ज की है। प्रधानमंत्री ने रेल मंत्री के ट्वीट थ्रेड पर इस पर प्रतिक्रिया करते हुए ट्वीट किया, यह वाणिज्य और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। गत रविवार को रेल मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-23 में एक अरब 51 करोड़ 20 लाख टन माल ढुलाई का रिकार्ड बनाया है जो पिछले वर्ष के 14,180 लाख टन की तुलना में 6.63 फीसदी अधिक है। यह किसी एक वित्त वर्ष में अब तक की सर्वाधिक माल ढुलाई है। भारतीय रेलवे ने 2021-22 के 1.91 लाख करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 27.75 प्रतिशत अधिक यानी 2.44 लाख करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है। भारतीय रेलवे ने हंग्री फॉर कार्गो के मूलमंत्र को अपनाते हुए ह्यकारोबार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी दरों पर सेवा उपलब्धता को बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कमोडिटी दोनों से ही जुड़ा नया व्य वसाय रेलवे को प्राप्त हो रहा है।

## सरकार ने कच्चे तेल के उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स हटाया, डीजल पर कटौती

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कच्चे तेल के उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स को 3,500 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिया है, जो आज से प्रभावी हो गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। डीजल पर विंडफॉल टैक्स पहले के 1 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 0.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोलियम और जेट ईंधन या एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर कोई विंडफॉल टैक्स नहीं है। विंडफॉल टैक्स सरकार द्वारा कंपनियों द्वारा अर्जित अप्रत्याशित रूप से उच्च लाभ पर लगाया जाता है। यह जुलाई 2022 में लगाया गया था। तब से, कच्चे तेल के लिए विंडफॉल टैक्स जुलाई 2022 में 23,250 रुपये प्रति टन से घटकर इस साल 21 मार्च तक 3,500 रुपये प्रति टन हो गया है।

## मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार में तेजी



**नई दिल्ली।** नए ऑर्डर, उत्पादन में बढ़ोतरी होने के साथ ही डिमांड बढ़ने और लागत संबंधी दबाव कम होने से भारत में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में पिछले महीने तेजी देखी गई। मार्च में एस एंड पी ग्लोबल परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स 56.4 पर पहुंच गया, जो 3 महीने का उच्चतम स्तर है। फरवरी में यह 55.3 पर था। ये भारत की मैन्युफैक्चरिंग ढटकमें लगातार 21वीं बार बढ़ोतरी है, जब पीएमआइ 50 के ऊपर रही है। ढटकके 50 के ऊपर रहने का मतलब है कि मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी में ग्रोथ है और नीचे होने का मतबल है कि मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी धीमी हो रही है। सर्वे के मुताबिक लागत संबंधी महंगाई मार्च में ढाई साल के अपने दूसरे सबसे निचले स्तर पर आ गई और इसकी वजह सप्लाई चेन पर दबाव कम होना तथा कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ना है। व्यापार में मामूली बढ़ोतरी होने से कंपनियों ने नई भर्तियां नहीं कीं। पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की आर्थिक सेहत को मापने का एक इंडिकेटर है।

# सरकार ने 16.61 लाख करोड़ का डायरेक्ट टैक्स वसूला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2022-23 में नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन (प्रोविजनल) 17.63% बढ़कर 16.61 लाख करोड़ रुपए हो गया। ये एफवाइ 23 में केंद्र को बजट अनुमान से 16.97% ज्यादा और संशोधित अनुमान से 0.69% ज्यादा है। केंद्रीय बजट 2022-23 में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन अनुमान 14.2 लाख करोड़ रुपए था। इसे रिवाइज कर 16.5 लाख करोड़ रुपए किया गया था। 2021-22 में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 14.12 लाख करोड़ रुपए रहा था। इसी तरह 2022-23 में ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन (प्रोविजनल) सालाना आधार पर 20.33% बढ़कर 19.68 लाख करोड़ रुपए हो गया। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में ये 16.36 लाख करोड़ रुपए रहा था। वहीं ग्रॉस कॉरपोरेट टैक्स सालाना आधार पर 16.91% बढ़कर 10.04 लाख करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले ये 8.58 लाख करोड़ रुपए रहा था। पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिला है। ग्रॉस पर्सनल इनकम टैक्स 24.33% बढ़कर 9.6 लाख




करोड़ रुपए हो गया। इसमें एसटीटी भी शामिल है। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में ये 7.73 करोड़ रुपए रहा था। रिफंड्स की बात करें तो 2022-23 में ये 37.42% बढ़कर 3,07,352 करोड़ रुपए रहे। 2021-2022 में ये 2,23,658 रहे थे। जो टैक्स सीधे आम आदमी से वसूला जाता है उसे डायरेक्ट टैक्स कहते हैं। डायरेक्ट टैक्स में कॉरपोरेट और पर्सनल इनकम टैक्स आता है। शेयर या दूसरे संपत्तियों पर लगने वाला टैक्स भी डायरेक्ट टैक्स कहलाता है। जो टैक्स सीधे आम जनता से नहीं लिया जाता लेकिन उसकी वसूली आम जनता से ही होती है, उसे इनडायरेक्ट टैक्स कहा जाता है। इसमें एक्साइज ड्यूटी, कस्टम ड्यूटी, जीएसटी शामिल हैं। पहले देश में कई प्रकार के इनडायरेक्ट टैक्स होते थे। लेकिन 1 जुलाई 2017 से सभी प्रकार इनडायरेक्ट टैक्स को जीएसटी में शामिल कर लिया गया है। हालांकि, पेट्रोलियम पदार्थों और शराब पर लगने वाले टैक्स को अभी जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। टैक्स कलेक्शन को किसी भी देश में आर्थिक गतिविधियों को दर्शाने वाला माना जाता है। भारत में इस साल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन अच्छा रहा है। फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में टोटल 18.10 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। इसके आधार पर हर महीने टीएसटी कलेक्शन का औसत आंकड़ा 1.51 लाख करोड़ रुपए रहा है। फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन हुआ था। अप्रैल में ये 1.67 लाख करोड़ रुपए रहा था। इसके बाद सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन मार्च 2023 में 1.60 लाख करोड़ रुपए का रहा, जो अब तक का दूसरा सबसे ज्यादा जीएसटी

## नोकिया का सस्ता स्मार्टफोन भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** नोकिया ने भारत में लो-बजट स्मार्टफोन सेग्मेंट में नोकिया सी12 प्लस को लॉन्च किया है। कंपनी ने इस स्मार्टफोन में यूनिसोक ऑक्टा-कोर प्रोसेसर दिया है, जो एंडोरायड गो एडिशन पर चलता है। इस हैंडसेट में 6.3 इंच का एचडी+ डिस्प्ले, 5 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा और फोटोग्राफी के लिए 8 मेगापिक्सल का रियर कैमरा दिया है। नोकिया उ12 प्लस स्मार्टफोन को कंपनी ने 2जीबी रैम + 32जीबी स्टोरेज के साथ सिंगल वैरिएंट में लॉन्च किया है। कंपनी ने इसकी कीमत 7,999 रुपए रखी है। बायर्स इसे लाइट मिंट, चारकोल और डार्क सियान कलर वैरिएंट में खरीद सकेंगे। हालांकि कंपनी ने अभी तक इसकी अवेलेबिलिटी के बारे में जानकारी नहीं दी है। नोकिया का भारत में लॉन्च होने वाला ये उ सीरीज का तीसरा स्मार्टफोन है।

## भारत का स्मार्ट टीवी बाजार 28 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** 2022 में भारत के स्मार्ट टीवी शिपमेंट में 28 प्रतिशत (ऑन-ईयर) की वृद्धि हुई और घरेलू ब्रांडों ने स्मार्ट टीवी शिपमेंट में 24 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ सबसे तेज वृद्धि दिखाई। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, कुल टीवी शिपमेंट में स्मार्ट टीवी का योगदान 90 फीसदी से ज्यादा था, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। 99 प्रतिशत से अधिक टीवी अब स्थानीय रूप से असेंबल किए जा रहे हैं, कुछ हाई-एंड टीवी आयात किए जा रहे हैं। शाओमी ने 11 प्रतिशत शेयर के साथ भारत के स्मार्ट टीवी बाजार का नेतृत्व करना जारी रखा, इसके बाद सैमसंग और एलजी का स्थान रहा। शोध विश्लेषक आकाश जाटवाला ने कहा, ₹उपभोक्ता बड़े स्क्रीन आकार विशेष रूप से 43-इंच पसंद कर रहे हैं, जिसके कारण 2022 में इस डिस्प्ले आकार में स्मार्ट टीवी शिपमेंट में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह आकार भी बजट मूल्य सीमा तक गिरना शुरू हो गया है।

# विदेश

## भारत ने अफ्रीका को स्थायी सीट देने का विरोध करने वालों के मांगे नाम



**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए दस्तावेजों की मांग की है, विशेष रूप से अफ्रीकी देशों की स्थायी सदस्यता का विरोध करने वालों के नाम मांगें हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सोमवार को कहा कि समूहों और सदस्य राज्यों का एक स्पष्ट आरोपण होना चाहिए, जो अफ्रीकी देशों के लिए स्थायी सीटों का समर्थन नहीं करते हैं और क्षेत्रीय स्थायी सीटों जैसी नई श्रेणियों का आविष्कार करके उनके दावे को कम करने की कोशिश करते हैं। कंबोज ने कहा, यह उन लोगों से अलग करेगा, जो अफ्रीकी देशों के लिए परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व की मांग करते हैं। भारत की रणनीति यह उजागर करेगी कि चीन जैसे देश और यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) समूह के सदस्य, जिनमें से पाकिस्तान एक प्रमुख सदस्य है, संयुक्त राष्ट्र में अफ्रीका के साथ कहां खड़े हैं। अफ्रीका के 55 देशों ने 1.4 अरब लोगों के महाद्वीप के लिए कम से कम दो स्थायी सीटों की मांग की है। सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतरसरकारी वाताओं (आईजीएन) की एक बैठक में बोलते हुए, कंबोज ने कहा कि सुधारों पर सदस्यों की स्थिति के रिकॉर्ड में कुछ सदस्यों और अन्य सदस्यों को अस्पष्ट रूप से कहने के बजाय स्पष्ट शब्दों और सटीक आंकड़ों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया, इससे पता चलता है कि 122 देशों में से 113 देशों ने लिखित प्रस्तुतियां दी हैं, जिन्होंने परिषद की स्थायी सदस्यता का विस्तार करने का समर्थन किया है।

### ढाका के सबसे बड़े बंगाबाजार कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग

## 2900 से अधिक दुकानें जलकर स्वाहा

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के मशहूर बंगाबाजार में मंगलवार सुबह भयानक आग लगी। इसकी चपेट में वहां के 6 मार्केट आए जिसमें 2900 दुकानें हैं। इस आग को बुझाने के लिए फायर सर्विस और सिविल डिफेंस की 48 युनिट काम पर लगी थी। आग की चपेट में आने से 8 लोग घायल हो गए। फायर डिपार्टमेंट को इस आग की सूचना सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर मिली थी। इसके बाद 2 मिनट में ही दमकल विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई थीं। आग को बुझाने के लिए आर्मी , नेवी और एयरफोर्स को भी काम पर लगाया गया। ढाका टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक आग को लगातार बढ़ता हुआ देखकर व्यापारी अपना सामान बचाने के लिए आग में कूद गए। धूएं और जान की परवाह किए बगैर लोग दुकान से सामान को बाहर निकाल रहे थे। हालांकि, इसके



बावजूद ज्यादातर दुकानें जल गई और केवल राख बची। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस इलाके में ज्यादातर दुकानें कपड़ों की हैं जिसके चलते आग तेजी से फैली और बेकाबू हो गई। भयावह आग को देखने के लिए बंगाबाजार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग आग के पास सेल्फी खींचने लगे और उनकी फोटो लेने लगे। इसकी वजह से फायर फाइटर्स को उसे कंट्रोल करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं पानी की कमी की वजह से भी आग पर काबू पाने में देरी हुई। आग लगने की वजह का अब भी पता नहीं चल पाया है। वहीं, इस आग में कुछ लोगों ने अपना सब कुछ गवां दिया। शरीफुल इस्लाम ने ढाका टाइम्स को बताया कि मैं लोन के सहारे बिजनेस कर रहा था, अब मेरा सब कुछ खत्म हो गया है।ढाका टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक वहां के फायर सर्विस डिपार्टमेंट ने दुकानदारों को कम से कम दस बार नोटिस देकर आगाह किया था कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बिल्कुल सेफ नहीं है।

### पाकिस्तान में लग सकता है मार्शल लॉ

## इमरान खान की भाषा क्यों बोल रहे बिलावल भुट्टो

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को संवैधानिक संकट के चलते देश में मार्शल लॉ या आपातकाल जैसी स्थिति होने की आशंका जताई है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी यह आशंका जताई थी। हालांकि बिलावल का कहना है कि ऐसा तब हो सकता है जब सुप्रीम कोर्ट पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी की याचिका पर सुनवाई के लिए एक बड़ी बेंच का गठन नहीं करती। पीटीआइ ने पंजाब विधानसभा के चुनाव स्थगित करने को चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। पिछले एक सप्ताह से तीन न्यायधीशों की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही है। जजों की बेंच में पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल, जस्टिस इजाजुल अहसन और



मुनीब अख्तर शामिल हैं। गठबंधन सरकार की ओर से लगातार एक बड़ी बेंच के गठन के अनुरोध को खारिज करते रहे हैं। इससे पहले सोमवार को अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। बिलावल भुट्टो ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'मेरी चिंता है कि अगर बड़ी बेंच का गठन नहीं किया गया तो ऐसा संवैधानिक संकट पैदा हो जाएगा कि पाकिस्तान पर फिर से मार्शल लॉ लागू हो जाए।

## इमरान खान को तीन मामलों में मिली अंतरिम जमानत

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लाहौर की आतंकवाद-रोधी अदालत से तात्कालिक राहत मिली है। अदालत ने आगजनी, पुलिस के खिलाफ हिंसा एवं तोड़फोड़ और जिले शाह हत्या से संबंधित तीन मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को अंतरिम जमानत दे दी। तीन मामलों में अंतरिम जमानत 13 अप्रैल तक दी गई है। इमरान खान बीते माह इस्लामाबाद के न्यायिक परिसर में सुनवाई के लिए पहुंचे थे। तभी न्यायिक परिसर के बाहर झड़पें हुई थीं। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकताओं और पुलिस के बीच टकराव के दौरान 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। इस पर पाकिस्तान पुलिस ने इमरान खान और उनकी पार्टी के एक दर्जन से अधिक नेताओं के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया था। उनके खिलाफ तोड़फोड़, सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने और यहां न्यायिक परिसर के बाहर अशांति पैदा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। आगजनी, पथराव करने और न्यायिक परिसर की इमारत को तोड़ने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस मामले में इमरान के खिलाफ भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। इसलिए इमरान लाहौर की आतंकवाद-रोधी अदालत की शरण में अंतरिम जमानत के लिए गए थे।

# मिशन मून

### नासा ने चांद पर जाने वाले क्रू की घोषणा की

## पहली बार महिला और अश्वेत एस्ट्रोनॉट्स का चयन

**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

नासा 50 साल बाद चांद पर एस्ट्रोनॉट्स भेजने वाला है। आर्टेमिस-2 मिशन के तहत अगले साल चार एस्ट्रोनॉट्स चांद के चारों तरफ चक्कर लगाकर वापस धरती पर आएंगे। इस क्रू में पहली बार एक महिला और एक अफ्रीकन-अमेरिकन (अश्वेत) एस्ट्रोनॉट भी शामिल होगा। अपोलो मिशन के 50 साल से ज्यादा समय के बाद कोई इंसान चंद्रमा तक जाएगा। 10 दिन के इस मून मिशन के लिए क्रिस्टीना हैमॉक कोच को विशेषज्ञ के तौर पर चुना गया है। इससे पहले क्रिस्टीना सबसे ज्यादा समय तक अंतरिक्ष में रहने का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। उनके अलावा अमेरिकी नेवी के विक्टर ग्लोवर को भी बतौर पायलट चुना गया है। वो पहले ब्लैक एस्ट्रोनॉट होंगे जो मून मिशन पर स्पेस जाएंगे। मिशन के लिए चुने गए 4 में से 3 एस्ट्रोनॉट्स अमेरिका के हैं जबकि एक कनाडाई है। इन नामों की घोषणा ह्यूस्टन स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर से की गई। मून मिशन के दौरान एस्ट्रोनॉट्स चांद पर कदम नहीं रखेंगे। ये एक फ्लाईबाई मिशन है जिसके तहत एस्ट्रोनॉट्स सिर्फ चांद के चक्कर लगाकर वापस आ जाएंगे। हालांकि अगर ये मिशन सफल होता है 2025 में आर्टेमिस-3 मिशन भेजा जाएगा, जिसमें जाने वाले एस्ट्रोनॉट्स चांद पर पैर रखेंगे। आर्टेमिस-2 मिशन के दौरान करीब 22 लाख किलोमीटर की यात्रा करेगा। इसका मकसद ये जांचना है कि ओरियन स्पेसशिप के सभी लाइफ-सपोर्ट सिस्टम ठीक से डिजाइन किए गए हैं। जिससे एस्ट्रोनॉट्स को डीप स्पेस में जाने और 2025 में मून लैंडिंग के दौरान परेशानी न हो। आर्टेमिस क्कवापस लौटने से पहले चंद्रमा के सुदूर भाग से कुछ 10,300 किलोमीटर दूर तक जाएगा। नासा ने 15 नवंबर, 2022 को तीसरी कोशिश में आर्टेमिस-1 मिशन लॉन्च किया था। ये 25 दिन बाद 14 लाख मील की यात्रा पूरी करके 10 दिसंबर को धरती पर लौट आया था। इससे पहले दिसंबर 1972 में अपोलो-17 मिशन ही चांद के इतने करीब पहुंचा था। नासा ने 1972 में अपोलो मिशन चंद्रमा पर भेजा था। इसके 50 साल बाद मून मिशन की लॉन्चिंग की जा रही है। इस बार भेजे जा रहे स्पेसक्राफ्ट ओरियन को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए नासा ने दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट रछर बनाया है। अमेरिका 53 साल बाद एक बार फिर आर्टेमिस मिशन के जरिए इंसानों को चांद पर भेजने की तैयारी कर रहा है। इसे तीन भागों में बांटा गया है। आर्टेमिस-1, 2 और 3। आर्टेमिस-1 ने चंद्रमा का चक्कर लगाया, कुछ छोटे सैटेलाइट्स छोड़े और चांद के कई जरूरी फोटोज-वीडियोज उपलब्ध कराए। 2024 के आसपास आर्टेमिस-2 को लॉन्च किया जाएगा।



**ज्ञान की बात**


**वस्तुतः प्रकृति ही सारे जीवों से सब कुछ करवाती है। बिना प्रकृति के चाहे कुछ नहीं होता। जो मनुष्य खुद को कर्मों का कर्ता मान लेता है, वह कर्म बंधनों से बंधता चला जाता है। जो उसे निष्काम रूप से करता है और जानता है कि कर्ता वह नहीं, करतार है, वह उन कर्म बंधनों में नहीं बंधता। - *ठाकुरजी***

# उद्योगपतियों का सम्मान

***जमशेदपुर*** में एक कंपनी के कार्यक्रम में शामिल होकर जिस प्रकार औद्योगिकि नीति की बाबत मुख्यमंत्री ने अपनी बातें रखी,वह यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में औद्योगिक नीति को और बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर और राज्य की जनता के साथ बाहर के लोगों को फायदा होगा। इस प्रकार उन्होंने औद्योगिक नीति पर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। एक बात और महत्वपूर्ण यह कि इंडस्ट्री को चलाने और उसके प्रबंधन तथा मजदूर कैसे अच्छे से काम करें, इस पर टाटा समूह काम करता है। इसमें टाटा समूह की बहुत बड़ी भूमिका होती है। ऐसे में राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार का सृजन होगा। इसके लिए कैसी नीतियां बनानी हैं, इस पर ज्यादा फोकस करना होगा। आज के वर्तमान दौर में कैसे औद्योगिक वातावरण का निर्माण हो, इसके लिए वातावरण बनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि निवेश के प्रस्ताव को आमंत्रित करने के लिए पिछले दिनों दिल्ली समेत कई शहरों में जो कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। उसके सकारात्मक प्रभाव यहां भी दिखने लगे हैं। निवेशकों ने नई औद्योगिक नीति पर भरोसा किया है। कुल मिलाकर राज्य की औद्योगिक नीति पर विश्वास किया जा सकता है। राज्य की औद्योगिक सेहत के लिए ये अच्छी बाते हैं। अर्थव्यवस्था में उभार की इस दिशा का स्वागत किया जाना चाहिए। वैसे भी सरकार बनने के बाद से ही हेमंत सोरेन ने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके बाद कई उद्योगों के प्रबंधन ने यहां आने की इच्छा जताई है। संयोग से उस उद्योग नीति को सार्वजनिक करने के मौके पर कई उद्योग घराने के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। यह सही है कि किसी भी राज्य के विकास के लिए उद्योग का होना बहुत जरूरी है। राज्य में कोई उद्योगपति तभी आना चाहेगा,जब उसे सुरक्षा का वातावरण दिखेगा। ऐसा माहौल दिखना चाहिए। लेकिन यह भी सच है कि झारखंड के कई हिस्से आज भी उग्रवाद की चपेट में हैं। ऐसे में सरकार को उन उद्योगपतियों को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि आप सुरक्षित हैं। हालांकि सरकार इस दिशा में कार्य भी कर रही है। टाटा समूह की ओर से यहां दो हजार करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है। प्रत्यक्ष रूप से एक हजार लोगों को इसमें रोजगार मिलेगा। निश्चित ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम पांच से सात हजार लोग इसका लाभ उठायेंगे। ऐसे में हम कह सकते हैं कि टाटा और बिड़ला समूह के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। देश और राज्य को आगे बढ़ाने में टाटा समूह की बहुत बड़ी भूमिका रही है। टाटा समूह होटल व्यवसाय में भी अपनी अलग पहचान रखता है। राज्य में खनिज सम्पदा काफी मात्रा में है। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मजबूती से कई काम किए हैं। इस कारण टाटा समूह यहां अपने ताज समूह को भी यहां लाने के प्रयास में है। इसके लिए हर प्रयास होने चाहिए। बहरहाल इस राज्य के विकास में उद्योगों के विस्तार के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। तभी इस राज्य का संपूर्ण विकास होगा। यहां कार्य कर रहे उन उद्योगपतियों को भी सम्मान मिलना चाहिए जो रोजगार की दिशा के साथ राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

**अर्थव्यवस्था में उभार की इस दिशा का स्वागत किया जाना चाहिए। वैसे भी सरकार बनने के बाद से ही हेमंत सोरेन ने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके बाद कई उद्योगों के प्रबंधन ने यहां आने की इच्छा जताई है।**

# वैचारिक धुंधकाल के निराकरण का तंत्र





प्रवीण गुगनानी

***विमर्श*** या नैरेटिव के नाम पर भारत में एक अघोषित युद्ध चला हुआ है। इन दिनों भारत में चल रहा विमर्श शुद्ध राजनैतिक है। राजनीति और कुछ नहीं समाज का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब ही है। विमर्श में यह प्रतिबिंब विषय व समयानुसार कुछ छोटा या बड़ा होता रह सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को यदि हम सामाजिक प्रतिबिंब के रूप में देखें तो हमें वैचारिक प्रतिबंधों, वर्जनाओं और सीमाओं से मुक्ति मिल जाती है। वैचारिक दृष्टि से देखें तो भाजपा एकमात्र भारतीय राजनैतिक दल है जो वैचारिक दासता से मुक्त है। भाजपा अपने चिर परिचित हिंदुत्वशाली आग्रहों पर अंगद, अटल है। नवीन व पुरातन का अभिनव संगम हो गई है भाजपा। वस्तुतः आरएसएस ने भाजपा के माध्यम से राजनीति एक विशाल, विराट व विमुक्त वैचारिक कैनवास हमें दिया है। हम भारत के राजनैतिक, अराजनैतिक और यहां तक की हम भाजपा के लोग भी भाजपाई राजनीति को सही शब्दों में संपूर्णतः व्यक्त नहीं कर पाते हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए नहीं है कि भाजपाई नेतृत्व के पास या भाजपा के आलोचकों के पास शब्दों या समझ का अभाव है। गैर भाजपाई तो शब्दों के कुटिल जादूगर हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए है कि भाजपा का सर्वसमावेशन, सर्वस्पर्शन और सर्वव्याप्तिकरण का लक्ष्य समाज में तीव्रता से आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ त्वरा भाव से उर्वर, अद्यतन होकर अपडेशन हमारे प्रस्तुत हो जाता है। तेजी से बदलते समाज में एक तीव्र और तेज वैचारिक अपडेशन को अपनाना यही भाजपा का देश भर में सत्तासीन होने का अंतर्तत्व है। यह तो निर्विवाद रूप से सभी मानते हैं कि पिछले तीन दशकों में विशेषतः पिछले दशक का भारत सौ वर्षों के परिवर्तनों को समेटे हुए है। भाजपा का वैचारिक तंत्र इस तीव्र, तेज, तीक्ष्ण सामाजिक परिवर्तन सौम्यता से प्रकट करने का सबसे बड़ा भारतीय संस्थागत ढांचा बन गया है। यहां सौम्य शब्द का प्रयोग इसलिए है क्योंकि इस तेज युग के तीव्र सामाजिक परिवर्तनों के समय में सौम्य बने रहना तनिक कठिन और कष्टप्रद होता है किंतु भाजपा की सौम्यता है की जाती ही नहीं। भाजपा को यह सौम्यता संघ से मिलती है। संघ से इस सौम्यता को ग्रहण कर लेने की मशीन है पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का सिद्धांत। एकात्म मानववाद का सिद्धांत भाजपा की रीढ़ है। भाजपा अपनी रीढ़ की रक्षा करना और रीढ़ पर टिके रहना दोनों भलीभांति सीख गई है। यही भाजपा नामक वटवृक्ष फोटो सिंथेसिस प्रोसेस अर्थात प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया है। मोटी दृष्टि से देखें तो भारत में राजनीति की चार धाराएं हैं। भाजपा, कांग्रेस, वामपंथ और समाजवाद। भाजपा स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से उपजी एक राजनैतिक धारा है। इसने अपने कोई डमी या छद्म रूप उत्पन्न नहीं किए। शेष तीन राजनैतिक विचार अपने डमी उत्पन्न करके छल करते रहते हैं। जैसे कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस। कांग्रेस, वामपंथ व समाजवाद ने सकारात्मक विमर्श तो कम उपजाए किंतु नकारात्मक विमर्शों में ये लोग मास्टर ऑफ मास्टर्स हो गये हैं। भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; यह पार्टी विद डिफरेंस नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी पार्टी विद डिफरेंस ही है। भाजपा

**भाजपा स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से उपजी एक राजनैतिक धारा है। इसने अपने कोई डमी या छद्म रूप उत्पन्न नहीं किए। शेष तीन राजनैतिक विचार अपने डमी उत्पन्न करके छल करते रहते हैं।**

**इन दिनों**

में अनेक दलों से करोड़ों कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारों सांसद, विधायक आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? सामान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा? आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचें तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गये हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दूसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं, भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटल भाव से खड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर सत्ता प्राप्ति को बैचेन भाजपा से इतर के दल आजकल अपना वैचारिक आधार बनाना ही नहीं चाहते हैं। वो कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर बैठते हैं। वो विचार बदलते हैं, परिवार बदलते हैं, आधार बदलते हैं और नौ सौ चूहे खाकर कभी हज को तो कभी हरिद्वार को जाने का प्रपंच करते हैं। कांग्रेस कम्युनिस्ट होकर कटुक, बिटूक गई है। कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं। साम्यवादी समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में अव्वल सदा रहते हैं। 'भारतीयता को छोड़ना' इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं, थर्मामीटर लगाकर चैक करें कि इन संदर्भों में भाजपा से इतर वाले राजनैतिक दलों ने कितनी तेजी से सत्ता के लिए अपनी केंचुली बदली है। जनजातीय को हिंदुओं से अलग बताना, जैन और लिंगायत जैसे कुछ अन्य समुदायों को अलग धर्म या अल्पसंख्यक कराना, शाहबानो प्रकरण में न्यायालय के निर्णय को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य अनार्य का वितंडा उपजाना, राममंदिर को संघ भाजपा का कार्यालय बताना, अयोध्या निर्माण में बाधाएं उत्पन्न करना, रामेश्वर रामसेतु के विध्वंस हेतु मशीनों का बेड़ा भेजना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, ऐन दिवाली की रात्रि को पूज्य शंकराचार्य की गिरफ्तारी, देश में कोविड वैक्सिन को भाजपा की वैक्सिन कहना, विरोध, विदेशों में वैक्सिन डिप्लोमेसी का विरोध, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओइज्म, अनुच्छेद 370, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण राज्यों में हिंदी विरोध के आधार पर राजनीति, भाषायी विभाजन, भीम-मीम गठजोड़, मंडल-कमंडल, पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाव, गुरमेहर कौर विवाद, चीन के साथ भारत के विवाद या संघर्ष में चीन की ओर झुकाव बताना जैसे कई कई मुद्दे हैं। ये और इन जैसे अनेक अन्य मुद्दों पर भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी व प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने सदैव ही राष्ट्र की मूलभावना के विपरीत आचरण प्रस्तुत किया है। भारत की परिवार परम्परा और विवाह परम्परा के विरुद्ध इनके षड्यंत्र आये दिन नये नये रूप में देश के प्रत्येक भाग में उभरते रहते हैं। सीआरपीएफ के 75 सैनिकों के नक्सलियों से संघर्ष करते हुए बलिदान होने पर उत्सव मनाने जैसी घटनाएं ये लोग आए दिन करते रहते हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

उस महापथ में क्रमशः द्रौपदी, सहदेव, नकुल, अर्जुन और भीमसेन एक-एक करके गिर पड़े। इससे राजा शोकमग्न हो गये। तदनन्तर वे इन्द्र के द्वारा लाये हुए रथ पर आरूढ़ हो (दिव्य रूप धारी) भाइयों सहित स्वर्ग को चले गये। वहाँ उन्होंने दुर्योधन आदि सभी धृतराष्ट्रपुत्रों को देखा। तदनन्तर उन पर कृपा करने के लिये अपने धाम से पधारे हुए भगवान वासुदेव का भी दर्शन किया। इससे उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई।

***(समाप्त)***

**आईए सुने मां वैष्णो की कथा**

***श्रीधर*** मां दुर्गा का परम भक्त था, वह बहुत ही गरीब व्यक्ति था। एक बार श्रीधर को स्वपन में मां दुर्गा के दर्शन हुए श्रीधर मां दुर्गा के उस स्वपन को देखकर इतना प्रभावित हुआ कि उसने मां दुर्गा का भंडारा करने का निर्णय किया, लेकिन गरीब होने के कारण वह मोहल्ले के लोगों को भंडारा कराने में अशक्त था। एक दिन श्रीधर ने शुभ मुहूर्त देखकर देवि का भंडारा करने का निर्णय किया और आस पड़ोस के गांव वालों को निमंत्रण दे आया जैसे-जैसे दिन बीतने लगे वह भिक्षा मांगने जाता और भंडारे के लिए सामान इकठ्ठा करना शुरू किया लेकिन जितने भोजन की आवश्यकता थी उतना राशन नहीं जुटा पा रहा था। इसी तरह दिन बीतता गया और भंडारा का दिन आ गया, उस दिन श्रीधर को नींद भी नहीं आई और उन्होंने देवी के सामने अपनी आंखें बंद कर लीं और अब सोचने लगे कि मैं सबको कैसे खिलाऊंगा। भक्त श्रीधर माता दुर्गा से विनती करने लगा की हे मां मेरी मदद करें। इसी दौरान गांव के कुछ लोग भंडारे के लिए आने लगे और जैसे-जैसे सब उसके झोपड़ी में बैठने लगे श्रीधर की चिंता भी बढ़ने लगी परंतु कुछ समय पश्चात उसे आश्चर्य हुआ कि कि इतनी छोटी झोपड़ी में इतने लोग बैठे है फिर भी झोपड़ी में बैठने के लिए काफी जगह बची है और भंडार ग्रह में देखने पर उसे पता चला सारे बर्तन भोजन से भरे हुए हैं और भोजन बर्तनों में अपने आप भर रहा हैं

**(क्रमशः)**

# वन संरक्षण अधिनियम में उदारीकरण की प्रक्रिया



डॉ. रमेश चंद

***वानिकी,*** कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं- फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा। वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं। वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपनाकर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था।

**देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा।**

**वन संरक्षण**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

आईएएनएस **IANS Hindi** @IANSKhabar

ट्विटर (#Twitter) के सीईओ एलोन मस्क (#ElonMusk) ने मंगलवार को माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के ब्लू बर्ड होमपेज लोगो को 'डोगे' (#DOGE) मीम से बदल दिया।

## फेसबुक वॉल से

**Junior Diamond**
12 h ·

विष गुरु का एक और क्रांतिकारी कदम
12वीं के इतिहास से मुगल दरबार को हटाया। इसके अलावा डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, फिराग गोरखपुरी, विष्णु खरे सहित कई साहित्कारों की रचना को किया बाहर।

# जॉर्जिया असेंबली में हिंदूफोबिया के मायने



डॉ. नीलम महेंद्र

***ये*** भारत में ही होता है जहाँ एक अनपढ़ व्यक्ति भी परम्परा रूप से नदियों को माता मानता आया है और पेड़ों की पूजा करता आया है। हिन्दुफोबिया से ग्रसित लोग जिसे अंधविश्वास और पिछड़ापन कहते रहे आज आधुनिक वैज्ञानिक उसे विज्ञान मानने के लिए विवश हैं। आज जहां एक तरफ देश में हिन्दू राष्ट्र चर्चा का विषय बना हुआ है। तो दूसरी तरफ देश के कई हिस्सों में रामनवमी के जुलूस के दौरान भारी हिंसक उत्पात की खबरें आती हैं। एक तरफ हमारे देश में धार्मिक असहिष्णुता या फिर हिन्दुफोबिया का माहौल बनाने की कोशिशें की जाती हैं तो दूसरी तरफ अमेरिका की जॉर्जिया असेंबली में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया जाता है। इस प्रस्ताव में कहा जाता है कि 'हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान और शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। हिन्दू धर्म के योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला जैसे प्राचीन ज्ञान को अमेरिकी समाज के लाखों लोगों ने व्यापक रूप से अपना कर अपने जीवन को सुधारा है।' एक रिपोर्ट के अनुसार 3.6 करोड़ अमरीकी योग करते हैं और 1.8 करोड़ ध्यान लगाते हैं। इन परिस्थितियों में प्रश्न यह उठता है कि क्या हिन्दू धर्म जिसे हम सनातन धर्म भी कहते हैं और 'सनातन संस्कृति' भी कहते हैं, इसमें ऐसा क्या है कि 'हिन्दुफोबिया' जैसी भावना या फिर ये शब्द ही अस्तित्व में आया? क्या है ये सनातन संस्कृति जिसका साक्षी भारत रहा है? क्या ये वाकई में अनादि और अनन्त है? वर्तमान में इस प्रकार के प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो गये हैं। लेकिन समस्या ये है कि इन प्रश्नों के उत्तर किसी पुस्तक में तो कतई नहीं मिलेंगे। क्योंकि ये प्रश्न जितने जटिल प्रतीत होते हैं इनके उत्तर उससे कहीं अधिक सरल हैं। हमारे मन में यह विचार आ सकता है कि यदि हम वेद पुराण आदि पढ़ लें तो हमें इन सभी सवालों के जवाब मिल जायेंगे। शायद ऐसा सोचने वाले लोगों के लिए ही कबीर ये पंक्तियां लिख कर गए थे कि पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ पंडित बना न कोय ढाई आखर प्रेम का पढ़े तो पंडित होय। देखा जाय तो इन सरल-सी पंक्तियों में कितनी गहरी बात छिपी है। वाकई में अगर हम इन प्रश्नों के उत्तर खोजना चाहते हैं तो हमें किसी वेद पुराण या किसी किताब को नहीं बल्कि भारतीय समाज को, उसकी समाजिक व्यवस्था को बारीकी से समझना होगा। वो संस्कृति जो संस्कारों से बनती है। वो संस्कार जो पीढ़ी दर पीढ़ी मां से बेटी में और पिता से बेटे में स्वतः ही बेहद साधारण तरीके से चले जाते हैं। इस प्रकार एक परिवार से समाज में और समाज से राष्ट्र में ये संस्कार कुछ इन सहजता से जाते हैं कि वो उस राष्ट्र की आत्मा बन जाते हैं। लेकिन खास बात यह है कि संस्कार देने वाला जान नहीं पाता और लेने वाला समझ भी नहीं पाता कि कब एक साधारण-सा व्यवहार संस्कार बनते जाते हैं और कब ये संस्कार संस्कृति का रूप ले लेते हैं। ये भारत में ही हो सकता है कि कहीं किसी गली या मोहल्ले में अगर कोई गाय ब्याहती है (बछड़े को जन्म देती है) तो आसपास के घरों से महिलाएं मिल जुल उसके लिए दलिया बनाकर उसे खिलाती हैं, उसके बछड़े के लिए घर से किसी पुराने कपड़े का बिछावन बनाती हैं। कहीं किसी नुक्कड़ पर यदि किसी कुक्कुरी (मादा श्वान) ने पिल्ले दिये हैं तो आसपास के घरों से बच्चे उसके और उसके पिल्लों के लिए दूध और खाने का विभिन्न सामान लेकर आते हैं और माता पिता भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। ये भारत में ही होता है कि लोग सुबह की सैर के लिए निकलते हैं तो चींटियों और मछलियों के लिए घर से आटा लेकर निकलते हैं।

**हिन्दुफोबिया से ग्रसित लोग जिसे अंधविश्वास और पिछड़ापन कहते रहे आज आधुनिक वैज्ञानिक उसे विज्ञान मानने के लिए विवश हैं। आज जहां एक तरफ देश में हिन्दू राष्ट्र चर्चा का विषय बना हुआ है।**

**दुनियादारी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बच्चों का करियर चुनते समय पैरेंट्स न करें ऐसी गलतियां

कई बार करियर चुनते समय कई बच्चे काफी कंफ्यूज होते हैं। ऐसे में वह पैरेंट्स, टीचर आदि की मदद लेते हैं। सही करियर का चुनाव सबसे महत्वपूर्ण निर्णय होता है। ऐसे में पैरेंट्स को बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपने से बचना चाहिए और उन्हें करियर चुनने के लिए पूरी स्वतंत्रता देनी चाहिए। छात्रों की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने के बाद जहां 10वीं के छात्रों को अपने स्ट्रीम का चुनाव करना है। वहीं दूसरी ओर 12वीं के छात्रों को हायर एजुकेशन पर फोकस करना होता है। बेहतर और सही करियर का चुनाव सबसे महत्वपूर्ण निर्णय होता है। छात्र द्वारा चुना गया करियर ही उसके भविष्य का निर्माण करता है। ऐसे में कई बार स्टूडेंट्स अपने करियर और पढ़ाई को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं। इस कंफ्यूजन को दूर करने के लिए वह पैरेंट्स, सीनियर या टीचर्स की मदद लेते हैं। ऐसे में पैरेंट्स को अपने बच्चे का सही मार्गदर्शन किए जाने की जरूरत होती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन जरूरी बातों को बताने जा रहे हैं जो आपके बच्चे के करियर चुनाव में मदद करेगी। कई बार पैरेंट्स बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोप देते हैं। जिसके कारण छात्रों को आगे स्ट्रगल करना पड़ता है। ऐसे में आप भी इन गलतियों को करने से बचें।

## अपनी इच्छाएं थोपने से बचें

करियर का सुझाव देने के दौरान कई बार पैरेंट्स बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपने लगते हैं। हर पैरेंट्स अपने बच्चे को डॉक्टर, इंजीनियर या फिर टीचर बनाना चाहता है। लेकिन अगर आपका बच्चा बिना मन लगाए सिर्फ आपके कहने से इन फील्ड में जाएगा तो जरूरी नहीं है कि वह सफल हो। वहीं अपनी पसंद के करियर के साथ उसे सफल होने से कोई नहीं रोक पाएगा। इसलिए छात्र किस फील्ड में करियर बनाना चाहता है और उसमें क्या स्कोप है। इस बारे में जरूर जानकारी हासिल करें।



## सोसायटी का दबाव

अक्सर देखने को मिलता है कि जब कोई बच्चा अपनी लीक से हटकर किसी फील्ड में करियर का चुनाव करता है तो उसे सोसायटी का डर दिखाया जाता है। सोसायटी क्या कहेगी, लोग क्या सोचेंगे। इन सब बातों को बोलने से बच्चे कई बार अपना पसंदीदा करियर छोड़ देते हैं। जबकि आपका बच्चा जिस भी फील्ड में जाना चाहता है, अपना करियर बनाना चाहता है। उस फैसले में आप डटकर उसके साथ खड़े रहें। ऐसा करने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आसानी से सफलता मिलती है।

## करियर काउंसलिंग

अगर पैरेंट्स को लगता है कि वह अपने बच्चे को करियर से रिलेटेड बेहतर सलाह नहीं दे पा रहे हैं। तो ऐसी स्थिति में आप करियर काउंसलर की मदद ले सकते हैं। करियर काउंसलर के पास बच्चे को ले जाने से उसके सामने कई करियर के ऑप्शन खुलेंगे।

## टीचर से लें सलाह

पैरेंट्स को इस बात पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चों का टीचर भी उनका करियर काउंसलर बन सकता है। करियर का चुनाव करते समय यदि कंफ्यूजन हो तो आप टीचर की भी मदद ले सकते हैं। टीचर से जान सकते हैं कि आपका बच्चा किस सब्जेक्ट में बेहतर है। ऐसा करने से आपका बच्चा बेहतर तरीके से करियर का चुनाव कर पाएगा।

## बच्चे पर न डालें प्रेशर

बच्चे पर अपने करियर के चुनाव को लेकर काफी प्रेशर रहता है। ऐसे में कई बार पैरेंट्स कोई एक खास करियर चुनने का उनपर दबाव डालते हैं। ऐसा करने से बचना चाहिए। उन्हें स्वतंत्रता देने से वह बेहतर तरीके से करियर का चुनाव कर पाएंगे। वहीं किसी खास करियर में ढकेलने के कारण न तो आपका बच्चो मोटिवेट हो पाएगा और हो सकता है वह उस फील्ड में बेहतर प्रदर्शन भी न कर पाएं।

# एक्सपर्ट्स से जानें कैसे करें इंग्लिश की तैयारी

डेली प्रैक्टिस से कैंडिडेट अपनी इंग्लिश को बेहतर बना सकते हैं और एग्जाम में अच्छा स्कोर कर सकते हैं। इंग्लिश में अच्छा स्कोर करने के लिए सब्जेक्ट के एक्सपर्ट्स छात्रों को कुछ खास टिप्स दे रहे हैं। जिनकी मदद से छात्र अपनी इंग्लिश को अच्छे से तैयार कर सकते हैं। डेली प्रैक्टिस से इंग्लिश की तैयारी बेहतर तरीके से की जा सकती है। जिन कैंडिडेट ने इंग्लिश का सब्जेक्ट चुना होगा, उम्मीद होगा कि अब तक उन्होंने इस टॉपिक को कवर कर लिया होगा। लेकिन अब नए सिरे से तैयारी करने का समय नहीं है। इसलिए अब सिर्फ रिवीजन का समय बचा है। इसलिए उन टॉपिक का ज्यादा रिवीजन करें जिनसे एग्जाम में प्रश्न पूछे जाएंगे। इंग्लिश के एग्जाम में कौन से टॉपिक्स से प्रश्न पूछे जाते हैं, यह बताने के लिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से तीन-तीन एक्सपर्ट्स को लेकर आए हैं। जिनके टिप्स की मदद से आप अपने इंग्लिश के सब्जेक्ट और अच्छे से इंप्रूव कर सकेंगे। आज हमारे साथ परिष्कार कोचिंग से सब्जेक्ट एक्सपर्ट प्रमोद कौशिक, डॉ. प्रियंका मिश्रा और राकेश सिरावत जुड़े हैं।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एक्सपर्ट प्रमोद कौशिक ने बताया ने कि छात्रों के पास अब लिमिटेड समय है। इसलिए छात्रों को अब उन्हीं टॉपिक्स पर फोकस करना चाहिए, जिनमें वह खुद कंफर्टेबल हैं। जिनमें उनकी तैयारी पहले से है। लास्ट मौके पर नए टॉपिक्स को पढ़ कर खुद को कंफ्यूजन से बचाना चाहिए। इंग्लिश सब्जेक्ट एक्सपर्ट प्रमोद कौशिक के अनुसार, कुछ टॉपिक ऐसे होते हैं, जिनसे हर एग्जाम में प्रश्न पूछे जाते हैं। यह टॉपिक भले ही कितने मुश्किल क्यों ने हों, छात्रों का उन्हें अच्छे से तैयार कर लेना चाहिए। प्रमोद कौशिक ने बताया कि इंग्लिश लैंग्वेज के पेपर में एक्टिव वॉइस-पैसिव वॉइस, नरेशन, टेंस, आर्टिकल, प्रीपोजिशन और कंजक्शन से जुड़े अधिकतर सवाल पूछे जाते हैं। इसलिए स्टूडेंट को इन टॉपिक के अच्छे से तैयार करना चाहिए।

## फॉलो करें ये टिप्स

इंग्लिश में सिलेबस को लिटरेचर, फोनेटिक्स ग्रामर और कॉम्प्रिहेंशन में बांटकर तैयारी करें।
ग्रामर के टापिक्स को क्लियर करने के लिए डिटेल में पढ़ने की जगह चैप्टर की थ्योरी को पढ़कर उसके मल्टीपल चॉइस के सवालों सॉल्व करें।
साल्ट समय में ज्यादा से ज्यादा पैसेज सॉल्व कर प्रैक्टिस पर फोकस करें। प्रैक्टिस करने से पेपर में आपको फायदा मिलेगा।



## क्या कहती हैं सब्जेक्ट एक्सपर्ट डॉ. प्रियंका मिश्रा

स्टूडेंट्स को एग्जाम टाइम में सबसे पहले सोशल मीडिया से दूरी बना लेनी चाहिए। क्योंकि एग्जाम के दौरान एक गलत जानकारी आपके पूरे माइंडसेट को बिगाड़ सकता है।

## इन टिप्स को करें फॉलो

इंग्लिश में अनसीन पैसेज बहुत महत्वपूर्ण हैं।
फोनेटिक्स की यूनिट में सिंबल्स को जरूर देखना चाहिए। पेपर में इस पोर्शन से सवाल आने की पूरी संभावना है।
इंग्लिश लैंग्वेज में Tense से लेकर सभी भागों को कवर करना जरूरी है।
पेपर में अनसीन पैसेज और कॉम्प्रिहेंशन का एक हिस्सा भी आता है।
इंग्लिश में जो टॉपिक हैवी हैं, उन्हें छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। शर्ट नोट्स बनाकर इन टापिक्स की तैयारी करें।
एग्जाम की तैयारी के दौरान हर पार्ट को अलग-अलग डिवाइड कर उसको सॉल्व करें।
एग्जाम के दौरान एक ही पोर्शन में ज्यादा समय न लगाएं। क्योंकि इससे आपका पेपर छूट सकता है।
मॉडल पेपर को सॉल्व करने के दौरान स्पीड पर भी ध्यान दें। क्योंकि एग्जाम की समय सीमा होता है।
टेस्ट सीरीज के सवालों और लास्ट ईयर के पेपर को भी ज्यादा से ज्यादा सॉल्व करने की कोशिश करें।

जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट राकेश सिरावत

इंग्लिश सब्जेक्ट एक्सपर्ट राकेश सिरावत के अनुसार, एग्जाम के दौरान कुछ नया पढ़ने या तैयार करने की जगह पर आप जो पहले से पढ़ चुके हैं, उसी को तैयार करें। रिवीजन के साथ ज्यादा से ज्यादा समय टेस्ट सीरीज से प्रश्न सॉल्व करें। ऐसे में आपकी एग्जाम देने की प्रैक्टिस होने के साथ ही गलतियों पर भी आपकी पकड़ मजबूत होती जाएगी।

## इन टिप्स को करें फॉलो

इंग्लिश के प्रश्नों का लेवल मॉडरेट रहेगा इसलिए सिर्फ बेसिक पर ज्यादा फोकस करना चाहिए। ऐसे में प्रैक्टिस सेट से अपनी तैयारी को अधिक मजबूत करें। प्रैक्टिस सेट सॉल्व करने के बाद मॉडल पेपर का एनालिसिस करना न भूलें। क्योंकि जो गलतियां आप प्रैक्टिस सेट में करेंगे उन पर अधिक ध्यान देना चाहिए।
पेपर में कुछ महत्वपूर्ण टॉपिक जैसे एक्टिव-पैसिव, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट, टेंस, इवैल्यूएशन और प्रिंसिपल्स ऑफ टीचिंग इंग्लिश को अच्छे से तैयार करना चाहिए।
प्रश्न-पत्र सॉल्व करते उसकी लैंग्वेज पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कई बार लैंग्वेज समझ नहीं आने पर आपका आंसर गलत हो सकता है। इसलिए पेपर को अच्छे से पढ़कर तभी आंसर लिखें।
पेपर में छात्र सभी प्वाइंट्स को ध्यान में रखकर अगर आंसर देते हैं तो उन्हें अच्छा स्कोर करने से कोई भी नहीं रोक सकता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# नई तकनीक से 30 सेकंड में 'दूध का दूध व पानी का पानी'

दूध की शुद्धता का परीक्षण करने के लिए पारंपरिक प्रयोगशाला-आधारित विधियों, जो महंगी और समय लेने वाली हैं, की तुलना में यह अपेक्षाकृत किफायती तकनीक है। पानी, ताजा रस और मिल्कशेक जैसे अन्य तरल पदार्थों का परीक्षण करने के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है। दूध में मिलावट एक चुनौती है और इसके कारण स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भारतीय शोधकर्ताओं ने एक ऐसा उपकरण विकसित किया है, जो दूध का दूध और पानी का पानी कहावत को सही अर्थों में चरितार्थ कर सकता है। 3डी पेपर के उपयोग से बनाया गया यह एक पोर्टेबल उपकरण है, जो महज 30 सेकंड के भीतर दूध में मिलावट का पता लगा सकता है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित इस उपकरण की मदद से दूध का परीक्षण घर पर भी आसानी से किया जा सकता है। यह उपकरण यूरिया, डिटर्जेंट, साबुन, स्टार्च, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, सोडियम-हाइड्रोजन-कार्बोनेट और नमक सहित मिलावट के लिए आमतौर पर उपयोग होने वाले पदार्थों का पता लगा सकता है।

दूध की शुद्धता का परीक्षण करने के लिए पारंपरिक प्रयोगशाला-आधारित विधियों, जो महंगी और समय लेने वाली हैं, की तुलना में यह अपेक्षाकृत किफायती तकनीक है। पानी, ताजा रस और मिल्कशेक जैसे अन्य तरल पदार्थों का परीक्षण करने के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है। मिलावट के परीक्षण के लिए किसी भी तरल पदार्थ का केवल एक मिलीलीटर का नमूना पर्याप्त होगा।



आईआईटी मद्रास के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पल्लब सिन्हा महापात्रा नेतृत्व में किया गया यह अध्ययन शोध पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययन में प्रोफेसर महापात्रा के शोधार्थी सुभाशीष पटारी और डॉ प्रियंकन दत्ता शामिल हैं।

डॉ महापात्रा बताते हैं कि 3डी पेपर-आधारित माइक्रोफ्लुइडिक उपकरण की संरचना सैंडविच की तरह है, जिसके ऊपर एवं नीचे के आवरण के बीच एक मध्यवर्ती परत होती है। यह 3डी डिजाइन सघन तरल पदार्थों के समान गति से प्रवाह के अनुकूल है। कागज को अभिकर्मकों (reagents) के साथ संसाधित किया जाता है और सूखने दिया जाता है। सुखाने के बाद दोनों पेपर परतें इसके समर्थित किनारों से चिपक जाता है, और आवरण दोतरफा टेप से चिपका रहता है। इस डिजाइन में व्हाटमैन फि ल्टर पेपर ग्रेड-4 का उपयोग किया गया है, जो तरल प्रवाह में सहायता करता है, और अधिक अभिकर्मकों के भंडारण को सक्षम बनाता है।

सभी अभिकर्मकों को उनकी घुलनशीलता के आधार पर आसुत जल या इथेनॉल में घोल दिया जाता है। वर्णमिति पहचान तकनीकों का उपयोग करके विभिन्न तरल नमूनों में मिलावट का पता लगाया जाता है। परीक्षण से यह पाया गया है कि इस विधि में दूध घटकों के बजाय अभिकर्मक केवल विशिष्ट मिलावट के साथ प्रतिक्रिया करते हैं। इसलिए, यह विश्लेषणात्मक उपकरण तरल खाद्य सुरक्षा की निगरानी में मदद कर सकता है। इस प्रकार, यह उपकरण दूरस्थ क्षेत्रों में भी आसानी से दूषित दूध का पता लगाने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है, डॉ पल्लब महापात्रा बताते हैं।

दूध स्वस्थ जीवन शैली के लिए सबसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थों में से एक है, और फिर भी यह दुनिया में सबसे अधिक मिलावटी खाद्य पदार्थ है। दूध में मिलावट एक बढ़ता हुआ खतरा है, खासकर भारत, पाकिस्तान, चीन और ब्राजील जैसे विकासशील देशों में दूध की मिलावट बड़ी चुनौती रही है। दूषित दूध के सेवन से किडनी की समस्या, शिशु मृत्यु, आंत संबंधी जटिलताएं, डायरिया और यहां तक कि कैंसर जैसी चिकित्सीय जटिलताएं हो सकती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6660

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6659 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## दैनिक पंचांग

05 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.21 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 08.01 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.59 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.13 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.29 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.41 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.51 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 21.06 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 23.22 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मकर | 01.27 बजे से |
| | | कुंभ | 03.14 बजे से |
| | | मीन | 04.47 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 95 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 09.20 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 11.23 बजे को समाप्त। **योग** ध्रुव 03.16 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 09.20 बजे तदनन्तर विष्टि 21.46 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 53'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871574
**जूलियन दिन** 2460039.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान
**तारीख** 13
**विशेष** पूर्णिमा उपवास, पंगुनी उथिरम।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7723



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत,स्वभाव-4
4.सुरक्षित-4
7.जरुरतमंद-5
9.भीगा हुआ-2
11.मक्का-मदीना की यात्रा-2
12.सोना,धतुरा-3
14.धक्का देना-4
15.खानाबदोश,बंजारा-4
16.अंधेरा,अंधकार-3
18.खामी,बुरी आदत-2
19.ईसाई साध्वी-2
21.नायक का विलोम-5
25.करिश्मा,करामात-4
26.महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1.अंग्रेज,विदेशी-3
2.लीन,मगन-2
3.पैंदा,तला-2
4.रिश्तेदार-2
5.थूक,लेस-2
6.तहजीब,सलीका-3
8.देह,काया-3
10.टोने-टोटकों वाली किताब-5
11.स्वदेशवासी -5
12.कपड़े की दीवार-3
13.अनुमान,आकलन-3
17.राजी करना-3
18.चश्मा-3
20.अनुकृति-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.होठ,अधर-2
23.मृत्यु देवता,यमराज-2
24.बीता हुआ दिन-2

शब्द पहेली -7722 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। गुस्से पर नियंत्र और वाणी पर संयम रखें।

**वृष राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। मनोरंजन के भरपूर अवसर मिलेंगे। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक पर जा सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर रहेंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि** : विद्याप्राप्ति के लिए आज का दिन अनुकूल है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आय में वृद्धि के योग रहेंगे। आर्थिक आयोजन भी अच्छी तरह से होंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायी अच्छा लाभ कमाएंगे। आमदनी बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे और अनुभवों का लाभ मिलेगा।

**तुला राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी, लेकिन अपने प्रयासों से कारोबार में मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

**धनु राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अनावश्यक खर्च अधिक होंगे, लेकिन आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के अवसर मिलेंगे। परिवारजनों के साथ कलह होने की संभावना है।

**मकर राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा और तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र में प्रगति के अवसर में मिलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। उच्च अधिकारियों पर आपके कार्य का सकारात्मक असर होने से आप पर प्रसन्न रहेंगे।

**मीन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। सरकारी काम पूरे कर सकेंगे। कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### यूपीए सरकार में अधिक भ्रष्टाचारियों को सजा : सिब्बल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीबीआई को भ्रष्ट लोगों को नहीं बख्शने के लिए कहने के एक दिन बाद निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने मंगलवार को मौजूदा सरकार में सजा की दर पर सवाल उठाया। सिब्बल ने कहाः प्रधानमंत्री ने सीबीआई से कहा कि भ्रष्टाचारियों को बख्शें नहीं, लेकिन यूपीए सरकार की तुलना में भ्रष्टाचारियों की सजा की दर इस सरकार में काफी कम हो गई है। तथ्य यह है कि 2013 में 1136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया। इसी प्रकार 2014 में 993, 2015 में 878 और 2016 में 71 लोग दोषी ठहराए गए। व्यक्ति झूठ बोल सकता है, लेकिन तथ्य नहीं।

### नीतीश और तेजस्वी मुसलमानों में डर पैदा करना चाहते हैं : ओवैसी


**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि बिहारशरीफ में मदरसा अजीजिया को आग के हवाले किया गया, मुस्लिमों की दुकानों को निशाना बनाया गया। इसके पीछे साजिश है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जानते थे कि नालंदा एक संवेदनशील जिला है, फिर भी वहां अशांति थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के मुसलमानों को नीतीश और तेजस्वी डराना चाहते हैं। नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार माना है। उन्होंने कहा कि दंगे को रोकना राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है और यह काम करने में नीतीश कुमार विफल रहे हैं।

### आजाद ने पीएम की तारीफ, कांग्रेस की आलोचना

**श्रीनगर।** गुलाम नबी आजाद ने मंगलवार को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। आजाद ने कहा कि मैंने उनके साथ जो किया उसके लिए मुझे मोदी को श्रेय देना चाहिए। वह बहुत उदार थे। विपक्ष के नेता के रूप में मैंने उन्हें किसी भी मुद्दे पर नहीं बख्शा चाहे वह धारा 370 हो या सीएए या हिजाब का मुद्दा। मेरे कुछ बिल पूरी तरह से फेल हो गए, लेकिन मुझे उन्हें इसका श्रेय देना चाहिए कि उन्होंने एक राजनेता की तरह व्यवहार किया, उसका बदला नहीं लिया। कांग्रेस के जी-23 ग्रुप के नेताओं के बीजेपी करीबी होने का आरोप पर गुलाम नबी आजाद ने कहा कि ये बकवास है।

पश्चिम बंगाल में हिंसा का मामला

# गृह मंत्रालय ने तीन दिनों में सरकार से मांगी रिपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर केंद्र सरकार सख्त नजर आ रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को रामनवमी पर हुए दंगे और खराब कानून व्यवस्था पर ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी है। गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के चीफ सेक्रेटरी से 3 दिनों के अंदर पूरी घटना पर रिपोर्ट भेजने को कहा है। बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी थी। पत्र में उन्होंने कहा था कि हिन्दुओं को लगातार बंगाल में निशाना बनाया जा रहा है। इस चिट्ठी के बाद गृह मंत्रालय ने ये रिपोर्ट मांगी है।

इससे पहले गुरुवार को हावड़ा में रामनवमी के जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और राज्य बीजेपी प्रमुख सुकांत मजूमदार से बात की और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति का आंकलन किया था। राज्यपाल ने अमित शाह को हिंसा और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी थी। हावड़ा में भीड़ की ओर से उत्पात मचाने, वाहनों को जलाने, पथराव करने और दुकानों में तोड़फोड़ करने के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। हावड़ा के बाद रविवार को हुगली में भी हिंसा हुई थी।

सुकांत मजूमदार ने अपने पत्र में लिखा था कि हुगली जिले में भी बीजेपी की शोभायात्रा में बवाल किया गया। फिर रेलवे स्टेशनों पर भारी पथराव हुआ, जिसके बाद ट्रेन सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था और इसे टीएमसी और उसके समर्थन के बिना जारी नहीं रखा जा सकता था। मजूमदार के नेतृत्व में बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्य में हिंसा की हालिया घटनाओं के मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात भी की।

## गिरिराज बोलेः ममता बंगाल को पुराना कश्मीर तो नीतीश बिहार को पाक बनाना चाहते हैं



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार और पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर नीतीश कुमार और ममता बनर्जी पर कड़ा हमला बोला है। गिरिराज ने खुले शब्दों में कहा ये बिहार को पाकिस्तान और बांग्लादेश बना रहे हैं तो वहीं, बंगाल को ममता पुराना कश्मीर बनाना चाहती हैं।

गिरिराज सिंह ने एक टीवी चैनल को दिए खास इंटर्व्यू में कहा, ये (नीतीश कुमार) मुसलमानों का वोट हासिल करने के लिए हिंदुओं पर हमले करवा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट के लिए ये रमजान में छुट्टी दे रहे हैं। शुक्रवार को स्कूलों में छुट्टियां हो रही हैं। आप (नीतीश) लाल किला बना लें, आप ताज महल बना लें, आप मस्जिद भी बना लें हमें कोई लेना देना नहीं लेकिन अगर हिंदुओं पर हमला होगा तो उसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने तल्ख अंदाज में कहाः क्या हिंदुओं ने ही अपने जुलूस पर पत्थर फेंका? ये हिंदुओं को ही गाली दे रहे हैं। हिंदू ने मार भी खाई, हिंदुओं के जुलूस भी अपमानित हुए, हिंदू की आस्था को भी चोट पहुंची और ये लोग उन्हें ही गाली दे रहे हैं। उधर ममता बनर्जी पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य को ऐसा बना दिया है कि अब वहां से हिंदु पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। ममता राज्य में 1990 कश्मीर की स्थिति लाना चाहती हैं। गिरिराज ने यहां ममता बनर्जी और नीतीश कुमार पर सीधा वार करते हुए कहा, ये चाहते हैं हिंदु जाए भाड़ में मुस्लमान का वोट सुरक्षित रहे। लेकिन ये भूले नहीं कि हिंदुओं की आस्था पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आने वाला चुनाव इसका जवाब देगा।

# बिहार में 'कोड' से होगी जातियों की पहचान

### बनिया के लिए कोड है 124 तो कायस्थों के लिए कोड है 22

**एजेंसी। पटना**

बिहार में जातियों की पहचान अब अंकों के आधार पर तैयार किए गए कोडों से होगी। जाति आधारित गणना में अलग-अलग जातियों की पहचान के लिए बजाप्ता अंकों के जरिए अलग-अलग कोड तैयार किया गया है, जिसके आधार पर जातियों की पहचान होगी। अंकों से ही पता चल जाएगा कि कौन किस जाति से आते हैं। बिहार में जारी जाति आधारित जनगणना के दूसरे चरण में प्रपत्र के अलावा पोर्टल और मोबाइल ऐप के जरिए जाति के अंकों के आाधार पर बनाए गए कोड भरे जाएंगें, जिससे जातियों की पहचान हो जाएगी।



बिहार में 15 अप्रैल से दूसरे चरण की गणना के दौरान 17 कॉलम और 215 जातियों के नामों की सूची है। हर जाति के लिए अलग-अलग कोड तय किए गए हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि भविष्य में भी आवेदन पत्रों और अन्य रिपोटरें में इन कोडों के जरिए जातियों की पहचान की जा सकेगी। जाति आधारित जनगणना से जुडे एक अधिकारी की मानें तो बनिया जाति के लिए कोड संख्या 124 तय किया गया है, जिसमें सूड़ी, गोदक, मायरा, रोनियार, पंसारी, मोदी, कसेरा, केसरवानी, ठठेरा, कलवार, कमलापुरी वैश्य, माहुरी वैश्य, बंगी वैश्य, वैश्य पोद्दार, बर्नवाल, अग्रहरी वैश्य, कसौधन, गंधबनिक, बाथम वैश्य, गोलदार आदि शामिल हैं।

कायस्थ के लिए कोड संख्या 22 का इस्तेमाल किया जाएगा जबकि ब्राह्मणों के लिए 128 और भूमिहारों के लिए 144 कोड तय किए गए हैं। इसी तरह अलग-अलग जातियों के लिए अलग-अलग कोड बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार ने पिछले साल जाति आधारित गणना को मंजूरी दी थी। इस सर्वेक्षण के तहत पहले चरण में मकानों की गणना पूरी कर ली गई है जबकि दूसरे चरण की गणना 15 अप्रैल से होने वाली है। इस गणना का कार्य मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### फंडिंग मामले में एसआईए ने कश्मीर में कई जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में दो अलगाववादियों के आवासों सहित कई स्थानों पर छापे मार रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस सिलसिले में श्रीनगर, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में मंगलवार सुबह छापे की कार्रवाई शुरू की गयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर जिले के राजबाग और अलोची-बाग स्थित हुर्रियत के दो नेताओं के आवासों की तलाशी ली गयी।

## केडी अस्पताल में महिला के दोनों फेफड़ों का सफल प्रत्यारोपण

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद स्थित कुसुम धीरजलाल (केडी) अस्पताल में एक महिला मरीज के दोनों फेफड़ों का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। केडी अस्पताल की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में बताया गया है कि हैदराबाद के कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (कीम्स) अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम ने गुजरात की एक 40 वर्षीय महिला के दोनों फेफड़ों के प्रत्यारोपण की एक जटिल सर्जरी हाल ही में केडी अस्पताल में सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। कीम्स अस्पताल के प्रोग्राम निदेशक और हृदय / फेफड़े प्रत्यारोपण विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप अत्तावर और डॉ भाविन देसाई, वरिष्ठ सलाहकार सीटीवीएस, केडी अस्पताल टीम के नेतृत्व में केडी हॉस्पिटल के सीनियर ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजिस्ट और इंटेंसिविस्ट डॉ. हरजीत डुमरा, डॉ. मुकेश पटेल, डॉ. प्रदीप डाभी, डॉ. मानसी दंडनायक, डॉ. विनीत पटेल की टीम ने लगातार 12 घंटे तक यह जटिल ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि लंग ट्रांसप्लांट सर्जरी रोगग्रस्त फेफड़े को हटाने और इसे स्वस्थ फेफड़े से बदलने के लिए की जाती है।

# मानसून सत्र चलेगा नये संसद भवन में



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

यदि नए संसद भवन में वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम 11 जुलाई तक चालू हो गया , अंदर का बाकी काम भी पूरा हो गया , तो मानसून सत्र जुलाई के अंतिम सप्ताह या अगस्त से नये संसद भवन में होगा। मालूम हो कि लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नए संसद भवन में वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम लगाने के लिए 27 मार्च को टेंडर जारी हुआ है। कंपनियों को टेंडर डालने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिस कंपनी को काम मिलेगा उसको तीन माह में काम पूरा करना होगा। ऐसे में यदि किसी कंपनी को 11या 12 अप्रैल को काम मिला तो उसको 12जुलाई तक काम पूरा कर देना होगा। वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम चालू कर देना होगा। यह हो गया और अंदर के अन्य काम भी पूरा हो गये तो नए संसद भवन में संसद का मानसून सत्र जुलाई के तीसरे सप्ताह या अगस्त में शुरू हो सकता है। क्योंकि बन रहे नये भवन में पीएम के मुआयना करने जाने के बाद से काम जल्दी पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में यदि जुलाई12 तक नया संसद भवन बन गया तो भी इसमें संसद सत्र तय समय से लगभग सात माह देर से शुरू होगा। क्योंकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संवाददाता सम्मेलन में कई बार कहा था कि 2022 का शीतकालीन सत्र (जो नवंबर-दिसंबर में होता है) नए संसद भवन में होगा। लेकिन नये संसद भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण शीतकालीन सत्र और उसके बाद 2023 का बजट सत्र भी पुराने संसद भवन में हुआ है। जहां तक मानसून सत्र का सवाल है यह जुलाई-अगस्त में होता है। उस समय तक नया संसद भवन बनकर तैयार हो गया तो मानसून सत्र उसमें चलेगा। नहीं पूरा हो पाया तो पुराने संसद भवन में चलेगा।





## मुंबई से शुरू हुआ अपकमिंग सीरीज 'सिटाडेल' का ग्लोबल टूर



**प्राइम** वीडियो की अपकमिंग ग्लोबल स्पाई सीरीज सिटाडेल की लीड जोड़ी ने एपिक एशिया पैसिफिक प्रीमियर के लिए मुंबई तक का सफ? तय किया है। इस ग्रैंड इवनिंग से पहले सीरीज के लीड एक्टर्स रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एक मजेदार बातचीत के दौरान खुलासा किया कि इस जबरदस्त स्पाई फ्रैंचाइजी को बनाने के पीछे की वजह क्या थी। अमेजन स्टूडियोज और रुसो ब्रदर्स के एजीबीओ द्वारा निर्मित और शोरनर और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर डेविड वील की सिटाडेल का प्रीमियर विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा, जिसमें दो एपिसोड 28 अप्रैल को जारी होंगे, और एक एपिसोड 26 मई से वीकली शुरू होगा।

## फिल्म 'कलयुग के राम' का फर्स्ट लुक रिलीज




**महावीर** जयंती के अवसर पर देसी लोटा इंटरटेनमेंट और आरवीएस फिल्म के बैनर तले बनी अभिनेत्री श्यामली श्रीवास्तव की भोजपुरी फिल्म 'कलयुग के राम' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया। कहानी प्रधान भोजपुरी फिल्मों की शृंखला में 'कलयुग के राम' एक ऐसी फिल्म है जो सभी दर्शकों को बहुत पसंद आएगी। फिल्म के गाने एक से बढ़ कर एक हैं जिसका सगीत साजन मिश्रा ने तैयार किया है। फिल्म के निर्देशन सुजीत वर्मा हैं, जो भोजपुरी फिल्म जगत में कई सारी हिट फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म की अभिनेत्री श्यामली श्रीवास्तव ने बताया कि देसी लोटा इंटरटेनमेंट फिल्म के निर्माण के क्षेत्र में काफी तेजी से काम कर रहा है। भोजपुरी फिल्म 'कलयुग के राम' इस प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म है। इसके साथ ही इस साल इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले लगभग आधा दर्जन भोजपुरी फिल्में बन रही हैं और सभी फिल्मों की कहानी अपने आप में अलग और अनोखी है। महावीर जयंती के शुभ अवसर पर सोशल मीडिया में आज फर्स्ट लुक आउट किया गया है जिस को दर्शक बहुत पसंद कर रहे है। फिल्म 'कलयुग के राम' बिहार के छपरा और सिवान जिले में शूट की गई है।

## अभिनेत्री सिमरन कौर ने शेयर किया पटाया में 'शर्मिंदा' की शूटिंग का अनुभव



'**अगर** तुम ना होते' की अभिनेत्री सिमरन कौर ने अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो 'शर्मिंदा' के लिए थाईलैंड के पटाया में शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने कहा, 'शर्मिंदा' दिल टूटने के बारे में संगीत वीडियो है। लड़का लड़की को धोखा देता है और बाद में लड़की उससे भिड़ जाती है। यह बहुत ही दिल को छू लेने वाला गाना है। हम इस गाने की शूटिंग के लिए थाईलैंड गए और पटाया के खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया।

## 'किसी का भाई किसी की जान' का मोस्ट अवेटेड गाना 'येंतम्मा' हुआ रिलीज



**सलमान** खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किसी का भाई किसी की जान के चार्टबस्टर गानों ने दर्शकों को जी भर कर एंटरटेन किया है। ऐसे में अब जब फिल्म अपनी रिलीज के करीब बढ़ रही है, तो सुपरस्टार लगातार अलग-अलग फ्लेवर के साथ पेश किए गए गानों के जरिए दर्शकों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। इसकी शुरूआत सुपरस्टार ने अपने रोमांटिक सॉन्ग 'नैयो लगदा' के साथ की और उसके बाद एक पंजाबी डांस नंबर बिल्ली बिल्ली जारी किया। इसके बाद फिर फॉलिंग इन लव आया और हाल में फिल्म का बठुकम्मा पेश किया गया, जिसमें एक कल्चरल सॉंग की झलक दिखाई दी। अब बारी फिल्म के एक और धमाकेदार गाने 'येंतम्मा' की है, जो दर्शकों के लिए किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं होने वाला है।

स्वाति-दया के रिश्ते का द इंड | कोर्ट ने तलाक पर लगाई मुहर

# अलग हुए स्वाति व दयाशंकर सिंह

### छुप-छुप कर मिलने से मार-पीट का आरोप लगाने तक का 22 साल का सफर हुआ खत्म



**एजेंसी। लखनऊ**

कई सालों से अपने पति मंत्री दयाशंकर सिंह से अलग रह रहीं पूर्व मंत्री स्वाति सिंह को आखिरकार तलाक मिल गया है। इस सम्बंध में कोर्ट की मुहर भी लग गई है। फैमिली कोर्ट लखनऊ के अपर प्रधान न्यायाधीश देवेन्द्र नाथ सिंह ने 28 मार्च को दोनों के विवाह को खत्म मानते हुए फैसला सुना दिया है और इसके बाद से हमेशा के लिए दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। इस तरह से दोनों के बीच जो 22 साल का पुराना प्रेम सम्बंध था, वह भी खत्म हो गया है। प्रेमी जोड़े के वैवाहिक जीवन के इस दुखद अंत के बाद दोनों की साथ की कई पुरानी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें दोनों एक-दूसरे के साथ दिखाई दे रहे हैं। 18 मई 2001 को दोनों की शादी हुई थी।

गौरतलब है कि स्वाति सिंह ने बीते वर्ष 30 सितंबर को पारिवारिक न्यायालय में वाद दाखिल किया था, जिसमें साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहा गया था कि बीते चार वर्षों से वह अपने पति से अलग रह रही हैं। दोनों के बीच कोई वैवाहिक रिश्ता नहीं है। प्रतिवादी के अदालत में उपस्थित न होने पर कोर्ट ने वाद की कार्यवाही को एक पक्षीय रूप से सुना, इसमें वादिनी के साक्ष्यों से सहमत होने के बाद तलाक को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

सूत्रों की मानें तो स्वाति सिंह ने इससे पहले साल 2012 में भी तलाक के लिए अर्जी दाखिल की थी, लेकिन ये अर्जी उनकी गैरहाजिरी के कारण अदालत ने खारिज कर दी थी। इस पूरे मामले को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता पदमकीर्ति ने मीडिया को जानकारी दी कि स्वाति सिंह ने मार्च 2022 में अदालत में अर्जी देकर केस दोबारा शुरू करने की अपील की थी, हालांकि उस अर्जी को भी वापस लेते हुए नई याचिका दायर की गई थी।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए चयन 18 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मंगलवार को वाईबीएन विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रैपलिंग चैंपियनशिप 2023 के लिए चयन ट्रायल हुआ। यह चयन ट्रायल दोनों पुरुष एवं महिलाओं का हुआ। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष एवं महिला ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन मध्यांचल प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी में 14 से 18 अप्रैल को होनी है। इस प्रतियोगिता में वाईबीएन विश्वविद्यालय राजाउलातु भी भाग लेने जा रहा है इसी के मद्देनजर दो दिवसीय यानि 3 और 4 अप्रैल को विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रैपलिंग चैंपियनशिप 2023 में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाडियों के बालक वर्ग से 50 किलो-अभिषेक कुमार, मनीष, 54 किलो-रुपेश,रितेश महतो, 62किलो- अनुज खलखो, मयंक कुमार 66 किलो-विवेक, रोहित चंद्र महतो, 71 किलो- आदित्य कुमार साहु, 84 किलो- करन कुमार यादव, 92 किलो - शिवम सिंह एवं बालिका वर्ग 45 किलो -सबिता कुमारी, लीलावती कुमारी, 53 किलो - निकिता कुमारी, 64 किलो कलावती कुमारी, 71 किलो रीता सुरीन है। आज के इस प्रतियोगिता समापन समारोह में विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव , मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए एवं अतिथि के रूप में वार्डबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, एच आर निदेशक अरविन्द कुमार, डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ. एस के सिंह, झारखंड ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, खेल प्रशासक परमेश्वर महतो, स्पोर्ट्स ट्रेनर प्रेमि टोपनो आदि गण्यमान व्यक्ति उपस्थित थे।

# भारत में झारखंड जस्टिस डिलीवरी सातवें नंबर पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत में जस्टिस डिलीवरी में झारखंड सातवें नंबर पर है। न्याय प्रदान करने के बारे में देश में राज्यों की एकमात्र रैंकिंग इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार एक करोड़ से अधिक की आबादी वाले 18 बड़े और मध्यम आकार के राज्यों में कर्नाटक को शीर्ष पर रखा गया है। जबकि झारखंड सातवें नंबर पर है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य कानूनी सहायता के लिए बजट आवंटन बढ़ा रहे हैं। 2021-22 तक, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने उनके कानूनी सहायता बजट के 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। राष्ट्रीय स्तर पर अधीनस्थ न्यायपालिका में महिलाओं की हिस्सेदारी, 33% के पार पहुंची। राष्ट्रीय स्तर पर, प्रति व्यक्ति पुलिस पर 912 रुपये (वित्तीय वर्ष 17-18) से 1151 रुपये (वित्तीय वर्ष 20-21) तक खर्च हुए।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के साथ जेलों की हिस्सेदारी 60% से बढ़कर 84% हो गई। लेकिन, राष्ट्रीय स्तर पर, कुछ खामियां बनी हुई हैं। रिपोर्ट में 25 राज्यों के मानवाधिकार आयोगों की क्षमता का अलग से आकलन किया गया है। आधिकारिक सरकारी स्त्रोतों से प्राप्त नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर यह न्याय वितरण के चार स्तंभों - पुलिस, न्यायपालिका, जेल और कानूनी सहायता के आंकड़ों को एक साथ प्रस्तुत किया है। रिपोर्ट में प्रत्येक स्तंभ का विश्लेषण बजट, मानव संसाधन, कार्यभार, विविधता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और रुझानों की राज्य के द्वारा घोषित मानकों और बेंचमार्क के साथ तुलना कर किया। इस रिपोर्ट में सेंटर फॉर सोशल जस्टिस, कॉमन कॉज, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव, दक्ष, टीआईएसएस-प्रयास, विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी और हाउ इंडिया लिव्ज, और आईजेआर के डेटा पार्टनर की भागीदारी होती है।

## अदालत की खबरें

### हाई कोर्ट ने विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका पर मांगा समय


**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित भोक्ता कंस्ट्रक्शन, चतरा के मालिक विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल निर्धारित की है। विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/ 2016 दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर एनआईए ने केस दर्ज किया था। इसी के आधार पर ईडी ने भी विनोद कुमार गंझू के खिलाफ मनी लांड्रिंग का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया है।

### कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश को वापस ले आरएमसी

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट में मंगलवार को रांची नगर निगम (आरएमसी) में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट में डायरेक्टरेट ऑफ म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन (डीएमए) की ओर से याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर जवाब दाखिल किया गया। कोर्ट ने डीएमए के जवाब पर असंतोष जताते हुए मौखिक कहा कि आपने इस बात का जवाब नहीं दिया है कि कंटेम्प्ट प्रोसीडिंग के बीच में नगर निगम कर्मचारी संघ के सिर्फ इन्हीं कर्मियों को नोटिस जारी किया, इनकी क्या गलती थी। डीएमए को अनुशंसा या प्रपोजल भेजने वाले नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त एवं अन्य उच्चाधिकारियों के खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय कार्रवाई का आदेश देने में पीक एंड चूज क्यों किया गया? अवमानना की प्रोसिडिंग के बीच इस तरह का एक्शन क्यों लिया? खंडपीठ ने डीएमए को कड़ी फटकार लगाते हुए कि कहा कि निगम कर्मचारी संघ के कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश को वापस ले अन्यथा कोर्ट जब इस मामले में आदेश देगा तो कड़ा आदेश दे सकता है। कोर्ट ने मामले में डीएमए डीएमए को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 अप्रैल निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से आईए दायर कर रांची नगर निगम कर्मचारी संघ के दो कर्मियों को डायरेक्टरेट ऑफ म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन (डीएमए) के द्वारा शोकाज नोटिस जारी करने एवं उनपर विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश पर सवाल उठाया गया है।

# आवंटन में नहीं चलेगी मनमानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची। मानगो चैक के विस्थापित दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक सरयू राय से मिला। उन्होंने बताया कि मानगो नगर निगम के द्वारा दुकान आमंटन में मनमानी की जा रही है, मंत्री के चहेतों की सूची मानगो नगर निगम बना रहा है। विधायक सरयू राय ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनकी लड़ाई लडेंगे। दुकान आवंटन में मंत्री की मनमानी वे किसी भी हाल में नहीं चलने देंगे। श्री राय ने कहा पथ विक्रेता अधिनियम, 2014 के प्रावधान का उल्लंघन प्रशासन करेगा तो मामला सरकार और न्यायालय तक जाएगा। विधायक श्री राय ने कहा कि बाजार तोड़ने के मामले में भी अधिनियम का उल्लंघन प्रशासन ने किया है। दुकानदारों को बसाने के मामले में नियम का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा।श्री राय ने निगम के कार्यपालक पदाधिकारी से भी बात किया और उन्हें दबाव में आकर गलत नहीं करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मन्नान गली में चहेते दुकानदारों को बसाने का निर्णय सही नहीं होगा। पहले तो यह पता नहीं है कि वह जमीन सरकारी है या किसी और विभाग की है। जमीन का मालिक नगर निगम है या नही। इसके अलावा बाजार जहाँ बनेगा वहाँ पानी, बिजली, शौचालय, पार्किंग की व्यवस्था पहले करनी होगी जो मन्नान गली में संभव नहीं है। विधायक सरयू राय ने दुकानदार संघ के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि वे मानगो में बाजार लायक भूमि तलाशें। कतिपय स्थानों का सुझाव आया जो निम्नवत हैः मानगो बाजार में कृषि बाजार समिति की जमीन, कुंवर बस्ती में पेयजल स्वच्छता विभाग की जमीन, , उलीडीह में स्वर्णरेखा परियोजना की जमीन, वन विभाग की जमीन, 5। एनएच पर स्वर्णरेखा परियोजना और बस पड़ाव के लिये चिन्हित जमीन का हिस्सा, शंकोसाई में सरकारी जमीन, बालीगुमा में जमीन,मेडिकल कॉलेज के पास आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मानगो में कई व्यवस्थित बाजार अलग अलग क्षेत्रों में बनाए जा सकते हैं। वे इसके लिए नगर विकास विभाग से वार्ता करेंगे। विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को पथ विक्रेता अधिनियम, 2014 के मुताबिक शीघ्र वेंडर कमिटी की मीटिंग बुलाने का सुझाव दिया ताकि विधिवत दूकान आवंटन हो सके। श्री राय ने कहा कि जिनके पास मानगो डिवाइडर पर दुकान लगाने का निगम द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र और वेंडर कार्ड है उन्हें ही प्राथमिकता के आधार पर दुकानें देना चाहिए। दुकान आवंटन में मंत्री और उनके गुर्गों की अनियमितता नहीं चलेगी। ऐसा नहीं हुआ तो मामला सरकार और न्यायपालिका तक जाएगा।

# भाजपा ने झलकारी बाई की पुण्यतिथि मनाई

**रांची।** महान वीरांगना झलकारी बाई जी की पुण्यतिथि एवं बाबा चौहर मल जी की जयंती भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। मौके पर कार्यकर्ताओं संग भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए आपने जो बलिदान दिया, वह सदैव नारी शक्ति का प्रतीक और देश के लिए गौरव का विषय रहेगा। उन्होने कहा कि कुछ राजनीतिक कारणों से हमारे देश के गुमनाम महापुरुषों को उचित मान सम्मान नहीं दिया गया। आज देश के अमृत काल मे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अपने देश के सभी महापुरुषों को याद किया।

### चिकित्सकों को मुख्यमंत्री सौंपेगे नियुक्ति पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच अप्रैल को रिम्स सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 172 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। सरकार के अपर सचिव जय किशोर प्रसाद ने नियुक्त सभी चिकित्सकों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड/वैध पहचान पत्र/परीक्षाप्रवेश पत्र की छायाप्रति के साथ दिन के 10.30 बजे उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने नियुक्ति की तैयारी पूरी कर ली है। चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी और सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से हुई है।

# काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के उपाध्यक्ष बने गजानंद

**रांची।** भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के विभिन्न पदों पर हुए चुनाव में झारखंड सरकार के प्रतिनिधि और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड टाउन प्लानिंग) गजानंद राम ने जीत दर्ज की है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सोमचवार को आयोजित इस चुनाव में विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार से कुल 52 प्रतिनिधि सदस्य हैं जिसमें 47 सदस्यों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। उपाध्यक्ष पद पर हुए मतदान में सीधी टक्कर में गजानंद राम को कुल 31 मत प्राप्त हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 15 मतों से शिकस्त दी। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद पर हुए मतदान में चतुष्कोणीय मुकाबला में महज एक वोट से चुनाव जीतकर नागपुर के अभय पुरोहित नवनियुक्त अध्यक्ष चुने गए हैं।

# साक्ष्य नहीं मिलने पर होटल संचालक हुआ बरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




साल 2018 में रांची की तत्कालीन एसडीओ अंजली यादव ने ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित होटल नीलकमल में छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ओरमांझी थाना में कांड संख्या 69/2018 दर्ज की गई। होटल संचालक बबलू साहू और राजदीप साहू के खिलाफ अवैध शराब बिक्री, सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। रांची पुलिस ने इस मामले की जांच की और साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किया। घटना के करीब 5 वर्ष बाद रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए होटल संचालक पर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए उसे बरी कर दिया है। आरोपी बबलू साहू के अधिवक्ता अनंत कुमार विज के मुताबिक, पुलिस ने इस केस में दो गवाह कोर्ट में पेश किये थे, लेकिन वो दोनों गवाह यह साबित नहीं कर पाए कि बबलू साहू और राजदीप साहू अवैध ढंग से शराब की बिक्री कर रहे थे। इतना ही नहीं पुलिस यह भी साबित नहीं कर पायी कि छापेमारी में मिली शराब नकली थी और छापेमारी के दौरान आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा डाला। पुलिस जांच की संजीदगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, कि जिस कअर रैंक की अधिकारी (एसडीओ) ने छापेमारी की थी, उसे भी मामले में गवाह नहीं बनाया गया। छापेमारी के बाद होटल को सील कर दिया गया था। जिसे कोर्ट के आदेश के बाद खोलने की इजाजत मिली थी।

### क्सॉन मोबिल भारत में खोलेगा अपना प्लांट

**रांची।** भारत में ल्यूब्रीकेंट की बढ़ती मांग को एक्सॉन मोबिल देश में ल्यूब्रीकेंट प्लांट का निर्माण करने जा रहा है। एक्सॉन मोबिल रायगढ़, महाराष्ट्र में ल्यूब्रीकेंट प्लांट के निर्माण हेतु लगभग 900 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। इस नये प्लांट से प्रति वर्ष 159,000 किलोलीटर तैयार ल्यूब्रीकेंट का उत्पादन होने की उम्मीद है। जिससे औद्योगिक क्षेत्रों जैसेनिर्माण, इस्पात, बिजली, खनन,यात्रा एवंवाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा किया जाएगा।यह प्लांट वर्ष 2025 के अंत में शुरू होने की उम्मीद है। ₹मेक इन इंडिया₹ पहल को पर्याप्त बढ़ावा देने हेतु,स्थानीय स्तर पर यह प्लांट मूल स्टॉक, एडिटिव्स और सभी पैकिंग का एक प्रमुख स्रोत होगा। इसके निर्माण चरण के दौरानलगभग 1,200 पद सृजित होने का अनुमान है। एक्सॉन मोबिल के सीइओ विपिन राणा ने कहा कि यह निर्माण स्थानीय स्तर पर हमारी आपूर्ति श्रृंखला को आसान बनाएगा, जिससे हम अपने भारतीय ग्राहकों और उपभोक्ताओं की जरूरतों को अधिक सरलता के साथ पूरा कर सकेंगे।

# रलवे ने वित्तीय वर्ष में 202.62 मिलियन टन माल ढुलाई की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रेलवे की कुल कमाई में बड़ा हिस्सा माल ढुलाई से आता है। माल ढुलाई में दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 202।62 मिलियन टन की माल ढुलाई की है। यह दक्षिण पूर्व रेलवे जोन का अब तक का सर्वाधिक माल लोड किया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल माल ढुलाई में 3।9 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने मंत्रालय द्वारा दिये गये लक्ष्य को वित्तीय वर्ष में पार कर लिया है। इस दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे ने माल ढुलाई से सबसे अधिक राजस्व 16,350।56 करोड़ अर्जित की है। जो पिछले साल की तुलना में 11।46% अधिक है। इस प्रारंभिक वर्ष में माल ढुलाई से 18,225।47 करोड़ रुपये अर्जित किया गया है। वित्तीय वर्ष के दौरान 51।86 मिलियन टन कोयले लोड किया गया। जो पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक है। इस्पात संयंत्रों की माल ढुलाई में 7%, सीमेंट में 17%, उर्वरक में 3% और पेट्रोलियम उत्पादों में 5% की वृद्धि हुई है। माल ढुलाई और राजस्व के अलावा दूसरे सेक्टर में भी दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। 2022-23 में दक्षिणी पूर्वी रेलवे ने 21,333 करोड़ की कमाई कर अब तक का सर्वाधिक सकल मूल राजस्व हासिल किया है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16% अधिक है। इस रेलवे जोन ने टिकट चेकिंग से 105।80 करोड़ की कमाई की। जो पिछले साल की तुलना में 148% अधिक है। इस वर्ष दक्षिण जोन ने 8।70 करोड़ का सर्वश्रेष्ठ गैर-किराया आय अर्जित किया। जो पिछले साल तुलना में 89% अधिक है। रेलवे रिकॉर्ड के अनुसार, दक्षिण पूर्व रेलवे ने 390।30 करोड़ स्क्रैप बिक्री की कमाई से हासिल की है।

# दीप्ति कुमारी ने फाइनल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




खेलो इंडिया के तहत हरियाणा के सोनीपत में 2 से 4 अप्रैल तक वूमेन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता का फाइनल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड की बेटी ने इतिहास रचा है। सीनियर रिकर्व डिवीजन में झारखंड की दीप्ति कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता है। दीप्ति कुमारी ने झारखंड की अंकिता भगत को मात देकर जीत हासिल की है। दीप्ति कुमारी को साई की ओर से 5 लाख रुपये का प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस जीत के बाद उनके कोच रोहित कोइरी, एकेडमी की अध्यक्ष नेहा महतो, आर्चरी कोच प्रकाश राम समेत खेल पदाधिकारियों ने बधाई दी है। बता दें खेलो इंडिया वूमेन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट के लिए झारखंड के सिल्ली से कुल 8 तीरंदाज क्वालीफाई हुए थे। क्वालिफिकेशन लिस्ट में सीनियर कंपाउंड डिवीजन में मधुमिता कुमारी और अनिता कुमारी का नाम शामिल था। वहीं जूनियर कंपाउंड डिवीजन में बबीता कुमारी, सीनियर डिवीजन में दीप्ति कुमारी और जूनियर रिकर्व डिवीजन में भावना कुमारी, कोमोलिका बारी, अंकिता भगत, रीता सवैया ने क्वालीफाई किया था। बता दें कि कुल आठ तीरंदाजों में पांचों सिल्ली आर्चरी सेंटर की प्रशिक्षु हैं।

**बदलाव** — वैवाहिक समारोहों में बढ़ रही भीड़

# बदल रहे हैं विवाह के तौर-तरीके

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आजकल के शादी विवाह में भीड़ बढ़ी है लेकिन अपनत्व घटा है। लोग एक-दो घंटे के लिए विवाह समारोह में उपस्थिति दर्ज कराकर लौट जाते हैं। अब न तो विवाह के अनुष्ठान पूरे किये जाते हैं और न धर्मशास्त्रों के अनुसार शादियां होती हैं। खूंटी कर्रा रोड की रहने वाली धर्म परायण महिला 96 वर्षीय सावित्री देवी बताती हैं कि आजकल की शादियों में संस्कार कम दिखावा अधिक किया जाता है। पहले न जयमाला या वरमाला का प्रचलन था और न ही फुहड़ नृत्य का। अब अधिकतर लोग बेटे-बेटियों की शादी अपने घरों से नहीं, बल्कि मंदिर, होटल या मैरिज हॉल में करते हैं। हित-कुटुंब भी घर न आकर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति दर्ज कराकर लौट जाते हैं। तोरपा प्रखंड के डिगरी गांव के रहने वाले 79 वर्षीय प्रयाग भगत बताते हैं कि पहले लोगों में अपनत्व था लेकिन अब किसी के यहां जाना महज औपचारिकता भर रह गई है। पहले सभी बाराती और सरातियों के लिए गांव-घर की महिलाएं ही सारा भोजन तैयार करती थीं। लोग घर के आंगन में पत्तल पर बैठकर और पत्तल-दोना में ही भोजन करते थे। चाय-पानी के लिए कुम्हार के बनाए गए गिलास का उपयोग होता था। तोरपा के रहने वाले समाजसेवी कृष्णा भगत कहते हैं कि आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी संस्कृति और संस्कार सबकुछ भूलते जा रहे हैं। पहले शादी विवाह में लोगों का परिचय कराया जाता था। बारातियों को दोपहर का भोजन कराने के बाद ही कन्या की विदाई होती थी। इसे मरजाद कहा जीता था। शादी-विवाह में नाई का काम करने वाले बसंत ठाकुर कहते हैं कि पहले शादी में कम से कम पांच दिन लगते थे। कहीं-कहीं तीन दिनों का अनुष्ठान होता था लेकिन अब ये सभी रस्में दो-तीन घंटे में निपटा दिये जाते हैं। एनएचपीसी कॉलौनी तोरपा में रहने वाली आरती देवी कहती हैं कि पहले शादी के समय बर्तन हो या अनाज सभी की पूर्ति गांव से ही होती थी। ऐसा था गांव के लोगों के बीच संबंध लेकिन अब सब कुछ बदल गया है। मूलरूप से बिहार के गोपालगंज जिले के माझागढ़ की रहने वाली हिलासी देवी व्यंग्यात्मक लहजे में कहती हैं कि पहले के शादी-विवाह में घर के महिलाएं खाना बनाती थीं और नाचने वाले बाहर से आते थे लेकिन अब घर की महिलाएं बारात में नाचती हैं और बाहर के लोग खाना बनाने के लिए आते हैं।

# अपराध गिरोह पर नकेल कसने को लेकर डीजीपी आज करेंगे समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह बुधवार को समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में सीआईडी डीजी सभी रेंज के डीआईजी और एटीएस एसपी और सभी जिले के एसएसपी, एसपी शामिल होंगे। डीजीपी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 17 मार्च को हुई बैठक में दिये गये दिशा निर्देश के अनुरूप अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन के साथ सभी पदाधिकारी समीक्षा बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। डीजीपी अजय सिंह ने पिछले बार हुई समीक्षा बैठक में सभी जिलों में सक्रिय संगठित अपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधियों को लेकर चर्चा की थी। बैठक में बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए योजना बनायी थी। सभी पुलिस अधीक्षकों को जिम्मा दे दिया गया है कि अगर जेल में बंद अपराधी रंगदारी मांग रहे हैं, तो उन पर सीसीए के तहत कार्रवाई की जाये। वहीं जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों पर लगाम कसा जा सके, इसके लिए जिलाबदर की कार्रवाई और जिलों के एसपी को अपराधिक मामलों में संलिप्तता पाये जाने पर उनकी जमानत रद्द करने का निर्देश दिया गया था। फिलहाल झारखंड में 12 से अधिक संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिसमें डॉन अखिलेश सिंह, डब्लू सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन सिंह, अमन साहू, सुशील श्रीवास्तव, भोला पांडे और अनिल शर्मा जैसे कुख्यात गैंग शामिल हैं। इनमें से कई गैंग के प्रमुख जेल में बंद हैं। वर्तमान में अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अनिल शर्मा, अमन सिंह और अमन साव जेल में बंद हैं। जबकि भोला पांडे और सुशील श्रीवास्तव की हत्या वर्षों पहले हो चुकी है।

## पृष्ठ एक के शेष

**ग्रिन कार्डधारकों को...**

ने कहा कि पैकेट बनाने का मुख्य उद्देश्य राशन की कालाबाजारी रोकना है। अक्सर सूचना मिलती थी कि डीलर राशन की कालाबाजारी कर रहे हैं। कार्ड धारकों को कम राशन दिया जाता है। बंद पैकेट होने से डीलर राशन की कालाबाजारी नहीं कर पाएंगे। कार्ड में जितने सदस्यों का नाम होगा, उसे उतना पैकेट मिलेगा। पलामू की जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने कहा कि अभी भी लाभुकों का ग्रीन कार्ड बन रहा है। फिलहाल, कार्डधारकों को सितंबर से दिसंबर तक चार महीने का चावल एकमुश्त दिया जाएगा। पुनः आवंटन मिलने के बाद जनवरी से अप्रैल का चावल दिया जाएगा। पलामू प्रमंडल के तीन जिलों के 56,225 ग्रीन कार्ड धारक परिवार के 1.71 लाख सदस्यों को एकमुश्त खाद्यान्न मिलेगा।

**भारी मात्रा में नक्सल...**

के खिलाफ सर्च अभियान चल रहा है। पुलिस ने मौके से गोली समेत कई सामग्रियों को जब्त किया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस की तरफ से 9 राउंड जबकि नक्सलियों के तरफ 25 से 30 राउंड फायरिंग हुई है। पलामू पुलिस पिछले एक महीने से टीएसपीसी के टॉप कमांडर शशिकांत और रंजन के खिलाफ अभियान चला रही है। अभियान के क्रम में टीएसपीसी के अब तक आधा दर्जन से अधिक नक्सली गिरफ्तार हो चुके हैं । जबकि भारी मात्रा में नक्सल सामग्री भी बरामद हुआ है। झारखंड की सरकार ने शशिकांत पर 10 लाख रुपय का इनाम घोषित कर रखा है। शशिकांत मनातू थाना क्षेत्र के डुमरी का रहने वाला है। नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल हैं।


NEWS इन ब्रीफ

## आईपीएल 2023 में आकाश चोपड़ा कोरोना पॉजिटिव पाए गए



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 में कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा इस लीग के पहले सप्ताह के दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। 45 वर्षीय चोपड़ा ने ट्विटर पर अपने स्वास्थ्य की जानकारी का अपडेट दिया और कहा कि उन्हें हल्के लक्षण हैं और वह कुछ दिनों के लिए कमेंट्री से अलग रहेंगे। चोपड़ा ने मंगलवार को ट्वीट किया, कोरोना ने काट एंड बोल्ड किया। सी वायरस ने फिर संक्रमित किया। हल्के लक्षण हैं। सभी कुछ नियंत्रण में है। उन्होंने साथ ही कहा, कुछ दिन के लिए कमेंट्री ड्यूटी से अलग रहूंगा लेकिन मजबूती से वापसी करूंगा टाटा आईपीएल।

## सीरी ए क्लब बायर लेवरकुसेन से जुड़े ब्राजीली डिफेंडर आर्थर



**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर आर्थर अमेरिका माइनिरो से बायर लेवरकुसेन में शामिल हो गए हैं, दोनों क्लबों ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। अमेरिका माइनिरो के एक बयान के अनुसार, जून में होने वाले अंडर-20 विश्व कप के बाद तक 20 वर्षीय डिफेंडर आर्थर सीरी ए क्लब बायर लेवरकुसेनमें रहेंगे। क्लब ने वित्तीय विवरण प्रदान किए बिना स्थानांतरण को क्लब के इतिहास का सबसे बड़ा डील₹ बताया। स्थानीय मीडिया ने कहा कि बुंडेसलिगा क्लब आर्थर के लिए लगभग सात मिलियन यूरो का भुगतान करने पर सहमत हो गया है।

## चीन की लेई टिंगजी बनी फीडे महिला कैंडिडेट शतरंज विजेता



**चोंगकिंग।** अगली विश्व महिला विश्व शतरंज चैम्पियन भी चीन से होगी यह बात तो पहले ही तय हो गयी थी पर अब विश्व चैंपियनशिप किन दो खिलाड़ियों के बीच होगी यह भी तय हो गया है। मौजूदा विश्व महिला शतरंज चैम्पियन चीन की जू वेंजून को अब चीन की लेई टिंगजी चुनौती देंगी। लेई नें फीडे महिला कैंडिडेट के फाइनल में हमवतन तान ज्होंगाई को 3.5-1.5 से पराजित करते हुए विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

# पाक के खिलाफ शृंखला के लिए न्यूजीलैंड की वनडे टीम घोषित

### टॉम लैथम को मिली कमान

**एजेंसी। वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी आगामी श्रृंखला के लिए एकदिवसीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड की टीम अपने कई बड़े खिलाड़ियों के बिना मैदान में उतरेगी। ब्लैककैप कप्तान केन विलियमसन (जिनके घुटने में चोट लग गई थी), टिम साउदी, लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर और फिन एलन वर्तमान में आईपीएल में खेल रहे हैं, जिसके कारण वह टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

अपने स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में टॉम लैथम कप्तान की भूमिका निभाएंगे। वह डेरिल मिशेल, मैट हेनरी, जेम्स नीशम, हेनरी निकोल्स और ईश सोढ़ी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाओं पर निर्भर रहेंगे।

न्यूजीलैंड ने बेन लिस्टर और कोल मैककोन्ची के रूप में दो संभावित नवोदित खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है।



**न्यूजीलैंड की वनडे टीम इस प्रकार है:-**

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, चाड बोवेस, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, कोल मैककोन्ची, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर, विल यंग।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले सीजन में सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में कई रोमांचक मैचों का आनंद लिया है। वे एक कठिन टीम हैं, चाहे आप उन्हें कहीं भी ले जाएं।

स्टीड ने आगे कहा, इस साल की शुरूआत में पाकिस्तान में सफल वनडे सीरीज ने खिलाड़ियों को सीखने के बड़े अवसर प्रदान किए और विश्व कप के साल में अधिक वनडे मैच का अनुभव शानदार है। पांच मैचों की वनडे सीरीज 26 अप्रैल से रावलपिंडी में शुरू होगी और सात मई को कराची में खत्म होगी। इससे पहले 14 से 24 अप्रैल के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

# फीफा ने पेरू से अंडर 17 विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीने



**एजेंसी। जेनेवा (स्विट्जरलैंड)**

विश्व फुटबॉल की नियंत्रण संस्था 'फीफा' ने पेरू से 2023 अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छीन लिए हैं क्योंकि पेरू टूर्नामेंट के लिए वांछित आधारभूत ढांचा पूरा करने में विफल रहा। फीफा ने यह फैसला लेने से पहले पेरू फुटबॉल महासंघ से व्यापक बातचीत की है। फीफा टूर्नामेंट का आयोजन 10 नवम्बर से दो दिसंबर 2023 तक करेगा। फीफा ने कहा, फीफा का ब्यूरो परिषद निर्धारित अवधि में नए मेजबान की घोषणा करेगा। फीफा ने कहा कि पेरू के पास निवेश लाने और आवश्यक कार्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।"

### आईपीएल 2023 का आज सातवां मुकाबला


# दिल्ली ने गुजरात को 163 का दिया टारगेट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 7वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को 163 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने 5 ओवर में दो विकेट पर 49 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और कप्तान हार्दिक पंड्या क्रीज पर हैं। शुभमन गिल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एनरिक नॉर्त्या ने बोल्ड कर दिया। यह नॉर्त्या का दूसरा विकेट है। उन्होंने रिद्धिमान साहा (14 रन) को भी बोल्ड किया। अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली ने टॉस हारकर पहले खेलते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए। डेविड वॉर्नर ने 37 रन की पारी खेली। सरफराज खान ने 30 रन जोड़े। अक्षर पटेल ने स्लॉग ओवर्स में बड़े शॉट खेलकर स्कोर 150 पार पहुंचाया। उन्होंने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए। गुजरात के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और राशिद खान ने 3-3 विकेट लिए, जबकि अल्जारी जोसेफ को 2 विकेट मिले। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस को मोहम्मद शमी ने अच्छी शुरूआत दिलाई। उन्होंने पृथ्वी शॉ को कैच आउट कराने के बाद मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया। शुरूआती झटकों के बाद डेविड वॉर्नर ने पारी संभाली और टीम का स्कोर 50 के पार ले गए। दोनों ही टीमें दो-दो बदलाव के साथ उतरी हैं।

# नो बॉल और वाइड पर धोनी की गेंदबाजों को चेतावनी



**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने गेंदबाजों के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर वे वाइड और नो बॉल पर काबू नहीं करेंगे तो उन्हें नये कप्तान के तहत खेलना होगा।

गौरतलब है कि चेन्नई ने सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स पर 12 रन की जीत दर्ज की, हालांकि उसके गेंदबाजों ने आश्चर्यजनक अनुशासनहीनता का प्रदर्शन किया। चेन्नई के गेंदबाजों ने मैच के दौरान 13 वाइड और तीन नो बॉल फेंकी, जिससे कप्तान धोनी नाखुश नजर आये।

धोनी ने मैच के बाद कहा, गेंदबाजों को नो बॉल बिल्कुल खत्म करनी होंगी, और वाइड पर काबू पाना होगा। हम अत्यधिक अतिरिक्त गेंदें डाल रहे हैं। हमें इन्हें कम करने की जरूरत है वरना वे (गेंदबाज) किसी नये कप्तान के तहत खेलेंगे।

धोनी ने आईपीएल के इस सीजन में दूसरी बार अतिरिक्त रनों को लेकर चिंता जताई है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेले गये चेन्नई के पहले मैच में भी गेंदबाजों ने अनुशासनहीनता दिखाई थी, जिस पर धोनी नाराज थे। गुजरात के खिलाफ चेन्नई को पांच विकेट की हार मिली थी, हालांकि चेपौक के मैदान पर धोनी की टीम ने जीत का स्वाद चखा।

धोनी ने टूर्नामेंट की पहली जीत पर कहा, यह एक शानदार मैच था। हम सब सोच रहे थे कि विकेट कैसा होगा। हमें इसको लेकर कोई जानकारी नहीं थी लेकिन यहां बड़ा स्कोर बन सका। कुल मिलाकर यह एक बेहतरीन मैच था। करीब पांच या छह साल बाद स्टेडियम खचाखच भरा था।

उन्होंने कहा, हमें अपनी तेज गेंदबाजी में सुधार करना होगा और परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करनी होगी। अगर पिच सपाट भी है तो बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिये मजबूर करना होगा। चेन्नई के दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक हैं। धोनी की टीम का अगला मैच शनिवार को मुंबई इंडियन्स से होगा।

# संजीता चानू को बड़ा झटका लगा 4 साल का प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने मंगलवार को भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर पिछले साल डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है।



दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन संजीता ने पिछले साल सितंबर- अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में प्रतियोगिता परीक्षण के दौरान एनाबॉलिक स्टेरॉयड - ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था - जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की निषिद्ध सूची में शामिल है।

यह संजीता के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि सकारात्मक परीक्षण के परिणामस्वरूप उनके द्वारा राष्ट्रीय खेलों में जीता गया रजत पदक छीन लिया जाएगा। संजीता ने ग्लासगो में 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में मीराबाई चानू से आगे 48 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, गोल्ड कोस्ट में 2018 संस्करण में, उन्होंने 53 किग्रा वर्ग में खिताब जीता था।

मणिपुरी के पास अभी भी निर्णय के विरुद्ध अपील करने का विकल्प है। हालांकि, यह निश्चित नहीं है कि वह ऐसा करना पसंद करेंगी या नहीं।

बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब 2011 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता संजीता डोप विवाद में उलझी हों। नवंबर 2017 में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबॉलिक स्टेरॉयड टेस्टोस्टेरोन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद उन्हें 2018 में अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# पंत की गैरमौजूदगी दूसरों के लिए मौका : गांगुली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी आसानी से टीमों में नहीं बदले जा सकते। मुंबई इंडियंस (एमआई), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसी टीमें हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में मैच विनर्स की सेवाएं मिस कर रही हैं। गांगुली ने स्वीकार किया कि पंत की अनुपस्थिति ने कैपिटल सेटअप में एक बड़ा छेद छोड़ दिया है, लेकिन यह भी कहा कि युवा खिलाड़ी की अनुपस्थिति अन्य बल्लेबाजों के लिए आगे बढ़ाने का एक मौका है। गांगुली ने कहा, 'जाहिर है, टीम को ऋषभ की कमी खलेगी, लेकिन यह दूसरों के लिए कदम बढ़ाने का एक अवसर है। हम सीजन के लिए उन्हें (ऋषभ) मिस करेंगे क्योंकि (जसप्रीत) बुमराह, ऋषभ और श्रेयस जैसे खिलाड़ी फ्रेंचाइजी



टूर्नामेंट में बदले नहीं जा सकते हैं और सर्वश्रेष्ठ सभी टीमों को वितरित किए जाते हैं।'

इस 50 वर्षीय गांगुली ने खेल में काफी सुधार दिखाने के लिए रुतुराज गायकवाड़ और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'मैं इसे किसी के बेहतर बनने के अवसर के रूप में देखता हूं क्योंकि एमएस धोनी के खेलना बंद करने के बाद से ऋषभ बेहतर हो गए हैं। इस तरह से खिलाड़ी तैयार किए जाते हैं। आप देखिए (शुभमन) गिल बेहतर हो रहे हैं, ऋतु (रुतुराज गायकवाड़) अच्छा खेल रहा हैं, इसलिए यह एक मौका है। ऋषभ की कमी खलेगी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण उनकी रिकवरी है।' गौर हो कि दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर हुई कार दुर्घटना में कई चोटों के बाद पंत आईपीएल 2023 का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लगातार कहा है कि फ्रेंचाइजी इस सीजन में कुछ और तरीकों से पंत को अपना हिस्सा बनाने की कोशिश करेगी।

## दिल्ली-गुजरात मैच देखने स्टेडियम आएंगे ऋषभ पंत : डीडीसीए निदेशक



**भारत** के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स का गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहला घरेलू आईपीएल मैच देखने अरुण जेटली स्टेडियम आएंगे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम शर्मा ने यह पुष्टि की है। वह आज स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि डीडीसीए ने विशेष प्रबंध किये हैं ताकि पंत आराम से स्टेडियम में मैच देख सकें। डीडीसीए निदेशक ने कहा, यदि गोल्फ कार्ट की जरूरत होगी तो हमारे पास वह है। हम उनके लिए रास्ता सहज बनाएंगे ताकि वह बिना किसी परेशानी के स्टेडियम पहुंच सकें क्योंकि डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली खुद चीजों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा है, मैं उनके लिए सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं चाहता हूं लोग उन्हें परेशान नहीं करें। उन्होंने कहा, सुरक्षा दोगुनी कर दी जायेगी ताकि कोई उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करे।

### वनडे विश्व कप 2023 | दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने बताया

# स्टार्क-जाम्पा विश्व कप के अहम किरदार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और लेग स्पिनर एडम जाम्पा आगामी 2023 वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगे और इस मेगा इवेंट के दौरान इन दोनों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। स्टार्क ने भारत में हाल ही में वनडे श्रृंखला के दौरान 8 विकेट लिए थे और पहले दो मैचों में सूर्यकुमार यादव को पहली गेंद पर आउट किया था।



पोंटिंग ने आईसीसी समीक्षा के नए एपिसोड में कहा, 'यह मिचेल स्टार्क का समग्र पैकेज है। वह 6.5 फुट का है, 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करता है, वह बाएं हाथ का है और वह नई गेंद को वापस स्विंग कराता है, जैसा कि सूर्यकुमार को पता चला। जब वह लय में होता है, तो वह अच्छा होता है। वह दुनिया में किसी के मुकाबले अच्छा है और लंबे समय से है।' उन्होंने कहा, 'कई अजीब कारणों से, लोग हमेशा से ही मिचेल स्टार्क के कुछ प्रदर्शनों के लिए पीछे बैठने और पॉटशॉट लेने के लिए तैयार रहे हैं। लेकिन अगर आप तथ्यों पर कड़ी नजर रखते हैं, विशेष रूप से सफेद गेंद वाले क्रिकेट में, उनकी संख्या है बिल्कुल उत्कृष्ट है।

एडम जम्पा भारत में तीन एकदिवसीय मैचों में गेंद के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए बेहतरीन रहे जिन्होंने चार विकेट लिए और केवल 4.88 रन प्रति ओवर दिए। लेग स्पिनर अब क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग में विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गया है जिसने 18 मैचों में 19.73 की औसत से 41 शिकार किए है। पोंटिंग ने कहा, 'मिचेल स्टार्क के साथ वह लंबे समय तक सभी सफेद गेंद क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाज रहे हैं। स्टार्क महान रहे हैं, लेकिन चार या पांच साल के से एडम जम्पा एक वास्तविक रहस्योद्घाटन कर रहे हैं।'

पोंटिंग ने कहा, 'वह ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ रहे हैं, जिसके कारण शायद उन्हें भारत के टेस्ट दौरे पर नहीं चुने जाने पर थोड़ा निराशा हुई। लेकिन वह एक उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता हैं। एक लेग स्पिनर के लिए बहुत ही लगातार प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बनने के लिए, यह बहुत दुर्लभ है कि टीमें उस पर हावी हो जाती हैं और उसे पकड़ लेती हैं। वह निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया के तुरुप के पत्तों में से एक होगा।'

